3 राजधानी
एलयू में प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई से

6 अभिमत
मोदी सरकार के लिए अवसर व चुनौतियां

11 विदेश
कम्युनिस्ट पार्टी से निकाले गए चीन के पूर्व रक्षा मंत्री

12 स्पोर्ट्स
तैराकी में अनन्या का गोल्डन डबल

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 245
लखनऊ, शुक्रवार, 28 जून, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जगत प्रकाश नड्डा बने राज्यसभा में सदन के नेता
राष्ट्रीय-10

# आपातकाल काला अध्यायः राष्ट्रपति मुर्मू

## ● कहा-सरकार पेपर लीक की हालिया घटनाओं की जांच करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित किया

**प्रवेश और** नौकरी से संबंधित परीक्षाओं के पेपर लीक की शृंखला की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार पेपर लीक की हालिया घटनाओं की जांच करने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि दोषियों को सजा मिले। 18वीं लोकसभा को पहली बार संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए एक माहौल बनाने के लिए काम कर रही है। जैसे ही उन्होंने शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, कुछ विपक्षी सदस्यों को नीट चिल्लाते हुए सुना गया। उन्होंने कहा, अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता, पारदर्शिता बहुत जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि पहले भी कुछ राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई थीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दलगत राजनीति से ऊपर उठने और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने भी पेपर लीक के खिलाफ एक मजबूत कानून बनाया है और सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है।

हाल के आम चुनावों के बारे में बोलते हुए मुर्मू ने कहा कि पूरी दुनिया भारत के लोकसभा चुनावों के बारे में बात कर रही है। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा, दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्पष्ट बहुमत के साथ एक स्थिर सरकार चुनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने के बाद लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में अपने पहले संबोधन में, मुर्मू ने चुनाव परिणाम को अपनी सरकार की नीतियों का समर्थन बताया, जबकि ईवीएम सहित चुनावी प्रक्रिया में लोगों के विश्वास को चोट पहुंचाने के प्रयासों को खारिज कर दिया। विपक्षी दलों पर स्पष्ट प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, यह उसी शाखा को काटने जैसा है जिस पर 'हम सभी बैठे हैं'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आपातकाल लगाए जाने की निंदा करने के एक दिन बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने भी अपने भाषण में 1975 में आपातकाल लगाए जाने को संविधान पर सीधे हमले का 'सबसे बड़ा और काला अध्याय' बताया और कहा। देश असंवैधानिक ताकतों पर विजयी हुआ।

हालाँकि, विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'सरकार द्वारा दी गई स्क्रिप्ट' के रूप में खारिज कर दिया, जो 'झूठ से भरा' था और 1975 के आपातकाल के बार-बार उल्लेख पर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश में 'अघोषित आपातकाल' है और मोदी सरकार के तहत संविधान पर हमला किया जा रहा है। विपक्ष द्वारा संविधान को लेकर एनडीए सरकार के 'इरादों' पर सवाल उठाए जाने और इसे लोकसभा चुनाव में चुनावी मुद्दा बनाए जाने पर मुर्मू ने संविधान में सरकार की अटूट आस्था और इसे 'सार्वजनिक चेतना' का हिस्सा बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। आपातकाल को संविधान पर 'सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय' बताया गया।

अपने 50 मिनट के संबोधन में, राष्ट्रपति ने विपक्षी दलों के छिटपुट विरोध के बीच, अर्थव्यवस्था, रक्षा और खेती से लेकर समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण तक कई क्षेत्रों में सरकार के उपायों पर प्रकाश डाला और अपने तीसरे कार्यकाल में अपनी प्राथमिकताएँ निर्धारित कीं। जब उन्होंने पेपर लीक और उत्तर पूर्व क्षेत्र से जुड़े मामलों जैसे मुद्दों का जिक्र किया। हालाँकि उन्होंने भाजपा के घोषणापत्र में बुलेट ट्रेन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा जैसी कुछ चीजों का वादा किया था, लेकिन पार्टी के कुछ प्रमुख वादों जैसे कि समान नागरिक संहिता और एक-राष्ट्र-एक - चुनाव का कोई उल्लेख नहीं था। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में ऐसे कई सुधार हुए हैं, जिनसे आज देश को बहुत फायदा हो रहा है। जब ये सुधार किए जा रहे थे, तब भी इनका विरोध किया गया और नकारात्मकता फैलाने की कोशिश की गई। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति का संबोधन व्यापक था और इसने प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और आगे की संभावनाओं को शामिल किया गया है। उनके संबोधन में कुछ ( शेष पेज 9 )

# इंग्लैंड को रौंदकर भारत फाइनल में, दक्षिण अफ्रीका से होगी टक्कर



इंग्लैंड की टीम का विकेट लेने के बाद प्रसन्नता व्यक्त करते भारतीय टीम के खिलाड़ी

**भाषा।** जॉर्जटाउन (गयाना)

**कप्तान** रोहित शर्मा (57 रन) के कम उछाल वाली पिच पर खेली गई अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजी में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के दमदार प्रदर्शन से भारत ने यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इंग्लैंड को बुरी तरह रौंद कर 68 रन से हरा दिया। अब फाइल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा, जिसने पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराया। पहले खेलते हुए भारतीय टीम ने सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली (09) पारी को तेजी देने के प्रयास में फिर जल्दी आउट हो गए, लेकिन रोहित (39 गेंद) को सूर्यकुमार यादव (36 गेंद पर 47 रन) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बारिश के कारण खेल एक घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ। बीच में फिर बारिश ने बाधा डाली तब भारत का स्कोर आठ ओवर में दो विकेट पर 65 रन था। खेल के लिए अतिरिक्त 250 मिनट दिए गए हैं लेकिन कोई रिजर्व डे नहीं था। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। कोहली और रोहित बल्लेबाजी के लिए उतरे, तभी स्पष्ट हो गया कि पिच धीमी थी और कम उछाल ने बल्लेबाजों के लिए काम मुश्किल बना दिया।

( विस्तृत समाचार पेज 12 )



# आयुष्मान के तहत 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का भी इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है। मुर्मू ने कहा, सरकार 55 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र में सरकार एक और निर्णय लेने जा रही है। उन्होंने कहा अब आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी, सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसमें देश के 12 करोड़ निम्न आय वाले परिवारों को इलाज के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। मुर्मू ने कहा कि भारत आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) को बढ़ावा देकर एक स्वस्थ विश्व के निर्माण में मदद कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने भी गरीबों के जीवन की गरिमा से लेकर उनके स्वास्थ्य तक को राष्ट्रीय महत्व का विषय बनाया है और पहली बार देश में करोड़ों गरीबों के लिए शौचालय बनाए गए। उन्होंने कहा, ये प्रयास हमें आश्वस्त करते हैं कि देश आज महात्मा गांधी के आदर्शों का सच्चे अर्थों में अनुसरण कर रहा है। ( शेष पेज 9 )

# यूपी पुलिस ने खुद को व राज्य को नई पहचान दिलाईः योगी

## ● कहा, समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पुलिस के आधुनिकीकरण पर ध्यान देना जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अपने आवास से यूपी-112 के दूसरे चरण में उन्नत पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखायी तथा एक यातायात पुलिस कर्मी को वातानुकूलित हेलमेट भेंट किया।

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा, समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं देंगे तो पुलिस बल पिछड़ जाएगा। ऐसा होने से सबसे खतरनाक असर सामान्य नागरिकों की सुरक्षा पर पड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी ने बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत आधुनिक पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) को हरी झंडी दिखाई और साथ ही वातानुकूलित हेलमेट का वितरण किया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस मौके पर अपने संबोधन में योगी ने कहा, सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है और हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। उन्होंने कहा, पिछले सात वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि उत्तर प्रदेश को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने जोर देकर कहा, समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं देंगे तो पुलिस बल पिछड़ जाएगा। ऐसा होने से सबसे खतरनाक असर सामान्य नागरिकों की सुरक्षा पर पड़ेगा।

योगी ने यह भी कहा कि जनता का विश्वास एक बार व्यवस्था से हटा तो उसे बहाल करने में लंबे समय तक कवायद करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की और समुचित प्रशिक्षण भी कराया। बड़े महानगरों के अलावा विकास प्रक्रिया से जुड़े किसी भी सामान्य जनपद में सबसे ऊंची इमारत पुलिस लाइन के अंदर बन रहे पुलिस के आधुनिक बैरक की है। योगी ने कहा, हमने यूपी-112 के प्रतिक्रिया समय को ( शेष पेज 9 )



# वरिष्ठ भाजपा नेता एलके आडवाणी को एम्स से मिली छुट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को बृहस्पतिवार को एम्स अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत बिगड़ने पर बुधवार रात उन्हें करीब साढ़े दस बजे यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था। लालकृष्ण आडवाणी की मूत्रविज्ञान, हृदयरोग विज्ञान और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने जांच की। एम्स अस्पताल के अधिकारियों ने बताया, आडवाणी को वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि आज उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

# नीट मामले में सीबीआई ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

## ● पटना से पकड़े गए, सर्वोच्च न्यायालय ने ओएमआर शीट को लेकर एनटीए को नोटिस जारी किया

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



पटना में नीट-यूजी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए लोगों को मेडिकल जांच के बाद हिरासत में ले जाती सीबीआई की टीम

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान पेपर लीक पर सख्त बात की। वहीं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में आज पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया। इस बीच, उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जानना चाहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक निजी कोचिंग सेंटर और कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नई याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया तथा इन याचिकाओं पर सुनवाई लंबित मामलों के साथ आठ जुलाई के लिए निर्धारित कर दी। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि दोनों को पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। उन्होंने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पाया है कि आशुतोष कुमार को पता था कि परिसर का इस्तेमाल नीट अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है।

मनीष कुमार के बारे में उन्होंने कहा कि उसने कथित तौर पर उन अभ्यर्थियों से सौदा किया था जो प्रश्नपत्र पहले से प्राप्त करने के लिए पैसे देने को तैयार थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह इन अभ्यर्थियों को छात्रावास ले गया जहां उन्हें प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा तक छात्रावास में ही रहे और पांच मई को होने वाली परीक्षा की तैयारी की। सीबीआई ने नीट परीक्षा लीक मामले में छह प्राथमिकियां दर्ज की हैं। नीट-यूजी परीक्षा देशभर में सरकारी तथा निजी ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश से राहत भी और आफत भी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह भारी बारिश के बाद कई स्थानों पर जलजमाव हो गया फोटोः रंजन डिमरी

**राष्ट्रीय** राजधानी की सुबह सुहानी रही, क्योंकि दिल्ली और एनसीआर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिसके चलते लोगों ने राहत की सांस ली। हालाँकि, भारी बारिश के कारण शहर भर के कई इलाकों में यातायात जाम हो गया और जलभराव हो गया। शहर में कई स्थानों पर यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा क्योंकि यातायात पुलिस को जलभराव, यातायात की भीड़ और गिरे हुए पेड़ों के मुद्दों के बारे में कई कॉल मिलीं। शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री कम है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. ताप सूचकांक या तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सापेक्षिक आर्द्रता 82 प्रतिशत से 61 प्रतिशत के बीच रही।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले दिन में अनुमान लगाया था कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में मध्यम से भारी बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन, कम दृश्यता, यातायात में व्यवधान और निचले इलाकों में स्थानीय जलजमाव होगा। भारी बारिश के बीच, शहर के कई हिस्सों में जलभराव के कारण अक्षरधाम क्षेत्र से लेकर गाज़ीपुर मांस बाजार तक भारी यातायात सहित यातायात जाम की सूचना मिली। सड़क पर वाहन रेंगते नजर आए। इसी तरह अक्षरधाम-सराय काले खां रोड पर भी ट्रैफिक भारी था।

नोएडा के निवासी रमेश शर्मा ने बताया कि कैसे गाज़ीपुर के पास भारी ट्रैफिक जाम के कारण उन्हें आधा किलोमीटर की दूरी पार करने में एक घंटे से अधिक समय लग गया। कोई ट्रैफिक पुलिस नहीं थी और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के निर्माण स्थल के लिए सामग्री ले जाने वाली लॉरी और ट्रकों ने अराजकता पैदा कर दी। इससे ट्रैफिक और भी खराब हो गया। उन्होंने कहा कि भारी ट्रैफिक और बार-बार रुकने के कारण उनका औसत माइलेज 14.9 से घटकर 12.6 हो गया। गाजियाबाद के रहने वाले अवधेश मेहरा ने कहा कि उन्हें अपने घर पहुंचने में लगभग एक घंटा लग गया। मेहरा ने कहा, अक्षरधाम के पास से यूपी की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात बहुत भारी था। गाज़ीपुर मीट मार्केट चौराहे के पास जलजमाव था। इस मार्ग को पार करने और अपने घर तक पहुंचने में मुझे एक घंटा लग गया। यातायात की स्थिति बहुत खराब थी।

मध्य दिल्ली की एक कंपनी में काम करने वाली अक्षिता शर्मा ने कहा कि एनएच-48 पर टोल गेट के पास से ट्रैफिक बहुत ज्यादा था। जलभराव के कारण आईटीओ पर यातायात भी प्रभावित हुआ। इस बीच, भाजपा ने बृहस्पतिवार को हल्की बारिश के साथ शहर में कई सड़कों पर जलभराव के लिए आप की आलोचना की और आरोप लगाया कि शहर ( शेष पेज 9 )

# यूपी आज देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्थाः मुख्यमंत्री

## सीएम ने एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों की ओर से 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की 90 लाख से अधिक इकाइयां मौजूद हैं। 2017 में प्रदेश देशी की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में यूपी आज पहले पायदान पर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में राज्य के एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

सीएम योगी गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरी दुनिया में एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। यूपी सौभाग्यशाली है कि यहां सैकड़ों साल से स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्पी, कारीगर अपने उत्पादों का निर्माण करते रहे हैं। मगर विगत दशकों में उचित प्रोत्साहन के आभाव में हमारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दम तोड़ रहा था। 2017 तक एमएसएमई उद्यमियों के बीच हताशा और निराशा थी। हमारा प्रदेश अर्थव्यवस्था और रोजगार में फिसड्डी था। कृषि के बाद एमएसएमई ही रोजगार सृजन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसे ध्यान में रखते हुए 2017 के बाद से लगातार किये गये प्रयास के फलस्वरूप आज हमारा एमएसएमई उद्योग प्रदेश के विकास की रीढ़ बन चुका है। योगी ने कहा कि आज हम इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रदेश के एमएसएमई प्रोडक्ट की शोकेसिंग करने में कामयाब हुए हैं।

उन्होंने बताया कि आज 20 हजार करोड़ से अधिक के ऋण की सुविधा उद्यमियों को प्राप्त होने जा रही है। इसके साथ ही रैम्प योजना के तहत बंद हो रही इकाइयों के उत्थान का काम किया गया है। इसके अलावा उद्यम को नये स्तर पर पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। प्रदेश में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाई हैं। इनकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग और शोकेसिंग में हमने लंबी छलांग लगाई है।

उन्होंने बताया कि झांसी में आज उद्घाटित हुआ रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क प्रदेश का 11वां प्लेज पार्क है। निजी क्षेत्र में उद्यमियों के लिए ये प्लेज पार्क अत्यंत ही लाभकारी होते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया यूपी में आज निवेश का बेहतर वातावरण बना है। कानून का राज और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उद्योग-धंधों के लिए ये कारक बहुत जरूरी होते हैं, इसके साथ ही औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई भी आवश्यक होते हैं। सीएम ने बताया कि डिफेंस उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है।

## मुख्यमंत्री ने की राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा

# अभिभाषण नए भारत की आकांक्षाओं की सिद्धि के संकल्पों से भरा हुआ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संसद के दोनों सदनों में दिए गए संयुक्त अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए इसे विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते नए भारत की आकांक्षाओं की सिद्धि के संकल्पों से भरा हुआ करार दिया। इस प्रेरक अभिभाषण के लिए सीएम योगी ने राष्ट्रपति का अभिवादन भी किया।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आज संसद के दोनों सदनों में दिया गया संयुक्त अभिभाषण विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ चले 'नए भारत' की आकांक्षाओं और अभिलाषाओं की सिद्धि के संकल्पों से भरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी और विजनरी नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में एनडीए की सरकार ने विकास व विरासत के मंत्र के साथ 140 करोड़ देश वासियों के जीवन में नया सवेरा लाने का अद्भुत प्रयास किया है। राष्टपति के प्रेरक अभिभाषण के लिए उनका हार्दिक अभिनंदन। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने सबसे पहले आम चुनाव के सफल आयोजन के लिए चुनाव आयोग को बधाई दी।

# बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को विस्तार देना आवश्यकः योगी



## चार नए लिंक एक्सप्रेस के लिए सीएम ने मांगा प्रस्ताव, कहा अध्ययन कर तैयार करें विस्तृत कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 7 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 2 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 6 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 7 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है।

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए। जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस को चित्रकूट से जोड़ने के लिए कार्यवाही तेज की जाए, इसके लिए बजट भी प्राविधानित की जा चुकी है। यह बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी को और बेहतर करने में बड़ा सहायक होगा। कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की तरक्की की तेज करने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं। देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निर्माता कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियां अपनी इकाई लगा रही हैं। नवीन प्रस्तावों के संबंध में तत्काल निर्णय लें। कोई भी प्रस्ताव लंबित न रखें।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय तेज किया जाना अपेक्षित है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की सतत समीक्षा की जाए। निवेशक को लैंड अलॉटमेंट करना हो अथवा देय इंसेंटिव का विषय, कतई विलंब न हो। तत्काल निर्णय लें।

# जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादाः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संसद** में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने केन्द्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं। गुरुवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि केंद्र सरकार देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा कमजोर वर्गों की समस्याओं को भी लेकर कतई गंभीर नहीं है। अगले पांच वर्षों के उसके रोडमैप में भी कोई खास दम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बेहतर होगा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में सांसदों को आरोप-प्रत्यारोप के बजाय जनहित के जरूरी मामलों में सरकार का ध्यान खींचना चाहिए। बता दें कि गुरुवार को राष्ट्रपति ने 18वीं लोकसभा में पहली बार दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, पिछले दस साल में आठ प्रतिशत की दर से औसत विकास हुआ है जबकि यह कोई सामान्य काल नहीं था।

# 1510 करोड़ रुपए से निर्मित होगी अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी

## बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ कंसेशन एग्रीमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ नोएडा



**सीएम** योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा।

गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैनें अपना नाम दिलशाद से बदलकर मोहम्मद दिलशाद पुत्र शाम मोहम्मद पता ग्राम व पोस्ट गजनेर, कानपुर, भविष्य के लिए कर लिया है ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रोहित कनौजिया पुत्र मुन्ना कनौजिया को उसके गलत आचरण, चाल चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मै और मेरा परिवार आज से रोहित कनौजिया पुत्र मुन्ना कनौजिया से अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर रहे है। श्रीमती विमला देवी पत्नी मुन्ना निवा. सिनी–347/367, टिकैतगंज. टिकैत राय तालाब, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र राजेश पुत्र मैकूलाल को उसके गलत आचरण, चाल चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मै और मेरा परिवार आज से राजेश पुत्र मैकूलाल से अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर रहे है। श्रीमती कुसुम पत्नी मैकूलाल निवासिनी–347/370, पुराना टिकैतगंज, राजाजीपुरम, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श नारायण करवरिया पुत्र शेषनारायण करवरिया निवासी 42/3 मीरापुर प्रयागराज उत्तर प्रदेश को अब आदर्श करवरिया जो कि उसके आधार कार्ड में दर्ज है इसी नाम से जाना व पहचान जाएगा

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आयुष यादव की हाईस्कूल की मार्कशीट त्रुटिवश पिता का नाम श्री महेश प्रसाद यादव दर्ज है जबकि उनके अन्य दस्तावेजों में उनका सही नाम महेश प्रसाद यादव अंकित है मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखो पर भी पिता का नाम महेश प्रसाद यादव दर्ज किया जाये। महेश प्रसाद यादव पुत्र–स्व. हरी प्रसाद यादव निवासी– जानकी खेडा, बेलगदा, मलिहाबाद, लखनऊ

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मो० शाबिर पुत्र श्री स्व० शेर खान निवासी – 535/बी/4/538बी, रूपपुर, खदरा, जिन्नातो वाली मस्जिद का हूँ। मैं अपने पुत्र मो० आरिफ के गलत चाल चलन व आचरण व परिवार के साथ क्रूर व्यवहार मार पीट करने व प्रताड़ित करने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से दिनांक 24.06.2024 को बेदखल कर दिया है। तथा अपने समस्त सम्बन्ध आज की तारीख से समाप्त कर रहा हूँ वह अपने कार्यो के लिये स्वंय जिम्मेदार होगा इसमें मेरा व मेरे परिवार व नातेदार रिश्तेदार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

# पुलिस बल को आधुनिक बनाने का दावा दिखावे से अधिक कुछ नहींः अखिलेश

## सपा मुखिया ने कहा, लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा जनता से बदला लेने पर उतारू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सात साल के भाजपा सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री पुलिस बल को आधुनिक बनाने का दावा भले पेश करे पर हकीकत में यह दिखावे से अधिक कुछ नहीं। जिस भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के समय अत्याधुनिक पुलिस रिस्पांस सिस्टम को बदले की भावना से ध्वस्त कर दिया उससे पुलिस बल को तकनीकी रूप से स्मार्ट, दक्ष एवं सक्षम बनाने की क्या उम्मीद की जा सकती है? मुख्यमंत्री का अपराध नियंत्रण का दावा झूठा साबित हो चुका है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून



व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी बेलगाम है। दिनदहाड़े गोलियां चल रही है। हत्याएं हो रही है। अराजकता चरम पर है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था सम्हालने में विफल है। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता अराजकता पर उतारू है। पिछले दिनों बरेली में दो पक्षों के बीच खुलेआम गोलियां तड़तड़ायी। भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार से जनता त्रस्त है। लोगों में आक्रोश है। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा जनता से बदला लेने पर उतारू है। सरकार का पुलिस पर नियंत्रण नहीं है। फिरोजाबाद में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के बाद जनाक्रोश सड़कों पर आ गया। हालात बेकाबू हो गये। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह पंगु दिखाई दिया। मथुरा में छाता के पूर्व चेयरमैन के भाई की गोलीमार कर हत्या कर दी गयी। जरीफनगर में बदमाशों ने पांच वर्षीय मासूम का अपहरण कर लिया। भाजपा सरकार में पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है।

# नए कानून त्वरित न्याय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगेः डीजीपी

## तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में पुलिस मुख्यालय में हुई कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने कहा कि ब्रिटिश काल के जो हमारे तीनों कानून थे उनकी जगह तीन नए कानून संसद द्वारा पास किए गए हैं। जिनको हम लोग भारतीय न्याय संहिता, जो कि आईपीसी का काउण्टर पार्ट है, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो कि सीआरपीसी का काउण्टर पार्ट है और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो एविडेन्स एक्ट का काउण्टर पार्ट है, उसको पास किया है। नये कानून को पास करने की मूल भावना यह है कि तकनीक का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करके डिस्क्रेशन को कम करना है। चाहे वह विवेचक का हो या किसी भी, इस पूरे क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति का हो, उसे कम करना है, किसी भी स्थिति में वादी का उत्पीड़न न हो तथा कोई भी निर्दोष व्यक्ति को दण्ड न मिले, इसके लिए अधिक से अधिक तकनीक का उपयोग किया जाये।

डीजीपी गुरुवार को पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग) गोमती नगर विस्तार में तीन नए आपराधिक कानूनों पर मीडिया के साथ आयोजित वार्तालाप/ कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर महानिदेशक प्रशिक्षण द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अपर महानिदेशक पीआईबी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

डीजीपी ने कहा कि एक समयबद्ध तरीके से इस सभी चीजों का विचारण हो, फॉरेन्सिक साक्ष्यों का अधिक से अधिक उपयोग करया जाये और यह सुनिश्चित कराया जाये कि ज्यादा से ज्यादा निष्कर्ष पर पहुंचने की प्रक्रिया तकनीक पर आधारित हो। साथ ही साथ नये आपराधिक कानून में वादी को विवेचना के प्रगति की सूचना देना अनिवार्य है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के वल्टिकल्स को इन सभी चीजों का पूरा ज्ञान होना बहुत बड़ा टास्क था। हमारे सभी विभागो जिसमें प्रशिक्षण विभाग, तकनीकी सेवाएं, जेल, प्रासीक्यूसन इन सभी में जो ट्रेनिंग की प्रक्रिया थी, वह बहुत ही अनुकरणीय एवं प्रशंसीनय है। पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय ने विश्व के सबसे बड़े पुलिस संगठन को प्रशिक्षण देने का महती कार्य किया है। 30 जून तक विभिन्न रैंक के पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**

**सार्वजनिक नोटिस**

हम कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, (केएमबीएल), हमारी बैंक शाखा और अन्य संबंधित व्यवसाय (ऑटोमेटेड टेलर मशीन -एटीएम की स्थापना सहित) हेतु 12 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर लेने की इच्छा है, विशेष रूप से नीचे उल्लिखित मालिकों के स्वामित्व वाली अनुसूची में वर्णित है।

आम जनता और सभी संबंधित व्यक्तियों, निजी व्यक्तियों, सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थाओं/निकायों/प्राधिकरणों को, यदि यहां उल्लिखित संपत्ति में कोई अधिकार, शीर्षक, हित या हिस्सा मिला है या किसी को भी उपरोक्त लेनदेन पर आपत्ति है, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि वे इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर सभी सहायक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ लिखित रूप में अपनी आपत्तियां नीचे हस्ताक्षरकर्ता को बताएं। यदि इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सभी सहायक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ लिखित रूप में आपत्तियां प्राप्त नहीं होती हैं, तो यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति का शीर्षक स्पष्ट है और ऐसे सभी संबंधितों ने अपने अधिकारों का त्याग कर दिया है और ऐसे सभी संबंधितों को इसके बाद कोई भी आपत्ति उठाने से रोक दिया जाएगा और हम इसके बाद लीज डीड या ऐसे समझौतों के निष्पादन में आगे बढ़ेंगे और ऐसे सभी व्यक्तियों को इसके बाद ऐसे लेनदेन पर कोई भी आपत्ति उठाने से रोक दिया जाएगा।

| पट्टे पर ली जाने वाली संपत्ति का विवरण | मालिक |
| --- | --- |
| वाणिज्यिक संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका लगभग क्षेत्रफल 1916 वर्ग फुट कारपेट क्षेत्रफल (लगभग) भवन के भूतल पर और परिसर नं. भूतल, 123 सदर बाजार आगरा, उत्तर प्रदेश - 282001 में स्थित, मकान सं. 117, 123, 556-557 और 558-559 का हिस्सा, सर्वे सं. 233/288 और सर्वे सं. - 233/289 और सर्वे सं. 233/286 और सर्वे सं.- 558 और 559 गोपीचंद शिवहरे रोड, सदर बाजार, आगरा कैंटोनमेंट में स्थित | श्री अनिल महाजन एवं श्री सुनील महाजन एवं श्री संजीव कुमार महाजन सभी पुत्र श्री दर्शन कुमार तथा निवासी 823 सदर बाजार, आगरा कैंटोनमेंट, आगरा। |

कानूनी विभाग
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
कोटक इन्फिनिटी, 5वीं मंजिल, बिल्डिंग नं. 21, इनफिनिटी पार्क, ऑफ वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे
जनरल ए के वैद्य मार्ग, मलाड (पूर्व), मुंबई 400 097
फोन नं. + 91 22 66055570/5548/5544, फैक्स-(022) 67259088

# गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर हुई शोकसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोरखपुर** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजली दी गई। मीडिया चेयरमैन डा. सीपी रॉय न बताया कि श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव एवं अन्य कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने स्व. आशुतोष तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर



भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। डा. सीपी रॉय ने बताया कि इससे पहले कल लोकसभा में नेता विपक्ष संसद राहुल गांधी ने भी स्वर्गीय आशुतोष तिवारी के परिवारजनों को पत्र भेजकर संवेदना व्यक्त की थी, और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गोरखपुर पहुंचकर स्वर्गीय आशुतोष तिवारी को श्रद्धांजलि दी थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, अलीमुल्लाह खान, बृजेश सिंह गाट, सुरेश शर्मा, राम बरन गौतम, सोम विकल, सुरेश यादव, वासुदेव यादव आदि कांग्रेसजन शामिल रहे।

# भाजपा ने पिछले 10 सालों से लोगों पर थोप रखा है अघोषित आपातकालः सीपी राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री डॉ सीपी रॉय ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आपातकाल पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा घोषित आपातकाल के दर्द को याद करने को बेईमानी बताया और कहा कि पिछले 10 साल से देश के लोगों पर अघोषित आपातकाल को जो भाजपा ने थोप रखा है उस पर बीजेपी और उनके अनुषांगिक संगठन चुप हैं।

डॉ. रॉय ने कहा कि 1975 के आपातकाल को तो जनता ने माफ कर दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने माफी भी मांगी, देश ने माफ कर पुन: उन्हें 353 सीटों के साथ सत्ता में पहुंचाया, लेकिन भाजपा आज भी रोना रोककर जनता के दिए जनादेश का अपमान और मजाक उड़ाती है। रॉय ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धांधली हुई है, जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं लेकिन मोदी सरकार क्यों पेपर लीक माफियाओं को बचा रही। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए-अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। युवा न्याय मांग रहा है। मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। देश का हर दूसरा युवा बेरोजगार है, और भाषण में बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस नीति सामने नहीं आई है। सिर्फ बातें करने से समस्या का हल नहीं निकलता, इसके लिए निर्णायक कदम उठाने होते हैं।

**शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कं. लि.**

कॉर्पोरेट कार्यालयः 425, उद्योग विहार फेज IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोनः 0124-4212530/31/32, ई-मेलः customercare@shubham.co वेबसाइटः www.shubham.co

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस (इसके बाद इसे "अधिनियम" कहा गया)**

इस नोटिस के द्वारा आपके ध्यान में लाया जाता है कि आपका ऋण खाता सुरक्षित ऋणदाता शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय 608 - 609, 6 वीं मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल इंपीरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028 (इसके बाद इसे 'एसएचडीएफसीएल' कहा गया है) के द्वारा एनपीए घोषित कर दिया गया और आप एसएचडीएफसीएल को अपने ऋण के विरुद्ध कुल बकाया का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं। आप आकस्मिक खर्चों, लागत, शुल्कों आदि के साथ उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी हैं, इसलिए, हम आपसे इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर एसएचडीएफसीएल के प्रति अपनी पूरी देनदारियों का निर्वहन करने का आह्वान करते हैं, ऐसा न करने पर एसएचडीएफसीएल को अधिनियम की धारा 13(4) के तहत शक्ति का प्रयोग करने का अधिकार होगा। **उधारकर्ताओं और सुरक्षित आस्तियां का विवरण इस प्रकार है:**

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. (कर्जदार का नाम) | आवेदक का पता | मांग सूचना की तिथि और राशि | सुरक्षित आस्तियां |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 0LKW2103000005035926 & 0LKW2303000005061025, संतोष सिंह, दिलीप सिंह, कमला सिंह | 616/272 बसंत विहार कॉलोनी सीतापुर रोड मड़ियावां सीतापुर रोड, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226021 | रु. 7,99,181/- & रु. 7,48,106/- & 21/06/2024 | मकान सं. 616/272 का हिस्सा प्लॉट सं. 57 के हिस्से पर निर्मित, खसरा सं. 182 और 197 मिन का हिस्सा सेमरा गौढ़ी, बसंत विहार कॉलोनी, वार्ड- फैजुल्लागंज, तहसील और जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश-226001 में स्थित |
| 2. | 0LKW2201000005043227, राकेश पांडे, रीना पांडे | 355/242, मोहन रोड आलमनगर राजाजीपुरम कमला कॉन्वेंट स्कूल के पास लखनऊ उत्तर प्रदेश - 226017 | रु. 9,93,823/- & 21/06/2024 | मकान सं. 355/242-केए, आलम नगर, वार्ड-आलम नगर तहसील व जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226023 में स्थित |
| 3. | 0ADR2204000005046738, & 0ADR2206000005048419, उमेश कुमार प्रजापति, मालती | 16, गोपाल मोहन विहार जानकीपुरम एक्सटेंशन मिर्जापुर लखनऊ उत्तर प्रदेश-226021 | रु. 8,27,891/- & रु. 3,21,680/- & 21/06/2024 | प्लॉट सं. 3ए, गाटा सं. 84 मिन का हिस्सा, मिर्जापुर परगना- लखनऊ, तहसील बख्शी का तालाब जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश-226021 में स्थित |
| 4. | 0GKP2302000005058138, मोहम्मद शकील, मुस्कान खातून | 51, मिर्जापुर फर्टिलाइजर रोड पोस्ट झुंगिया बाजार गोरखपुर बीआरडी मेडिकल सीएलजी शिव मंदिर के पास गोरखपुर उत्तर प्रदेश - 273013 | रु. 14,40,101/- & 21/06/2024 | आराजी संख्या- 438जीए, मौजा- मिर्जापुर, टप्पा- खुटहन, परगना-हवेली, तहसील सदर, गोरखपुर उत्तर प्रदेश-273013 |
| 5. | 0ALB2307000005066521, & 0ALB2308000005068162, विवेक खरे, रुचि श्रीवास्तव | 202/150 बैरहना संत रविदास मार्ग प्रयागराज उत्तर प्रदेश -211003 | रु. 11,92,933/- & रु. 6,64,409/- & 21/06/2024 | खसरा सं. 29/2 का हिस्सा, गांव-केशवपुर, परगना व तहसील-सदर, जिला-प्रयागराज उत्तर प्रदेश-211012 |
| 6. | 0LKO2307000005065598, जितेन्द्र कुमार शर्मा, मेघा सिंह | मकान नं. 12, केएएमएल हरिओम नगर 2 पी.एस. मड़ियांव नौबस्ता भिटोली खुर्द लखनऊ रामलीला मैदान लखनऊ उत्तर प्रदेश - 226020 | रु. 24,93,942/- & 21/06/2024 | प्लॉट सं. 26ए खसरा सं. 205 पर निर्मित मकान, गांव सरकपुर, परगना महोना तहसील बीकेटी लखनऊ उत्तर प्रदेश-226201 |
| 7. | 0LKW2311000005072488, विकास गुप्ता, कोमल गुप्ता | केएन-45, शेखपुर हबीबपुर कैथे वाला के पास, यूनाइटेड स्कूल लखनऊ उत्तर प्रदेश-226017 | रु. 22,57,209/- & 21/06/2024 | प्लॉट सं. ए-07, खसरा सं. 385 का भाग, भुहरा लालाबाग, पामा सिटी दुब्बागा तहसील और जिला- लखनऊ, लखनऊ उत्तर प्रदेश - 226017 |

स्थानः गुड़गाँव,
तिथिः 27.06.2024

प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लि.

# टाटा की तर्ज पर विकसित होगा कैंसर संस्थान

## 309 करोड़ का बजट अनुमोदित

**● संस्थान की 11 वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चक** गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियलिटी संस्थान को मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसकी कवायद तेज कर दी गई है। गुरुवार को संस्थान की गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। खास बात यह है कि संस्थान में गरीबों को पूर्व की भांति इलाज मिलता रहेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। इससे किसी भी गरीब मरीज का इलाज प्रभावित नहीं होगा। बैठक में संस्थान में सुविधाएं बढ़ाने के लिए 309 करोड़ रुपये के बजट भी अनुमोदित किया गया।

संस्थान की 11 वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन, कुलसचिव डॉ. देवाशीष शुक्ला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कैंसर मरीजों को बेहतर और आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में संस्थान को टाटा मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। टाटा में रेवन्यू शेयर मॉडल लागू है। इसके तहत सशुल्क ओपीडी, भर्ती, जांच आदि सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसमें पंजीकरण कराने वाले मरीजों से होने वाली आय का कुछ हिस्सा डॉक्टरों को प्रदान किया जाएगा। बाकी संस्थान के खाते में जाएगा। जिससे संस्थान को विकसित करने में मदद मिलेगी।

### सामान्य मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

**निदेशक** डॉ. आरके धीमन का कहना है कि सामान्य मरीजों के लिए ओपीडी, भर्ती जांच आदि की व्यवस्था पूर्व की भांति चलती रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार का रद्दोबदल नहीं किया जाएगा। सीएम, पीएम फंड, आयुष्मान, पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना आदि का लाभ मरीजों को मिलता रहेगा। जांच व इलाज का शुल्क भी सामान्य रहेगा।

### 309 करोड़ का बजट अनुमोदित

**निदेशक** ने बताया कि संस्थान में सुविधाएं बढ़ाने के लिए 309 करोड़ रुपये के बजट भी अनुमोदित किया गया है। इससे संस्थान में मरीज व तीमारदारों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डॉक्टर व कर्मचारियों के लिए संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। जल्द से जल्द डॉक्टरों की नियुक्ति पूरी करने के लिए भी कहा गया है।

### नए कोर्स के संचालन को मंजूरी

**डॉ.** आरके धीमन ने बताया कि चार विभाग में इलाज संग पढ़ाई भी होगी। डीएम इन आंको एनस्थीसिया, एमसीएच इन न्यूरो आंको सर्जरी, एमडी इन रेडिएशन आंकोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में पीडीसीसी कोर्स संचालित किया जाएगा। कोर्स संचालन की मंजूरी के लिए जल्द ही नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान के कई विभागों में पीडीसीसी व पीडीएफ कोर्स चल रहे हैं।

# एसजीपीजीआई में खुलेंगे नए विभाग, शुरू होंगे कई कोर्स



**● गर्वनिंग बॉडी की 100 बैठक में शासी निकाय ने दी अपनी मंजूरी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसजीपीजीआई** में बाल रोगियों के लिए यूरोलॉजी विभाग के साथ ही पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी विभाग और ऑर्थोपेडिक्स विभाग खुलेगा। इसमें ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स मेडिसिन, हैंड सर्जरी, स्पाइनल सर्जरी और हिप और जॉइंट सर्जरी में एमडी सहित नए पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगे। गुरुवार को मुख्य सचिव व संस्थान के अध्यक्ष डीएस मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गर्वनिंग बॉडी की 100 बैठक में शासी निकाय ने अपनी मंजूरी दे दी है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित 100वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग शासी निकाय ने मौजूदा टेलीमेडिसिन और बायोइन्फॉर्मेटिक्स स्कूल को पूरी तरह से टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य विभाग में परिवर्तित करने का बड़ा निर्णय लिया। टेलीमेडिसिन विभाग संस्थान के विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों को आउटरीच सेवाएं प्रदान करेगा और रोग निगरानी व निरीक्षण के साथ-साथ डेटा संग्रह, विश्लेषण और सूचित निर्णय लेने की सुविधा भी प्रदान करेगा। नव निर्मित विभाग को आई टी और डिजिटल सूचना विज्ञान क्षेत्र से चार और डिजिटल स्वास्थ्य और नैदानिक क्षेत्र से चार, कुल आठ संकाय पद भी स्वीकृत किए गए। यह विभाग उत्तर प्रदेश राज्य के प्रत्येक जिले को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और निगरानी सेवाएं प्रदान करने में एक लंबा सफर तय करेगा। इससे राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों तक विभिन्न सुपर-स्पेशियलिटी विभागों की पहुंच भी मजबूत होगी। नव निर्मित टेलीमेडिसिन विभाग टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य में विभिन्न पाठ्यक्रम चलाएगा और डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुख्य सचिव ने रेडियोथेरेपी और ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी और कार्डियो वैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी में नए एकीकृत छह साल के सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों को भी मंजूरी दी और निर्देश दिया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से उचित मंजूरी ली जाए। संस्थान के निदेशक प्रो. आर.के. धीमन ने शासी निकाय को पिछले दो वर्षों में की गई विभिन्न भर्तियों के बारे में भी अवगत कराया। निदेशक ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वीकृत संकाय पदों में से 91 संकाय पद भर दिए गए हैं, जिससे विभिन्न सुपर-स्पेशियलिटी विभागों में ओपीडी और आईपीडी सेवाओं को चलाने में बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विभिन्न ग्रुप बी और सी पदों के लिए भर्ती भी निकाली, जिसमें 1459 पद भरे गए। इस अवसर पर कर्नल वरुण बाजपेयी, रजिस्ट्रार, श्री विश्वजीत राय, वित्त अधिकारी और कुछ संकाय सदस्यों के साथ शासी निकाय के अन्य सदस्यों ने किया। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित वित्त विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# एलयू में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नये** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा की तिथ घोषित कर दी है। घोषित तिथि के अनुसार स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई से शुरू होंगी।

जारी प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 11 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच बीकॉम की प्रवेश परीक्षा होगी। 11 जुलाई को ही अपरान्ह 2.30 बजे से 4 बजे तक बीकॉम ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा होगी। इसी तरह 12 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच बीसीए की प्रवेश परीक्षा होगी। 12 जुलाई को ही अपरान्ह 2.30 बजे से 4 बजे तक बीएससी मैथ की प्रवेश परीक्षा होगी। 13 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच बीबीबीए की प्रवेश परीक्षा होगी। 13 जुलाई को ही अपरान्ह 2.30 बजे से 4 बजे तक एलएलबी इंटीग्रेटेड की प्रवेश परीक्षा होगी। 14 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच बीए की प्रवेश परीक्षा होगी। 15 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच डीफार्म की प्रवेश परीक्षा होगी। 15 जुलाई को ही अपरान्ह 2.30 बजे से 4 बजे तक बीएससी बायोलॉजी की प्रवेश परीक्षा होगी। 16 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच बैचलर आफ एलिमेंटरी एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा होगी। 16 जुलाई को ही अपरान्ह 2.30 बजे से 4 बजे तक बीवीए व बीएफए ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा होगी। 18 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से 12 बजे के बीच बीजेएमसी की प्रवेश परीक्षा होगी। 11 जुलाई को ही अपरान्ह 2.30 बजे से 4 बजे तक बीएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा होगी। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक छात्र अपने लज्ञगिन आईडी के जरिए 8 जुलाई से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बीए योग, बीएससी योग, बीवोक और शास्त्री की प्रवेश परीक्षा के लिए तिथि शीघ्र घोषित की जायेगी।




### इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय संग एलयू ने किया एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय ने इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय अब्दुरचमन सालेह सितुबोंदो के साथ सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण के क्षेत्रों के अनुसार शिक्षा में अभिनव गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी विकसित करना है। समझौते के तहत, दोनों संस्थानों ने संयुक्त शोध गतिविधियों, प्रकाशनों और जर्नल प्रबंधन के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की है। साथ ही संयुक्त प्रकाशन, सेमिनार, सम्मेलन, अकादमिक बैठकें और संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस अवसर पर कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय वैश्विक सहयोग में विश्वास करता है, और इस दिशा में हम एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय शैक्षणिक संबंध बना रहे हैं। हम अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं और शोधों को साझा करने के लिए तैयार हैं। इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय के साथ सहयोग ज्ञापन हमारे ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसारित करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता और उन्नत शोध के लिए समर्पित है।

# शुरू हुआ विटामिन ए सम्पूरण अभियान

**● 2.58 करोड़ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विटामिन** ए सम्पूरण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान 26 जून से शुरू हो गया है, जो 25 जुलाई तक चलेगा। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि बच्चों को कुपोषण सहित अन्य बीमारियों से बचाना हमारी प्राथमिकता है और इसी क्रम में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम एक पहल है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछले 10 सालों में हम 53 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने में सफल रहे।

राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय गुप्ता ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। इस बार नौ माह से पांच साल तक के 2.58 करोड़ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस के जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है जो कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और हितधारकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमित टीकाकरण के महाप्रबंधक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यकम बाल स्वास्थ्य के लिये एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी कार्यक्रम है। इसके तहत नौ माह से पांच साल के बच्चों को साल में दो बार अभियान चलाकर विटामिन ए की खुराक पिलाई जाती है । विटामिन ए बच्चों को रतौंधी, अंधेपन, दस्त और निमोनिया जैसी गंभीर और प्राणघातक बीमारियों से तो बचाता है साथ ही रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ा कर बाल मृत्यु दर पर अंकुश लगाने मे भी मदद करता है।

# दीक्षान्त समारोह को लेकर सीजेआई से मिले कुलपति, सौंपा निमंत्रण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नौ** वर्ष बाद डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आगामी 13 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह को लेकर गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने सीजेआई डी.वाई. चन्द्रचूड़ से मुलाकात कर उन्हे निमंत्रण पत्र सौंपा। बता दें कि सीजेआई ने दीक्षान्त समारोह में मुख्य तौर पर शामिल होने के लिए पूर्व में ही सहमति दे दी थी।

विवि के प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर के मुताबिक डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय 13 जुलाई 2024 को अपने तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह 2013 में तथा द्वितीय दीक्षांत समारोह 2015 में संपन्न हुआ था। इस विशेष अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश, डी. वाई. चंद्रचूड़, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दीक्षांत समारोह में, बी.ए.एल.एल.बी., एल.एल.एम., और पीएच.डी. कार्यक्रमों के 2000 से अधिक छात्रों को उनकी डिग्रियाँ प्राप्त होंगी। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कुल 132 पदक, जिनमें 70 स्वर्ण पदक शामिल हैं, प्रदान किए जाएंगे।

# स्वास्थ्य विभाग के फ्रंट लाइन कर्मचारियों को दिया गया व्यवहार संबंधी प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**● चिकित्सा इकाईयों में रिसेप्शनिस्ट, वार्ड सहायकों एवं सुरक्षा गार्ड हेतु व्यवहार सम्बंधी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ आयोजित**

**आम** जनमानस को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को व्यापक बनाने और उसके लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ कर रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के साथ ही जन सामान्य के बीच चिकित्सा इकाईयों में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की छवि में उल्लेखनीय सुधार परिलक्षित भी हो रहा है। इसी क्रम में राजकीय चिकित्सा इकाई के प्रथम सम्पर्क बिंदु (रिसेप्शनिस्ट) वार्ड सहायक, सुरक्षा गार्ड, से लाभार्थी के अनुभव को अधिक बेहतर बनाने हेतु राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, लखनऊ में व्यवहार सम्बन्धी प्रशिक्षण के लिए, प्रशिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण (टीओटी) का शुभारम्भ एवं प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि सुरक्षा गार्ड, स्वागत कक्ष में तैनात कर्मी तथा वार्ड सहायक चिकित्सालय में आने वाले व्यक्तियों के लिए प्रथम संपर्क बिंदु का काम करते हैं। मरीजों तथा उनके परिवारजनों के प्रति चिकित्सालय के इन कर्मचारियों की सजगता और व्यवहार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों द्वारा दी गई जानकारी और किया गया व्यवहार लाभार्थी के अस्पताल के अनुभव को प्रभावित करता है और लाभार्थियों का सुखद अनुभव जन सामान्य के बीच न केवल चिकित्सा इकाई वरन प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की छवि सुधारता है।

कार्यक्रम में उपस्थित मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोवल ने संतुष्ट चिकित्साकर्मी तथा संतुष्ट लाभार्थी का मन्त्र देते हुए, संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि सुदृढ़ करने पर बल दिया।

### टैबलेट और स्मार्टफोन जल्द बांटने का निर्देश

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट/ स्मार्टफोन की मैपिंग एवं डिस्ट्रिब्यूशन को जल्द कराने का निर्देश दिया गया है। कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संस्थानों को पत्र जारी इस बाबत निर्देशित किया है। पत्र में कहा गया है कि छात्रों में टैबलेट और स्मार्टफोन को बांटने के साथ ही पोर्टल पर अपलोड किया जाए। साथ ही बचे हुए उपकरणों को वापस किया जाये।

### डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल को मिला महानिदेशक परिवार कल्याण का कार्यभार

**लखनऊ।** शासन स्तर पर महानिदेशक परिवार कल्याण के पद पर तैनात डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव के 30 जून को सेवानिवृति को देखते हुए महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल को अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण करने का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया है।

# केकेसी में शुरू होंगे इंटीग्रेटेड बीए एलएलबी सहित कई कोर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शैक्षणिक** सत्र 2024-25 से श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए एलएलबी, बीसीए, एमएससी जूलॉजी, बीए भूगोल और मनोविज्ञान विषय के पाठ्यकम का संचालन होगा। गुरुवार को यह जानकारी कालेज के प्राचार्य डॉ. विनोद चंद्रा ने दी है।

मीडिया से मुखातिब प्राचार्य डॉ. विनोद चंद्रा ने बताया कि यूनिसेफ की मदद से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र की स्थापना की जाएगी। करियर परामर्श केन्द्र और उद्यमिता प्रबंधन केन्द्र के जरिए छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ी सलाह और ट्रेनिंग भी दी जाएगी। प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने कहा कि अब पाठ्यक्रमों में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को और बढ़ाया जाएगा। नए सत्र में दो नए सेमिनार हॉल और जिम्नेजियम का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। योगा केन्द्र के सहयोग से केन्द्र सरकार की ओर से चला अगला रहे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के लिए 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य ने बताया कि बीते वर्ष कॉलेज प्लेसमेण्ट सेल के माध्यम से 265 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय संगठनों में रोजगार उपलब्ध कराए गए।

# जनेश्वर मिश्र पार्क को आधुनिक स्पोर्ट्स जोन बनाने की तैयारी

**● गोमती नगर में पार्क के मेकओवर की प्रक्रिया शुरू, 10.16 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना के अंतर्गत विकास कार्यों को किया जाएगा पूरा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए कृत संकल्प योगी सरकार ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क के वृहद कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लखनऊ के गोमती नगर में स्थित इस पार्क में लंबे वक्त से एक स्पेशलाइज्ड स्पोर्ट्स एरीना होने की कमी यहां जाने वाले लोगों को महसूस होती थी। इस जरूरत को भांपते हुए योगी सरकार ने पार्क के कायाकल्प की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थी। सीएम योगी के विजन अनुसार बनी इस कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने स्पोर्ट्स जोन के विकास के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, 10.16 करोड़ रुपए के व्यय से सभी विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। खास बात ये है कि इन विकास कार्यों के जरिए जिन स्पोर्ट्स एमिनिटीज से पार्क को लैस किया जाएगा उनमें क्रिकेट, फुटबॉल व वॉलीबॉल ग्राउंड समेत टेनिस कोर्ट मुख्य है। इन सभी निर्माण कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के मानकों व अन्य महत्वपूर्ण गाइडलाइंस का पालन करते हुए पूरा किया जाएगा तथा सभी निर्माणों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भी एक मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनाया जाएगा। पार्क में स्पोर्ट्स जोने के विकास को लेकर होने वाले सभी कार्यों को पूरा करने के लिए एलडीए द्वारा टू बिड प्रक्रिया को क्रियान्वित किया गया है। इस प्रक्रिया के जरिए एक एजेंसी का चयन होगा और वह ही इन सभी कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही एलडीए के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की डेडलाइन, उच्च गुणवत्ता समेत सभी मानकों के पालन व क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। कार्यावंटन के उपरांत एजेंसी की कोशिश होगी कि सभी विकास कार्यों को 9 महीने की अवधि में पूरा कर लिया जाए। 168 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 376 एकड़ में विकसित किया गया पार्क में लंबे वक्त से स्पोर्टिंग इवेंट्स के संचालन के लिए एक स्पोर्ट एरीना की कमी महसूस हो रही थी। अब इसी कमी को पूरा करते हुए योगी सरकार के विजन अनुसार वृहद स्पोर्ट्स जोन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मनोरम होगा कुकरैल रिवर फ्रंट

**● लखनऊ नगर निगम ने एसपीवी के गठन से संबंधित ड्राफ्ट शासन को उपलब्ध कराया**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** में कुकरैल नदी के किनारे प्रस्तावित रिवर फ्रंट अहमदाबाद में स्थित साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मनोरम और आधुनिक सुविधाओं वाला हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के क्रम में साबरमती रिवर फ्रंट, अहमदाबाद के अध्ययन के लिए गठित समिति द्वारा पिछले वर्ष ही इसका स्थलीय निरीक्षण एवं भ्रमण कर लिया गया है। रिवर फ्रंट बनाने की कार्यवाही लखनऊ नगर निगम के तहत पूर्ण की जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा एसपीवी के गठन से संबंधित ड्राफ्ट शासन को उपलब्ध कराया गया है, जो कि लखनऊ रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के नाम से होगा।

कुकरैल नदी के किनारे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए संबंधित कंसल्टैंट द्वारा डीपीआर तैयार किए जाने की कार्यवाही की जा रही है तथा जल्द ही सीएम के समक्ष इसका प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के विजन के अनुरूप कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सीएम योगी के निर्देश पर विभागों को कुकरैल नदी को अविरल, निर्मल और प्रदूषणमुक्त किए जाने के मिशन पर लगाया गया है। इसका उद्देश्य गंदे नालों को कुकरैल में प्रवाहित होने से रोकना, नदी तट का सौन्दर्यीकरण, साइट डेवलपमेंट और ग्रीन बेल्ट विकसित करना है। मुख्यमंत्री द्वारा कुकरैल नदी को प्रदूषण मुक्त और पुनर्जीवित करने के लिए नदी में गिरने वाले 39 नालों को इंटरसेप्ट करने के निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में प्रथम चरण में 17 नालों को टेप करने का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं 12 नालों का आईडी कार्य क्रियाशील है और शेष इस महीने तक पूरा हो जाएगा। द्वितीय चरण में 22 नालों को टैपिंग कर 6 एमएलडी अशोधित सीवेज को कुकरैल नदी में गिरने से रोका जाएगा। वहीं तृतीय चरण में न्यूनतम जल प्रवाह बनाए रखने के लिए 40 एमएलटी क्षमता का एसटीपी बनाकर शोधित ट्रीटेड एफ्लुएंट को कुकरैल नदी में अपस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। अकबरनगर में नगर निगम की जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बाद 1.50 हेक्टेयर भूमि पर एसटीपी का कार्य किया जाएगा। कुकरैल नदी में पानी की अविरल आपूर्ति के लिए वन क्षेत्र में कुकरैल नदी के जल स्रोतों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए वॉटरपॉन्ड बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जल स्रोतों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा 40 एमएलडी एसटीपी से पानी नदी में छोड़ा जाना प्रस्तावित है। वहीं सिंचाई विभाग द्वारा शारदा नगर के एस्केप चैनल से लगभग 5 से 15 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

### कुकरैल नदी के किनारे वृक्षारोपण का कार्य मास्टर प्लान के हो मुताबिकः मंडलायुक्त



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कुकरैल नदी को विकसित करने व वृक्षारोपण पर बैठक की गयी। मंडलायुक्त द्वारा निदेर्शित किया गया कुकरैल नदी के किनारे वृक्षारोपण का कार्य मास्टर प्लान के तहत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कुकरैल नदी के किनारे अयोध्या रोड पर सौमित्र वन एवं शक्ति वन विकसित किया जाएगा। वहीं, शासन की मंशानुरूप रिवर साइट पर पौधारोपण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है। गुरुवार को वृक्षारोपण महाअभियान वर्ष 2024 में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कुकरैल नदी को विकसित करने व पौधारोपण के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में किया। मंडलायुक्त के समक्ष कुकरैल नदी को विकसित करने व वृक्षारोपण को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण के बनाए गए डीपीआर का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

# स्लो लर्नर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करें

**राज्यपाल ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के नैक हेतु एसएसआर प्रस्तुतिकरण की समीक्षा बैठक की**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार के राजभवन के प्रज्ञाकक्ष में डॉ भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के नैक हेतु तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा बैठक की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन हेतु एस.एस.आर. की समीक्षा करते हुए प्रथम वर्ष में ही स्लो लर्नर विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनकी शिक्षा के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्लो लर्नर विद्यार्थियों हेतु उचित अवसर एवं मार्गदर्शन दिये जाने के निर्देश दिये।

राज्यपाल ने समीक्षा बैठक में कहा कि विद्यार्थियों से निरंतर फीडबैक लेते हुए उनकी समस्या समाधान हेतु प्रयास किया जाना चाहिए तथा समस्या समाधान हेतु विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संवाद तथा अध्यापकों का आपसी विचार विमर्श आवश्यक है। राज्यपाल की प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बापू बाजार की सराहना करते हुए राज्यपाल जी ने बापू बाजार में बेची जाने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता पर कार्य करने हेतु निर्देश देते हुए इस कार्य में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने को कहा। उन्होंने इसे सामाजिक सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से विश्वविद्यालय ने छात्रों को समाज के उत्थान में सक्रिय भागीदार बनाया है। ज्ञातव्य है कि विश्वविद्यालय के छात्र विभिन्न वस्तुओं को इकट्ठा कर उसे न्यूनतम धनराशि पर गरीब व जरुरतमंदों को बापू बाजार के माध्यम से बेचते है। उन्होंने इसे सामाजिक उत्थान और सामाजिक जागरूकता में वृद्धि हेतु सकारात्मक पहल बताया और कहा कि इससे छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्यूनिटी रेडियो आगरा की आवाज की सराहना करते हुए इसके माध्यम से अद्यतन एवं समसामयिक मुद्दों पर चर्चा कराने को कहा। राज्यपाल ने रेडियो के माध्यम से बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों, उनके लक्षण एवं निदान के उपायों के बारे में नागरिकों को सही जानकारी उपलब्ध कराये जाने के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा और संवर्धन, पौष्टिक आहार का महत्व तथा स्वच्छता के महत्व जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विकसित किये गये सारथी द ट्यूशन फाइंडर ऐप की सराहना करते हुए इस प्रकार के नवाचारों को प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये।

राज्यपाल ने नैक में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विश्वविद्यालय के आपसी समन्वय को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को भी नैक की उपयोगिता बताकर नैक की तैयारी में प्रतिभागी बनाएं। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय नैक में उच्चतम ग्रेड के लिए तैयारी हेतु निरन्तर दिशा-निर्देश प्रदान किया जाता रहा है।

# सपा के मन में भारतीय इतिहास व संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● मुख्यमंत्री ने सेंगोल पर सपा के शीर्ष नेताओं की टिप्पणियों की निंदा की

**सेंगोल** पर समाजवादी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी पर सीएम योगी ने करारा प्रहार किया है। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखा कि यह सपा नेताओं की अज्ञानता को दर्शाता है। सीएम योगी ने लिखा कि समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। सेंगोल पर उनके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दर्शाती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दर्शाता है। सीएम योगी ने लिखा कि सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल पर टिप्पणी की थी।

# यूपी के बौद्ध पर्यटन स्थलों को विश्व मानचित्र पर मिलेगी पहचान, दिल्ली में कॉनक्लेव आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● केंद्रीय पर्यटन मंत्री के अलावा कई देशों के उच्चायुक्त और प्रदेश के उच्चाधिकारी होंगे शामिल

**उत्तर** प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से बोधि यात्रा का आयोजन कल 28 जून, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के होटल अशोका में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ-साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रतिष्ठित ट्रैवेल राइटर, ब्लॉगर और भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि भी आमंत्रित किये गये हैं।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बोधि यात्रा उत्तर प्रदेश के बोध धर्म से जुड़े स्थलों की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के लिए रखी गयी है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करना हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। उन्होंने ने कहा कि यूपी प्रारंभिक बौद्ध धर्म का केंद्र रहा है। यहीं से यह धर्म दुनिया के बाकी हिस्सों में फैला। बौद्ध धर्म को मानने वाले श्रद्धालु/पर्यटक प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश-दुनिया से उत्तर प्रदेश आते हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों, पर्यटन आकर्षण, पारंपरिक कला व शिल्प और संस्कृति एवं पर्यटन क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए निवेश के अवसर तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के लाभों और सब्सिडी के विवरण के विषय में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश के बौद्ध विरासत स्थलों की ऐतिहासिकता व सांस्कृतिक महत्व को पर्यटन की दृष्टि से बढावा देने एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने हेतु मंथन होगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली के होटल अशोका में आयोजित बोधि यात्रा के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। भगवान बुद्ध की असाधारण यात्रा विषय पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। जयवीर सिंह ने बताया कि बोधि यात्रा कार्यक्रम में नेपाल, भूटान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, श्रीलंका, लाओस पीडीआर, कंबोडिया, वियतनाम, इंडोनेशिया, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, मंगोलिया, चीन आदि देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के सचिव और अधिकारी गण, पर्यटन मंत्रालय एवं पर्यटन मंत्रालय के सचिव तथा अधिकारियों, संस्कृति मंत्रालय के सचिव एवं अधिकारी गण आमंत्रित हैं। इनके अलावा, अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उप्र, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ दिल्ली के पदाधिकारी, प्रतिष्ठित ट्रैवल राइटर एवं ब्लॉगर, ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर प्रतिनिधियों तथा भारतीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि आमंत्रित किए गए हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की पहचान बुद्ध भूमि की रही है। कपिलवस्तु, कौशांबी, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा और सारनाथ सहित 6 प्रमुख बौद्ध स्थल हैं। पर्यटन विभाग संकिसा को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहा है, जिससे अधिक से अधिक विदेशी बौद्ध अनुयायी भ्रमण के लिए आएं। बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश किसी वरदान से कम नहीं है। बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए प्रदेश की धरती आस्था का उच्च केंद्र है। राज्य सरकार प्रदेश स्थित पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित करने पर जोर दे रही है।

# सड़क की रिपेयरिंग के बाद ही भुगतान करें: कमिश्नर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिंचाई** और नमामि गंगे, जलापूर्ति की समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त द्वारा ग्राम पंचायतों में किए गए पाइपलाइन, वाटर सप्लाई और कनेक्शन के कार्य की गुणवत्ता की जांच संबंधित अधिकारियों से कराने के आदेश दिए गए हैं। वहीं, पाइप लाइन डालने के दौरान रोड कटिंग की रिपेयरिंग आदि होने के बाद ही पेमेंट किये जाने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त द्वारा राहत और खाद्यान सामग्री ससमय से वितरित करने के निर्देश भी दिए गए

गुरुवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सिंचाई व नमामि गंगे एवं जलपूर्ति एवं पंचायत पेयजल की मण्डलीय समीक्षा बैठक की गयी। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त केवके सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। हर घर जल योजना की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि जनपद हरदोई की प्रगति रिपोर्ट 92.5 प्रतिशत है। हर घर जल योजना से 42.6 प्रतिशत ग्राम सभा अच्छादित है। 99.5 प्रतिशत नलकूप क्रियाशील है। उन्होंने कहा कि किए गए कार्य जैसे पाइपलाइन, वाटर सप्लाई व कनेक्शन की जांच की गुणवत्ता संबंधित अधिकारीयों द्वारा कराते रहे। जनपद रायबरेली सीतापुर में प्रगति रिपोर्ट धीमी रहने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन डालने के दौरान रोड कटिंग की जाती है। उन सड़कों की रिपेयर करने के उपरांत ही वेंडरो का भुगतान किया जाए। रेन वाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग जहाँ बने हैं उनकी डी.शिल्टिंग करा लिया जाए, जिससे उसकी क्षमता में वृद्धि हो सकेए संबंधित अधिकारी उसकी क्रियाशीलता भी चेक करले। वर्षा जल संचयन को लेकर संबंधित जनपदों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। वर्षा के पानी का सदुपयोग के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए समय से तैयारी किया जाना सुनिश्चित किया जाये। अमृत सरोवर की भी चेकिंग करा लिया जाए। नलकूपों की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 लखनऊ मंडल के तहत 139 गहरे नलकूप के लक्ष्य के सापेक्ष 139 गहरे नलकूप का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि शासकीय एवं अर्धशासकीय भावनाओं पर रूफटॉप पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग एंड ग्राउंडवाटर रिचार्जिंग प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिससे वर्षा जल को शोधित व संभरण करते हुए भूमिगत जल के भंडार को बढ़ाया जा सके। अगर कोई नलकूप खराब है तो उसकी तत्काल मरम्मत कराते हुए क्रियाशील कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बाढ़ तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि अपनी कार्य योजना अच्छे से बनाते हुए मोटर बोर्ड, गोताखोर, नाव व राहत शिविर क्रियाशील कर दिया जाए। स्वास्थ विभाग द्वारा कैम्प लगाने का कार्य, बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान, हैंडपंप की चेकिंग व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मैनपावर की संख्या में बढ़ोतरी कर ले। राहत और खाद्यान सामग्री ससमय से वितरित किया जाना है। पशुओं के लिए भूसे का प्रबंध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण, मिली पर्याप्त व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मोहनलालगंज** तहसील के वेयर हाउस का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में साफ सफाई पर्याप्त पाई गयी। वेयर हाउस में 24 कमरें हैं, जिसमें ईवीएम एवं वीवीपैट में रखे गए हैं। इन सभी डबल लॉक से सील किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयरहाउस में उपस्थित अग्निशमन उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने तहसील मोहनलालगंज स्थित निर्वाचन विभाग के ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 27 जून को पूवान्ह 11 बजे किया। इसके निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाये भारत निर्वाचन आयोग ने निर्धारित मानक के अनुरूप पाये। उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज बृजेश वर्मा ने बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस में कुल 24 कमरे है। सभी कमरे जिसमे ईवीएम एवं वीवीपैट रखे गए है वह डबल लॉक से सील किए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण किया। भ्रमण में वेयरहाउस में पर्याप्त साफ सफाई पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस में उपस्थित अग्निशमन उपकरणों का भी निरीक्षण किया। सभी उपकरण कार्यशील अवस्था में पर गए। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि वेयरहाउस परिसर में छायादार वृक्ष का रोपण कराया जाए। परिसर की बाउंड्री वॉल के चारो तरफ वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पाटी से चक्रवीर सिंह एवं समाजवादी पार्टी से एडवोकेट राम लखन यादव तथा और जिलाधिकारी भू आ प्रथम धर्मेंद्र सिंह, बृजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउसए शशांक उपाध्याय, तहसीलदार, मोहनलालगंज, लखनऊ एवं अभय किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, उपस्थिति थे।

# 17 नगर निगमों में चार लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों का हुआ सफल एकीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी की सेफ सिटी की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रमुख सचिव, गृह विभाग और प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस विभाग, विकास प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ प्रदेश के 17 नगर निगमों के नगर आयुक्त सम्मिलित हुए। इस पहल के तहत, प्रदेश के 17 नगर निगमों में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के 4 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत स्थापित आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) और आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) से जोड़ा गया है। कानपुर और लखनऊ नगर निगमों ने सबसे अधिक निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों को कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा है और इन कैमरों के माध्यम से नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। इन कैमरों को कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ने का परिणामस्वरूप, 24×7 घटित होने वाली अवांछनीय घटनाओं जैसे अतिक्रमण, चोरी, मारपीट, अपराध और निराश्रित जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की निगरानी संभव हो पाई है। इसके कारण प्रदेश के नगर निगमों में इन घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी आई है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत चिन्हित प्रत्येक डार्क स्पॉट पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अद्यतन, प्रदेश में कोई भी डार्क स्पॉट नहीं है और महिलाओं की सुरक्षा व सुविधा हेतु प्रदेश के सभी नगर निगमों में 192 से अधिक पिंक टॉयलेट का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। समीक्षा के बाद, पुलिस विभाग और अन्य शासकीय विभागों के साथ समन्वय करते हुए, नगरों में पेट्रोल पम्पों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, शराब दुकानों, बैंकों और आवासीय परिसरों के बाहर स्थापित सीसीटीवी कैमरों को अधिक संख्या में वेब और लूप के अंतर्गत एकीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कानपुर रोड पर आवंटी को एक सप्ताह में कब्जा दिलाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** में वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिविर में इंदिरानगर निवासी ने रजिस्ट्री के बाद भी अध्यासी को अवैध कब्जे के चलते कानपुर रोड योजना के आवास पर कब्जा नहीं मिलने की शिकायत की। एक सप्ताह में एलडीए वीसी द्वारा खाली कराकर कब्जा देने का निर्देश दिया गया। शिविर में कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 1 प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में वरिष्ठ नागरिक दिव्यांगजन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जन सामान्य की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और इनके समयबद्ध निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न पटलों में न जाना पड़े, इसके लिए उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक माह के चतुर्थ बृहस्पतिवार को इस विशेष शिविर की व्यवस्था की गई है। शिविर में पहुंचे नेहरू इन्क्लेव निवासी रवि शंकर श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि प्राधिकरण ने अप्रैल, 2024 में योजना में नयी सड़क बनायी है। इसमें आंतरिक सड़क व सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर भी बनवाये गये हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को दिक्कत होती है। इस पर उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। वहीं, इंदिरा नगर निवासी संतोष मिश्रा ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें कानपुर रोड योजना के सेक्टर.एम 1 में भवन संख्या.719 आवंटित है। जिसकी रजिस्ट्री भी हो गयी है, लेकिन भवन में अवैध अध्यासी के चलते उन्हें कब्जा नहीं मिला है। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिशासी अभियंता को सात दिन के अंदर भवन खाली कराकर आवंटी को कब्जा दिलाने के निर्देश दिये। इसके अलावा अलीगंज के सेक्टर.बी निवासी सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने मकान के फ्री.होल्ड के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सम्बंधित अधिकारी को 15 दिन के अंदर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। नेहरू इन्क्लेव निवासी प्रतिभा श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि कालोनी में स्थित श्री राम पार्क में मलबा पड़ा है, जिससे पेड़.पौधे पनप नहीं पा रहे हैं। साथ ही पार्क की बाउन्ड्रीवॉल भी छोटी है, जिसके चलते आवारा जानवर पार्क में घुस आते हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिशासी अभियंता को स्थल निरीक्षण करके कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि शिविर में कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 1 प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# सजावटी मछली पालन के माध्यम से दलित समाज की महिलाओं को सशक्त बनाने की कवायद

● आउटरीच कार्यशाला और इनपुट वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आर्थिक** सशक्तिकरण और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, क्लस्टर तालाब निर्माण और सजावटी मछली वितरण के लिए एक आउटरीच कार्यशाला और इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन शेड्यूल कास्ट सब प्लान (एससीएसपी) परियोजना के तहत किया गया। यह कार्यक्रम बाराबंकी जिले के धानकुट्टी गांव में आयोजित किया गया, जिसमें एक्वावर्ल्ड और आईसीएआर एनबीएफजीआर का सहयोग रहा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शेड्यूल कास्ट समुदाय की महिलाओं को सूक्ष्म उद्यम शुरू करने के लिए एक स्थायी आय स्रोत बनाना है। सजावटी मछली पालन और संस्कृति, एक नया कौशल जिसे इन महिलाओं ने सीखा है, इसमें महिलाओं द्वारा स्वयं बनाए और तैयार किए गए एक्वेरियम हाउस को बनाए रखना शामिल है। रखरखाव के तकनीकी विवरणों में महारत हासिल करके, महिलाओं ने इस उद्यम का प्रबंधन करने के आत्मविश्वास और क्षमता को हासिल किया है। इस पहल की नींव 21-23 फरवरी, 2024 को आयोजित प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम के दौरान रखी गई थी। इस कार्यक्रम ने महिलाओं के बीच बुनियादी क्षमता का निर्माण किया, जिससे उन्हें आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के बाद, एक्वावर्ल्ड द्वारा एक समर्पित व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से निरंतर समर्थन प्रदान किया गया। इस प्लेटफॉर्म ने महिलाओं को अपनी समस्याओं को संवाद करने और तात्कालिक समाधान प्राप्त करने की अनुमति दी, जिससे सुचारू प्रगति और चुनौतियों को दूर किया जा सका।

# हाईटेक नर्सरी से किसानों को सस्ते दामों में मिलेंगे उच्च क्वालिटी के पेड़-पौधे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके ये नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया था ,जिसको लेकर जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 125 साइटों के सापेक्ष 67 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसमें से 38 हाईटेक नर्सरी पर कार्य पूर्ण किया गया है। नर्सरी की देख-रेख करने के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं, जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद-बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। सरकार उच्च क्वालिटी व उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रही है। प्रत्येक जनपद में पौधशालाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। इनमें किसानों को फूल और फल के साथ सर्पगंधा, अश्रवगंधा, ब्राह्मी, कालमेघ, कौंच, सतावरी, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को रोपने के लिए जागरूक किया जा रहा है। किसानों को कम लागत से अधिक फायदा दिलाने के लिए पौधरोपण की नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में 150 हाईटेक नर्सरी के निर्माण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, जिसके सापेक्ष 126 हाईटेक नर्सरी की स्वीकृति जनपद स्तर पर की जा चुकी है।

# लाइनों के क्रॉस पर भी नही लगाई वायर गार्डिंग, लोगों को सता रहा हादसे का डर

संवाददाता। मोहनलालगंज

**अधिकारियों** की लापरवाही से समेसी में रोड के ऊपर से गुजर रही 33 और 11 केवी लाइन के क्रॉस पर भी वायर गार्डिंग लगाने की जरूरत नहीं समझी गई है। लिहाजा रोड से लोगों के आवागमन के दौरान हमेशा जानलेवा हादसे की आशंका बनी रहती है।

मोहनलालगंज के समेसी सबस्टेशन से आधा किलोमीटर दूर समेसी बाजार में मुख्य रोड से शुकुलुआ की और गई रोड के ऊपर खुजेहटा से आई 33 केवी और प्राइवेट ट्यूबवेल की 11 केवी लाइन एक दूसरे को क्रॉस कर रही हैं। लेकिन दोनो लाइन क्रॉस पर भी सुरक्षा की दृष्टि से वायर गार्डिग नहीं लगाई गई। इसी क्रॉस के नीचे से नहर भी गुजरी है। ऐसे में रोड से आवागमन के दौरान लोग काफी डरते हुए निकलते हैं। लोगों को दोनों लाइन के क्रॉस के नीचे से गुजरने के दौरान हमेशा जानलेवा हादसे का डर बना रहता है। समेसी सबस्टेशन के जेई और एसडीओ भी इस रोड से गुजरते रहते हैं। फिर भी जिम्मेदारों को इसे दुरुस्त कराने की फुरसत नहीं मिल सकी है। एसडीओ उपेंद्र पटेल ने बताया 33 केवी लाइन के नीचे गार्डिंग की जरूरत नहीं पड़ती है। लेकिन 11केवी लाइन के नीचे सुरक्षा की दृष्टि से वायर गार्डिंग लगाई जानी चाहिए।

### सबस्टेशन में लगा रहे मीटर स्क्रैप के ढेर, बारिश में मच्छर पनपने का खतरा



**मोहनलालगंज।** न्यू सबस्टेशन पर मीटर के स्क्रैप से कमरे भर गए हैं। लिहाजा मीटर सेक्शन के कर्मचारी अब सबस्टेशन परिसर में इन स्क्रैप के ढेर लगाकर गंदगी फैलाने लगे हैं। जिससे इन दिनों हो रही बारिश में सबस्टेशन परिसर में मच्छर पनपने का खतरा बढ़ रहा है। मोहनलालगंज न्यू सबस्टेशन के फर्स्ट फ्लोर पर डिवीजन ऑफिस और ग्राउंड फ्लोर पर ही मीटर सेक्शन का भी ऑफिस है। कई माह से बदले जा रहे मीटर का स्क्रैप विभाग को नहीं भेजे जाने से मीटर सेक्शन के दो कमरे लगभग भर गए हैं। लिहाजा कर्मचारियों ने अब बाहर खुले में मीटर स्क्रैप के ढेर लगाने शुरू कर दिए हैं। जिससे इन दिनों हो रही बूंदाबादी में इन स्क्रैप में पानी भरते ही बीमारियां फैलाने वाले मच्छर पनपने का खतरा बढ़ रहा है। जिसे लेकर सबस्टेशन आने वाले उपभोक्ता कर्मचारियों से इन स्क्रैप को किसी सुरक्षित जगह डंप कराने की मांग कर रहे हैं।

# वेब पोर्टल्स की संरचना एवं विकास पर प्रशिक्षण का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीनदयाल** उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से तीन दिवसीय आवासीय, ग्राम विकास एवं पंचायतीराज पर आधारित वेब पोर्टल्स की संरचना एवं विकास विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हो गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में लक्षित 40 प्रतिभागियों के सापेक्ष 37 प्रशिक्षु प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र के अवसर संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी ने बताया है कि इस साइबर युग में, वेब पोर्टल का अत्यधिक महत्व है। हमारे प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग से सम्बन्धित अनेकों प्रकार के सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। परन्तु यथोचित वेब पोर्टल्स की संरचना एवं विकास न किये जाने के कारण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की सम्पूर्ण सूचनाएं संरक्षित करने में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तत्क्रम में एनआईआरडी,हैदराबाद के सहयोग से संस्थान द्वारा उक्त विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे सम्बन्धित शासकीय हितग्राहियों को वेब पोर्टल्स की संरचना व इसको यथोचित रूप से विकसित किये जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ताकि भविष्य में कुशलतापूर्वक समस्त सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों व जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों के आयोजन किये जाने के उपरान्त वेब पोर्टल्स पर सूचनाओं को अपलोड किया जा सके।

# किशोरों और युवाओं में नशे की लत हो रही है घातकः डा. अभिनव टंडन

## नशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को करता है प्रभावितः डा. शांति चौधरी



**प्रयागराज।** किशोरों और युवाओं में नशे की लत विशेष रूप से घातक होती है। आज कल कम उम्र में बच्चे नशीली चीजों का सेवन कर रहे हैं जो बहुत चिंता का विषय है। नशीली चीजों का सीधा प्रभाव हमारे दिमाग पर पड़ता है। यह बातें मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभिनव टंडन ने कहीं। डा अभिनव टंडन ऑल इंडिया विमेन्स कॉन्फ्रेंस की ओर से कर्नलगंज स्थित उत्कर्ष कोचिंग में आयोजित संगोष्ठी में छात्रों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक कर रहे थे। डॉ अभिनव टंडन ने कहा कि नशा लोग अपने दुःख से उबरने के लिए या फिर खुशियां पाने के लिए करते हैं। जबकि इसकी वजह से नशीली चीजें लेने की मात्रा धीरे धीरे बढ़ती जाती है और उनका दिमाग कुंठित हो जाता है। उन्माद अवसाद दुश्चिंता और नकारात्मक विचार व्यक्ति का सामान्य जीवन नहीं जीने देते। कार्यक्रम के प्रारंभ में एआईडब्ल्यूसी की अध्यक्षा रचना अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए विशेषज्ञों को पुष्पगुच्छ प्रदान किए। स्टैंडिंग कमेटी मेंबर डॉ शान्ति चौधरी ने कहा कि नशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। एक बार नशे की लत पड़ जाने पर उसे छोड़ना बहुत कठिन होता है। उन्होंने आसपास के कुछ लोगों के उदाहरण देकर नशाखोरी के दुष्परिणाम से विद्यार्थियों को आगाह किया। डॉ शांति चौधरी ने इससे बचाव के लिए कहा कि नियमित अनुशासित दिनचर्या व्यायाम योग एवं ध्यान को अपनाएं और कोई न कोई शौक जरूर होना चाहिए। क्लीनिकल साइकोथेरेपिस्ट मालविका राव ने कहा कि समय समय पर बच्चों की काउंसलिंग की जानी चाहिए। अधिक कंपटीशन बेरोजगारी और अन्य सामाजिक विषमताओं के कारण बच्चे कुंठाग्रस्त हो जाते हैं और यदि समय से उन पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये बच्चे नशे की ओर आकर्षित हो सकते हैं। इस मौके पर कई विद्यार्थियों ने अपनी परेशानियां बतायीं। उनकी जिज्ञासाओं और उनकी समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों ने बड़ी सूझबूझ के साथ दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ अभिनव टंडन एवं मालविका राव को स्मृति चिह्न वरिष्ठ सदस्या सुषमा राठी ने प्रदान किया। सचिव ज्योति श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया विमेन्स कॉन्फ्रेंस की वरिष्ठ सदस्य खैरुन निसा साबिर सुरैया इकबाल साधना अग्रवाल रश्मि शुक्ला लक्ष्मी अवस्थी डॉ गीता कौरा आराधना टंडन अर्चना मौर्या और उत्कर्ष कोचिंग के प्रबंधक यतेंद्र सिंह शिक्षक अजीत तिवारी समेत सैंकड़ों विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सरकारी कामकाज में अधिकाधिक हो राजभाषा हिंदी का प्रयोगः हिमांशु बडोनी



**प्रयागराज।** शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिंमाशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति प्रयागराज मंडल की बैठक मंडल कार्यालय के संकल्प सभागार में संपन्न हुई। मंडल रेल प्रबंधक हिंमाशु बडोनी ने राजभाषा की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। जिसे हम नैसर्गिक रूप में प्रकट कर सकते हैं। राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग सरकारी कामकाज में करने के लिए हमें इसे अपने दैनिक जीवन में बोलचाल की भाषा और व्यवहार में प्रयोग करना होगा तभी राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को बढ़ावा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में पत्रों सारपृष्ठों फाइलों पर प्रयोग किए जाने वाले वाक्यों आदि में क्लिष्ट हिंदी का प्रयोग न कर सहज रूप से समझ में आने वाले शब्दों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि हिंदी को हमें स्वयं के कर्तव्य के रूप में प्रयोग करना चाहिए न कि किसी दबाव अथवा सुझाव के रूप में सर्वप्रथम हमें राजभाषा हिन्दी बोलते वक्त स्वयं को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। क्योंकि हम भारतीय हैं और भारत आम जनमानस की भाषा हिन्दी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने मनोभावों को व्यक्त करने में अपनी भाषा का प्रयोग करना चाहिए और सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान हिंदी प्रगति की भी जायजा लें और पायी गई कमियों को दूर कराने हेतु ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी नवीन प्रकाश ने प्रयागराज मंडल में राजभाषा हिंदी की प्रगति से सभी शाखाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक के दौरान सभी शाखाधिकारियों सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन अजय कुमार राय भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक राजीव चतुर्वेदी ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मंडल के सभी विभागों के शाखा प्रमुख उपस्थित थे। बैठक का संचालन जनसंपर्क अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने किया। यह जानकारी अमित कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे ने दी।

# प्रतिभाशाली और ईमानदार नौकरशाह थे मुचकुंद दुबे

## पूर्व विदेश सचिव के निधन पर कुलपति ने जताया शोक



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रो सत्यकाम ने देश के पूर्व विदेश सचिव और जेएनयू के प्रोफेसर रहे मुचकुंद दुबे के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रो सत्यकाम ने कहा कि एक अत्यंत प्रतिभाशाली और ईमानदार नौकरशाह के रूप में उन्होंने भारत का कई जगह प्रतिनिधित्व किया। वह 1957 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। बांग्लादेश में उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया। कूटनीति से परे उनकी विद्वतापूर्ण गतिविधियाँ व्यापक थीं। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय ऑक्सफ़ोर्ड और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डिग्री और कलकत्ता विश्वविद्यालय से डी लिट की उपाधि प्राप्त की। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद जेएनयू में उन्होंने आठ साल तक अध्यापन कार्य किया जो शिक्षा और अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। प्रो सत्यकाम ने कहा कि प्रो दुबे का योगदान वैश्विक अर्थव्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा विकास सहयोग और दक्षिण एशियाई सहयोग तक फैला हुआ है। उन्होंने इन विषयों पर कई किताबें और पत्र लिखे जिन्होंने नीति और शिक्षा जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उनकी शोध रुचि में विश्व अर्थव्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और मौद्रिक प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और निरस्त्रीकरण विकास सहयोग विशेष रूप से दक्षिण एशियाई सहयोग और भारत में सामाजिक और आर्थिक विकास से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। वह अपने पीछे प्रतिष्ठित राजनयिक सेवा और अर्थशास्त्र तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में विद्वतापूर्ण योगदान की विरासत छोड़ गए हैं। प्रो सत्यकाम ने उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रो सत्यकाम ने कहा कि मुचकुंद दुबे के परिवार से उनका गहरा नाता था। उन्होंने इस क्षति को गहराई से महसूस किया। प्रो मुचकुंद दुबे का प्रयागराज से भी गहरा पारिवारिक नाता रहा है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र जनसंपर्क अधिकारी ने दी है।

# जिला जज, डीएम व एसपी नए कारागार का किया निरीक्षण

## कैदियों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा



**सोनभद्र।** जिला न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जज ने जिला कारागार के कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता किया और उनको उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी बारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कैदियों से सरलता व सुगमता पूर्वक वार्ता कर कारागार द्वारा उपलब्ध करायें जा रहें भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा, पीने के पानी आदि की गहनता पूर्वक जायजा लिया। इस दौरान जिला कारागार के हातों के बैरकों में बारी बारी से स्वयं जाकर कैदियों की स्थिति को देखा और वार्ता कर उनके परिवारों को मुलाकात के समय किसी प्रकार की समस्या तो नही होती, के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। इस दौरान कारागार में बने अस्पताल बैरक को भी देखा चिकित्सक उपस्थित मिले, जिस पर चिकित्सकों से कैदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए रोजाना बैरक अस्पताल में चिकित्सकों के आने जाने की स्थिति का जायजा लिया। कैदियों को दिये जाने वाले भोजन के किचन का निरीक्षण किया गया, जहां कैदियों हेतु बनाये जा रहे रोटी, सब्जी चावल व दाल के गुणवत्ता को देखा गया और निर्धारित रोस्टर की जानकारी प्राप्त की गयी। f

## 14 विस्थापितों के पुनर्स्थापन को प्लॉट वितरण



**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के भूस्थापित व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा ग्राम परसवार राजा में भूखंड वितरण किया गया। भूखंड वितरण कार्यक्रम में परियोजना के कुल 14 विस्थापितों के पुनर्स्थापन हेतु एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा निर्मित ग्राम परसवार राजा के परसवार राजा पुनर्वास कालोनी में 14 प्लॉट वितरण कर उन्हें जिला प्रशासन द्वारा स्थल कब्जा दिलाया गया। पूर्व में परसवार राजा कालोनी के कुछ रिक्त भूखंडों पर अनिधिकृत एवं अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था, जिसे एनटीपीसी सिंगरौली के सम्पदा अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी, दुद्धी व क्षेत्राधिकारी पिपरी को संज्ञान में लेकर उनके सहयोग से अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उक्त भूखंड को खाली कराया गया था। पुनः उसी प्लॉट पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बल्ली व कँटीली तार लगाकर एवं सब्जी आदि बो कर कब्जा कर लिया गया, उक्त स्थल संवेदनशील होने के कारण एवं मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी दुद्धी द्वारा मजिस्ट्रेट व पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति कर परसवार राजा ग्राम प्रधान, एनटीपीसी अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्वक विधिसम्मत कार्रवाई कर भूखंड को खाली कराया गया। तत्पश्चात् उन भूखंडों को उन सभी आवंटित विस्थापितों के नाम पर प्लॉट वितरण कर उन्हें हाथों हाथ सौंप दिया गया। प्लॉट वितरण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार ज्ञानेन्द्र कुमार यादव राजस्व निरीक्षक बृजलाल मिश्रा लेखपाल रीता वर्षा वर्मा सहायक पुलिस बल तथा एनटीपीसी सिंगरौली के सम्पदा अधिकारी असीम शेखर सिंह एवं एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के अन्य अधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जीएम एनसीआर ने किया त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका रेल संगम विशेषांक का विमोचन

# राजभाषा नीति को लागू करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**उतर मध्य रेलवे** मुख्यालय में महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल की अध्?यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्?वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल ने कहा कि संघ की राजभाषा नीति को लागू करना हम सबका संवैधानिक कर्तव्य और कानूनी दायित्व है और हम इसके प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हिंदी का प्रयोग प्रसार प्रेरणा और प्रोत?साहन की नीति द्वारा किया जाना अपेक्षित है। साथ ही सरकार और रेलवे बोर्ड के आदेशों और दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य हेतु हमें सरल सहज और सुबोध हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। श्री गोयल ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3 ;3द्ध के शत प्रतिशत अनुपालन पर विशेष रूप से बल देते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके अंतर्गत सभी कागजात एवं प्रलेख हिंदी अंग्रेजी द्विभाषी रूप में जारी किए जाएँ। साथ ही सभी प्रकार के पत्राचार में हासिल प्रगति को बनाए रखा जाए और लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयासकिया जाए। महाप्रबंधक श्री गोयल ने कहा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर परहिंदी में काम करने में दक्ष होना चाहिए तथा वेबसाइट पर सभी सूचनाएं हिंदी अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब?ध कराने के साथ साथ सूचनाओं को दोनों भाषाओं में एक साथ अपडेट कराया जाए। रेल परिचालन से संबंधित सामान्य एवं सहायकनियम आदि के करेक्शन स्लिप और विभिन्न विभागों के परिपत्र हिंदी अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए जाएं। श्री गोयल ने मंडलों के अधिकारियों को निर्देश दिया किस?टेशनों पर यात्री एवं ग्राहक सेवा और सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं तथा अन?यसभी मदों विशेष रूप से सभी इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले सूचनाओं कोच गाइडेंस सिस्टम आदि में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं काअनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाए तथा इन?हें किसी भी स्थिति में केवल अंग्रेजीमें न प्रदर्शित किया जाए। स?टेशनों पर प्रदर्शित सूचनाओं में पाई जाने वालीवर्तनी आदि की अशुद्धियों को तत?परता के साथ ठीक कराया जाए। महाप्रबंधक श्री गोयल ने हाल ही में भुसावल में रेलवे बोर्ड स?तर परआयोजित अखिल रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता तथा हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं में पुरस?कार प्राप?त करने वाले उत?तरमध?य रेलवे के कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि हमारे कर्मचारियों ने इन उपलब्धियों को अर्जित कर अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखा है। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल ने मुख?यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका रेल संगम के भंडार विभाग विशेषांक का विमोचन किया।बैठक में मुख?य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेन्द्र कुमार ने समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल एवं सभी सदस?यों का स्वागत किया और राजभाषा के प्रयोग प्रसार के लिए किए गए कार्यों और हासिल की गई उपलब्धियों सेअवगत कराया। सतेन्द्र कुमार ने बताया कि गत दिनों क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र मध्य रेल भुसावल में आयोजित अखिल रेल टिप्पण एवं प्रारूपलेखन प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे के दो कर्मचारियों को पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पिछली बैठक के बाद से कई हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने का व?यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साहित?यकारों और महापुरुषों की जयंती के अवसर पर कई साहित्यिक संगोष?ठी का आयोजन किया गया।प्रख्यात विद्वान एवं साहित्यकार पंडित राहुल सांकृत्यायन और हिंदी भाषा एवंसाहित्य के युग निर्माता आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय झाँसी में तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर साहित्यिक संगोष?ठी आयोजित की गई। आगरा मंडल कार्यालय में वाणिज्य विभाग में किए जा रहे कार्यों की राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। मुख?यालय कीत्रैमासिक राजभाषा पत्रिका रेल संगम के नए अंक भंडार विभाग विशेषांक का प्रकाशन किया गया है। बैठक में सभी प्रधान विभागाध?यक्ष एवं अन?य अधिकारी उपस्थित थे। मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक कारखानों के मुख?य कारखाना प्रबंधक एवं अन?य सदस?य अधिकारियों ने बैठक में ऑनलाइन सहभागिता की। सभी अधिकारियों ने अपने अपने कार्यालयों में हो रही राजभाषा प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया। बैठक का संचालन वरिष?ठ राजभाषा अधिकारी चन?द्र भूषण पाण?डेय द्वारा किया गया। उप मुख?य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी मुख्यालय शैलेन्द्र कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसडीएम ने धानापुर और सकलडीहा में राजस्व मामलों का कराया निस्तारण

**सकलडीहाध्चन्दौली।** ।मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीमांकन कार्य के लिये अब भू स्वामियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। गुरूवार को एसडीएम अनुपम मिश्रा ने तहसील क्षेत्र के सकलडीहा और धानापुर में मौके पर पहुंचकर दो भूमि संबधि विवाद का सीमांकन कराकर निस्तारण कराया। लम्बे समय से परेशान भू स्वामियों ने एसडीएम के पहल की सराहना किया। इस मौके पर पुलिस फोर्स के साथ फरियादी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री की ओर से राजस्व संबधी समस्याओं को तेजी से निस्तारण



करने का निर्देश जारी हुआ है। इस क्रम में सकलडीहा तहसील में सीमांकन सहित अन्य समस्याओं को लेकर फरियादियों को तहसील और लेखपालों का चक्कर नही काटना पड़ेगा। सीमांकन संबधी विवाद का त्वरित निस्तारण को लेकर एसडीएम ने स्वंय गांवों में पहुंचकर निस्तारण करने की पहल शुरू किया है। इस क्रम में तहसील क्षेत्र के धानापुर में दो भूमि का सीमांकन कराकर राजस्व मामलों का निस्तारण कराया। इसके अलावा सकलडीहा में भी एक समस्या का निस्तारण कराया। एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि भू स्वामियों को सीमांकन या पैमाइस जैसी राजस्व समस्या के लिये अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। प्रतिदिन तहसील प्रशासन के अधिकारियों की ओर से राजस्व जैसी समस्याओं का तेजी से निस्तारण कराया जायेगा। इस मौके पर अरूण अवस्थीए शिवप्यारे दूबेए राकेश सिंह सहित अन्य राजस्व के अधिकारी मौजूद रहे।

## 24 घंटे से टूटी व लटकता तार दुर्घटना को दे रहा दावत

**सकलडीहाध्चन्दौली** ।क्षेत्र के अमावल गांव में 24 घंटे से एलटी तार टूटी है। ग्रामीण उमसभरी गर्मी से बेहाल है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मरम्मत नही कर रहे है। जिससे लोगो मे भारी आक्रोश है। ग्रामीणो ने चेताया कि शीध्र ही लटकती तार को ठीक नही होने ग्रामीण आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे। अमावल गांव के पूर्वी छोर पर 25 केवीए का ट्रासफार्मर लगा है। इस ट्रासफार्मर से आधे गांव को विद्युत आपूर्ति के साथ ही पंपिग सेट चलता है। लेकिन यह तार पूरी तरह जमीन की ओर लटक गया है। रास्ते से आवागमन करने पर लोगो से तार के संपर्क में आने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते मंगलवार शाम को ही ट्रासफार्मर से आने वाला एलटी तार टूटकर पोखरे में गिरा है। ये तो गनीमत कहिए कि कोई हादसा नही हुआ। टूटे तार की शिकायत उसी दिन सकलडीहा उपकेंद्र पर की गई लेकिन अभी तक तार को जोड़ा नही गया। जिससे आधा गांव इस भीषण उमस भरी गर्मी से बेहाल है। पंखाए कूलरएएसी शोपीस बना हुआ है। इसके साथ ही धान की नर्सरी सूख रही है। इसके बाद भी अधिकारी से लेकर कर्मचारी अनजान बने हुए है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। इ

## मीरजापुर वेब सीरीज से खराब हो रही छवि पर सामाजिक संगठनों ने नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी को सौंपा पत्रक'

**मीरजापुर।**मीरजापुर वेब सीरीज के कारण मीरजापुर की खराब होती छवि को लेकर मीरजापुर के कई सामाजिक संगठनों ने नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी को पत्रक सौपा है। मीरजापुर दरी कार्पेटएमेडिकल एसोशियनएअखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं श्री पंच दश नाम जूना अखाड़ा के महंत द्वारा अपने पत्रक में मीरजापुर के चारित्रिक हननएजिले के नाम



का दुष्प्रचार को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है।इन सभी संगठनों ने कहा है की मीरजापुर वेब सीरीज के कारण मीरजापुर की छवि को धूमिल किया जा रहा है।मीरजापुर जनपद एक प्राचीन एवं अध्यात्म की नगरी है।मीरजापुर साहित्यिकएसांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण जनपद है। मीरजापुर वेब सीरीज में हिंसाएअपराधएगैंगवार आदि को प्रमुखता दी गई है।जिससे असल मीरजापुर की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।बाहर के लोग मीरजापुर वासियों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रखते है।सीरीज के कारण युवाओं को गलत प्रेरणा भी मिल रही है।इसीलिए सभी संगठनों ने एकसुर में इस सीरीज को प्रतिबंधित करने की मांग नपाध्यक्ष से की है।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा है की मीरजापुर माता विंध्यवासिनी का धाम हैएजहा देश के कोने.कोने से लोग दर्शन को पहुंचते है।इसके साथ चुनार का किलाएऐतिहासिक घंटाघर और पक्के घाट यहां की पहचान है।लेकिन वेब सीरीज द्वारा मीरजापुर के बारे गलत छवि को पेश किया जा रहा है।जिससे युवाओं और मीरजापुर के बाहर के लोगो के मन में मीरजापुर के प्रति गलत धारणा बन रही है।

## शिकायतकर्ता को दबंग प्रधान ने दौड़ा दौड़ा कर पिटवाया

**सोनभद्र।** रामपुर बरकुनिया थाना क्षेत्र के सिल्थम गांव में प्रधान की शिकायत करना एक युवक को काफी महंगा पड़ गया, शिकायत से प्रधान इतने नाराज हुए कि अपने आधा दर्जन लठइतों के साथ शिकायतकर्ता युवक पर रात में हमला बोल दिया किसी तरह युवक जान बचाने में कामयाब हुआ सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने अस्पताल ले जाकर भरती करा दिया है घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। बताया गया कि सिल्थम गांव निवासी विकास गुप्ता पिछले 6 माह से प्रधान के गलत कार्य का विरोध कर रहा था खराब हैंड पंप की मरम्मत, हैंडपंपों के पास जल जमाव, मंदिर के पास की जमीन पर कब्जा समेत तमाम शिकायतें लगातार कर रहा था। अप्रैल माह में युवक की मां राधिका देवी ने अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौपा था उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव में ग्रामसभा की भूमि है जिस पर पंचायत मकान है, मंदिर है, हैंडपंप है उसी जमीन को गांव के ही संतोष जायसवाल, विलास, राजकुमार, जो काफी मनबढ़ व सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं ग्राम प्रधान से मिलकर गांवसभा की भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं इस शिकायती पत्र पर एसडीएम ने थानाध्यक्ष को मामले का निराकरण करने के लिए निर्देश दिया था यह पत्र राधिका देवी द्वारा जनता दर्शन में दिया गया था इसके बाद कल भी गांव के कुछ लोगों ने विकास के अगुवाई में लिखित शिकायती पत्र एसडीम को दिया था, इसकी जानकारी होते ही ग्राम प्रधान उसे सबक सिखाने की फिराक में लग गया बताया गया कि वह रात में लगभग 10 बजे जैसे ही रावर्टसगंज से सिलथम चौराहे पर पहुंचा तभी पहले से ही घात लगाए प्रधान व उसके सहयोगियों ने उस पर हमला बोल दिया उसे बुरी तरह मारा पिटा गया किसी तरह उसने दूसरे के घर में घुसकर अपनी जान बचाई इसकी सूचना किसी के द्वारा तत्काल थाने पर दी गई सूचना मिलते ही बरकुनिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तियरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया ।

# पुलिस चौकी का किया गया उद्घाटन



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉण् कौस्तुभ द्वारा श्रवण क्षेत्र में जिलाधिकारी के क्रिटिकल फंड से निर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण क्षेत्र को पर्यटन के नक्शे पर लाने के लिए जिला प्रशासन प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में तीव्र गति से विकास कर रहा है। पुलिस चौकी का निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद खण्ड अयोध्या द्वारा किया गया। साथ ही जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रवण क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यहां पर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराए जाए।अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जनपद अंबेडकरनगर अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण जनपद में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी अयोध्या में पर्यटको की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। जनपद अंबेडकर नगर में भी श्रवण क्षेत्रए शिव बाबाए जगरदेव बाबा एझारखंडी बाबा सहित अन्य स्थलों पर पर्यटन विभाग द्वारा अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। इससे भगवान राम नगरी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओ को जनपद में भी अनेक स्थल देखने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है। जनपद अंबेडकर नगर में भी पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। जिससे रोजगार सहित अन्य क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं बढ़ रही हैं। जिसे देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा इस क्षेत्र में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मौके पर अपर पुलिस अधीक्षकए क्षेत्राधिकारी अकबरपुरए तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# मड़िहानः चोरों के हौसले बुलंद

**मड़िहान मिर्जापुर।** तहसील क्षेत्र के संत नगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मलुवां गांव में बुधवार को चोर? वगैर खौफखेत में सोलर पंप के लिए लगा सोलर पैनल उठा ?ले गये।किसान के द्वारा सूचना देने पर भी कई घंटे तक मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। पुलिस की ढीली रवैए से क्षेत्र के किसान आक्रोशित हैं। जानकारी के अनुसार किसान राजन कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय राम नगीना पटेल निवासी ग्राम अमोईए थाना मड़िहानए मिर्जापुर का मौजा मलुवां में खेत है। खेत की सिंचाई के लिए सोलर पंप लगवाये थे। ?किसान जब खेत के सिंचाई के लिए बुधवार के शाम मलुवा अपने खेत पर पहुंचे तो सोलर पंप का 3 सोलर पैनल गायब था। किसान यह देख भौंचक रह गया। सामान? गायब देख किसान का हाथ पांव फुलने लगा। किसान



दौड़ कर सोलर पंप की ओर देखा तो सोलर पंप सही सलामत था। लेकिन अन्नदाता किसान का पंप चलाने वाले तीन सोलर पैनल गायब थे। किसान सोच में पड़ा अपने किस्मत को कोसता इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। पुलिस क ई घंटे तक मौके नहीं पहुंची। क्षेत्र में आये दिन चोरी को अंजाम देने वाले चोरों को लेकर जनता में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र वासियों ने नजदीकी थाने के पुलिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा पुलिस चोरों को नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही। चोरों पर लगाम लगाया जाता तो आये दिन क्षेत्र में चोरी नहीं होती।

## भारतीय अर्थव्यवस्था

### प्रगति के पथ पर

**भारतीय अर्थव्यवस्था** लगातार प्रगति के पथ पर बढ़ रही है। अपने दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को 'पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था' बनाने का आह्वान किया था। हालांकि, अभी यह सपना पूरा होने में समय लगेगा, पर उन्होंने भारत के उद्यमियों तथा अन्य हितधारकों को दिशा और उम्मीद दे दी है। हर लक्ष्य प्राप्त करने का एक मार्ग होता है जिस पर चलना जरूरी होता है। वास्तव में, दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था भारत लगातार वैश्विक निवेशकों और अर्थशास्त्रियों को समान रूप से आकर्षित कर रहा है। भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक प्रमुख पक्ष है। लेकिन यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अनेक बाधायें दूर करनी होंगी। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत वर्तमान वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर प्राप्त करेगा। नीतिगत दृष्टिकोण तथा विभिन्न आयामों पर नजर डालने से यह दावा महत्वपूर्ण और आशावादी दृष्टिकोण का परिचायक है। निसंदेह भारत की अर्थव्यवस्था ने विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए मजबूती प्रदर्शित की है जिनमें कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। अनेक आर्थिक संकेतक एक मिश्रित, लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। हालिया वर्षों में दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की प्रशंसा हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने हालिया वर्षों में शानदार वृद्धि प्रदर्शित करते हुए महामारी से पैदा स्थिति से निपटने में सफलता पाई है। 2023-24 की पहली तिमाही में उसकी जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी जो मजबूत आर्थिक गतिशीलता प्रदर्शित करती है।



लेकिन मूल्यवृद्धि व मुद्रास्फीति चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई मई, 2024 में 4.6 प्रतिशत पर था जो आरबीआई द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत में 2 प्रतिशत अधिक या कम की सहनशील सीमा में था। इसे प्रगति का सकारात्मक संकेत कहा जा सकता है। अर्थव्यवस्था का एक और चिन्ताजनक क्षेत्र बेरोजगारी है। जून, 2024 में शहरी बेरोजगारी 7.8 प्रतिशत तथा ग्रामीण बेरोजगारी 7.4 प्रतिशत थी जो चिन्ताजनक है। सुधारों के बावजूद महत्वपूर्ण विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन अधिक नहीं हो रहा है। टिकाऊ वृद्धि के लिए रोजगार जरूरी है और यह आर्थिक वृद्धि के लिए 'लाल संकेत' है। इस विभीषिका से निपटने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि इससे सभी सकारात्मक संकेतक प्रभवित हो सकते हैं। सकारात्मक रूप से भारत भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई आकर्षित कर रहा है जो 2024 के पहली छमाही में कुल 55.3 बिलियन डालर था। इसके साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था की प्रगति ने बिजनेस सुगमता पर अच्छा असर डाला है। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2025 में इसके 1 ट्रिलियन डालर पहुंचने की आशा है। इसमें भारत की युवा जनसंख्या का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है जो हमारा 'जनसंख्या लाभांश' है। भारत की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 25 वर्ष से कम है। इससे भारत बड़े व जीवन्त कार्यबल वाला देश है जो उपभोग और खोज को बढ़ावा देता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा इस साल 7.2 प्रतिशत वृद्धि दर प्राप्त करने का विश्वास भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और संभावनायें प्रकट करता है। लेकिन यह वृद्धि दर प्राप्त करने के लिए हमें मुद्रास्फीति, वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं तथा जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा समस्याओं का मुकाबला करना होगा। इससे ही टिकाऊ व समावेशी वृद्धि सुनिश्चित होगी।

# मोदी सरकार : अवसर व चुनौतियां

प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन के साथ ही जल-संसाधनों के दुरुपयोग से दिल्ली व अन्य स्थानों पर गंभीर जल-संकट सामने आ रहा है।



**विवेक सिंह**
(लेखक, अर्थशास्त्री हैं)



18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र 24 जून से शुरू हो गया है। सत्र की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार बनी तीसरी सरकार की चुनौतियों की भी शुरुआत हुई है। चुनौतियों को ठीक से साधा गया तो ये अवसर भी बन सकती हैं। इस बार विपक्ष मजबूत स्थिति में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष जहां 91 सीटों पर सीमित था वहीं इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन 234 सीटों के साथ मजबूत स्थिति में है। एनडीए ने अपना अध्यक्ष बनाने में सफलता प्राप्त की है। ज्यादा संभावना यह है कि डिप्टी स्पीकर पद एनडीए के घटक दलों में से किसी एक को मिल सकता है। मोदी की तीसरी सरकार के लिए आर्थिक विकास, कल्याणकारी योजनाएं और सब्सिडी में लाखों करोड़ रुपए के व्यय को एक साथ साधना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है।

प्रश्न वरीयता का है। समावेशी एवं समग्र विकास के लिए सरकार को गरीबों के प्रति अत्यंत संवेदनशील रहना होगा, साथ ही साथ आर्थिक विकास की गति को भी तेज करने का उत्तरदायित्व होगा। इसकी झलक आगामी जुलाई महीने के पूर्ण बजट में परिलक्षित होगा। आने वाले 23 वर्षों, 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखने की प्रतिबद्धता सरकार ने जाहिर की है जो सच होती दिख रही है। चुनौतियों के बावजूद देश इसी प्रकार प्रगति पथ पर बढ़ता रहा तो 2047 के पहले ही भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो सकता है। पिछले तीन सालों से लगातार जीडीपी ग्रोथ रेट 7 से 8.5 प्रतिशत के बीच में है जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत थी। भारत सरकार का वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर एक्सपोर्ट का लक्ष्य है। कुछ वर्षों में भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अनुमानतः वर्ष 2026 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो सकता है। समान नागरिक संहिता का मुद्दा 1950 से ही भाजपा के एजेंडे में शामिल रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी समान नागरिक संहिता भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल थी। कई प्रदेशों सरकारों ने इस पर कार्य आरंभ कर दिया है। यह संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब एनडीए के आंतरिक घटकों में सामंजस्य स्थापित होने के साथ ही साथ विपक्षी दलों में भी इसको लेकर आपसी सहमति बने। समान नागरिक संहिता देश में लागू हो जाती है तो यह सरकार, बीजेपी और एनडीए के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

एक राष्ट्र एक चुनाव अवधारणा के अंतर्गत लोकसभा और सभी विधान सभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार चुनावी भाषणों में एक राष्ट्र एक चुनाव के संकल्प को दोहराते हुए स्पष्ट किया था कि सरकार बनने पर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सरकार काम करेगी। संविधान संशोधन के जरिए ही एक राष्ट्र एक चुनाव को सुनिश्चित किया जा सकता है जिसके लिए सभी पार्टियों में आम सहमति का होना आवश्यक है। एक राष्ट्र एक चुनाव के अनेकों फायदे हैं। एक अनुमान के मुताबिक यदि लोकसभा के साथ सभी विधानसभा चुनाव भी हो जाएं तो देश के लगभग 5 लाख करोड़ रुपए बचाए जा सकते हैं। इससे चुनावी मशीनरी के समय और पैसे की बर्बादी रुकेगी। आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। देश के विकास के लिए समावेशी, संतुलित, विकासोन्मुख बजट आवश्यक है। 140 करोड़ लोगों के विकास के साथ देश का विकास जुड़ा है। इस समय समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुख बजट देश की अनिवार्यता है। एक तरफ जहां देश की आय में वृद्धि जरूरी है वहीं दूसरी तरफ खर्चों पर अंकुश लगाना अनिवार्य है। मोदी सरकार 2.0 में निर्मला सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में कार्य बेहतर और सराहनीय था। उम्मीद यही है कि मोदी सरकार 3.0 में भी निर्मला सीतारमण का वित्त मंत्री के रूप में कार्य बेहतरीन होगा। अगले महीने जुलाई में पूर्ण बजट आएगा जो 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। बजट गरीबों के आशा आकांक्षाओं पर खरा उतरने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए। किसानों की आय में वृद्धि मोदी सरकार के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में किसानों के आय में वृद्धि हुई है परंतु यह आशा के अनुरूप नहीं है। किसानों को उनकी फसल का वास्तविक मूल्य मिलना चाहिए, इसके लिए बिचौलियों पर नकेल रखना बहुत आवश्यक है। वर्तमान समय में अनेक प्रयासों के बावजूद जो पैसा किसानों को पहुंचना चाहिए वह बिचौलियों को पहुंच रहा है। बिचौलिए मालामाल हैं और किसान बेहाल हैं। किसान सम्मान निधि सरकार की एक बेहतरीन योजना है जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है और किसानों के जीवन स्तर में अनुकूल सुधार आया है। कृषि कानूनों में आवश्यक सुधार कर जल्द से जल्द लागू करना चाहिए ताकि किसानों की आय में आशा के अनुरूप वृद्धि हो।

महंगाई एवम बेरोजगारी पर लगाम जरूरी है। 2024 के आम चुनाव में महंगाई एक प्रमुख मुद्दा था जिसे विपक्ष द्वारा लगातार उठाया गया। पिछले 10 वर्षों के महंगाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कुछ वर्षों को छोड़कर ज्यादातर महंगाई दर नियंत्रण में ही रही है। 3 से 5 प्रतिशत तक महंगाई दर किसी भी अर्थव्यवस्था में होना लाभकारी है। मई 2024 मे महंगाई दर 4.75 प्रतिशत थी जो कि पूर्णरूपेण नियंत्रित है।

सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में व्यवधान न आए और उसकी ब्लैक मार्केटिंग कतई न हो तभी हम महंगाई दर को एक सीमा के अंदर रखने में कामयाब होंगे। भारत में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है इसका मुख्य कारण सरकारी नौकरी की चाहत और जरूरी स्किल का न होना है। नई शिक्षा नीति लागू होने के उपरांत हमें बेरोजगारी दर में काफी कमी देखने को मिलेगी। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हम दुनिया में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान निर्यात में आशा के अनुरूप वृद्धि दर्ज हुई है। इस वर्ष कुल निर्यात 778 बिलियन डॉलर है जो की अगले वर्ष 900 बिलियन डालर होने की पूरी संभावना है। भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर एक्सपोर्ट का लक्ष्य रखा है जो बिलकुल संभव दिखता है। पिछले 10 वर्षों में रक्षा निर्यात में लगभग 2300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सरकार पिछले 10 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले कैपिटल एक्सपेंडिचर में 540त्न की वृद्धि हुई है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 45 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं परिणाम स्वरूप आज इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ है। इस सुधार को आगे और ले जाने की आवश्यकता है ताकि देश की इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवस्था विश्वस्तरीय हो सके।

भारत में आज सबसे बड़ी समस्या सांस्कृतिक मूल्य सहित रोजगार उन्मुख शिक्षा व्यवस्था की है। ज्यादातर भारतीय विद्यार्थी डिग्री के बावजूद ज्ञान और कौशलहीन हैं। शिक्षा भारतीय शिक्षा प्रणाली पर आधारित होनी चाहिए जिसमें भारतीय भाषाओं खासकर हिंदी और संस्कृत पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इंजीनियरिंग हो या मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी हो या विज्ञान इनका पाठ्यक्रम और मीडियम आफ इंस्ट्रक्शन अंग्रेजी के बजाय हिंदी होने से विद्यार्थी व्यापकता में सीखेंगे। भारतीय परंपरा में धर्मांतरण जैसी विषय वस्तु है ही नहीं। भारतीय संस्कृति कन्वर्जन नहीं अपितु कन्वर्सेशन और करेक्शन पर आधारित है। देश में लगातार धर्मांतरण की खबरें आती रहती हैं जो कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में उचित नहीं है। केंद्र सरकार को सख्त धर्मांतरण विरोधी कनून लाना चाहिए ताकि देश और देशवासियों को सांस्कृतिक सुरक्षा मिल सके। मोदी सरकार को अपनी विदेश नीति मजबूत करने पर और अधिक ध्यान देना होगा विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का एक रिश्ता है।

दूसरे देशों के साथ देश के रिश्ते अच्छे होंगे या खराब यह विदेश नीति पर निर्भर करती है। पिछले 10 वर्षों में भारत की विदेश नीति सार्थक रही है। भारत के सामरिक एवं व्यापारिक रिश्ते दुनिया के लगभग सभी देशों के साथ अच्छे हैं। परिणाम स्वरुप विदेशी व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होने का एक प्रमुख कारण सफल विदेश नीति को जाता है।

# ईश्वर शरणागति से लाभ

"ईश्वर की शरण में जाने से हम आसानी से जटिलताओं से निपट सकते हैं।"

**अजीत कुमार विश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



हम सब आनन्ददायक जीवन चाहते हैं, पर उसका तरीका नहीं जानते हैं। हम अनेक प्रयास करते हैं, पर कुछ न कुछ गलत हो जाता है। यह सपना असंभव लगता है, पर ऐसा नहीं है। परम दयालु ईश्वर ने इसका रास्ता बताया है। भगवान कृष्ण ने कहा था, 'मेरी माया ईश्वरीय है जिससे पार पाना बहुत कठिन है। केवल मेरी शरण में आने वाले ही इस माया से मुक्ति पा सकते हैं।' हम बार-बार स्वाभाविक रूप से हानिकारक विषयों के संपर्क में आते हैं। लाभदायक संवेदनायें उचित हैं, पर इनका पता लगाना कठिन है। ईश्वर हमें यह बुद्धि प्रदान करता है। जैसे माता अपने छोटे बच्चे को स्वयं को नुकसान पहुंचाने से रोकती है, उसी तरह ईश्वर अपने शरणागत की रक्षा करता है। ईश्वर हम सबके लिए माता के समान है। भगवान कृष्ण ने कहा, 'अनेक जन्मों के प्रयास के बाद अंततः योगी विवेकवान बन कर मेरी शरण में आता है। इस प्रकार भगवान वासुदेव को सब कुछ मानने वाली महान आत्मा विरल होती है।'

हम इस यात्रा की शुरुआत अभी कर सकते हैं जिसमें ईश्वर हमारी रक्षा करता है। हमें भगवान कृष्ण की यह सलाह मानने के लिए कुछ समय निकालना चाहिए, 'योग में दृढ़ रहने वाले लोग मुझे गौरवान्वित करते हैं। वे दृढ़ प्रतिज्ञा के साथ मेरी भक्ति करते हैं तथा उनको मुक्ति मिलती है।'

ईश्वर ने वादा किया है कि 'जो लोग एकात्म भाव से मेरी उपासना करते हैं, मेरा ध्यान करते हैं, ऐसे योग अनुरागियों की मैं सहायता करता हूं। उसे प्राप्त चीजों की सुरक्षा करता हूं तथा उसे अप्राप्त चीजें देता हूं।' हमें भगवान के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। भगवान कृष्ण कहते हैं, 'अपना मन केवल मुझ पर केन्द्रित करो, अपनी बुद्धि मुझ में एकाग्र करो और इस प्रकार निसंदेह केवल मुझमें ही स्थित रहो।' इस प्रकार हमें ईश्वर में ही एकाग्र रहना चाहिए। इसका क्या अर्थ है ? ईश्वर हमारी माता की तरह हमारा ध्यान रखता है। वह हमारे जीवन का लघु-प्रबंधन करता है। इससे कोई भी व्यक्ति इतना लाभान्वित होता है जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। इस प्रकार ईश्वर हमारे जैसे असहाय लोगों की माता की तरह सहायता करता है। हालांकि, कभी-कभी हमारी अंतश्चेतना बदल सकती है जिसका संकेत भगवान कृष्ण ने दिया है। उन्होंने कहा है, 'सचेतन रूप से अपनी सभी गतिविधियां मुझ में अर्पित करो, बुद्धि-योग का व्यवहार करो। मेरी शरण में आने पर तुम सचेतन रूप से हमेशा मुझ में ही वास करोगे।' इस प्रकार हमेशा भौतिक वस्तुओं में रत हमारी चेतना ईश्वर के प्रति चेतना में बदल जाती है और इस मार्ग पर चल कर वह आध्यात्मिक हो जाती है। ऐसा होने पर हमारे जीवन में व्यापक परिवर्तन आता है, जैसा कि भगवान कृष्ण ने कहा है, 'मेरी चेतना में समाहित होकर तुम मेरी कृपा या आर्शीवाद प्राप्त करने की सभी बाधाओं से मुक्त हो जाओगे।' इसी श्लोक में भगवान कृष्ण कहते हैं कि 'यदि तुम स्वयं कर्ता के भाव से मुक्त हो जाओ तो संपूर्ण मुक्ति प्राप्त कर लोगे।' आमतौर से ऐसा सभी मनुष्यों के साथ होता है। हमें अपनी इच्छाओं का दमन करना चाहिए क्योंकि ईश्वर और इच्छायें एकसाथ नहीं रह सकते हैं।



क्या आप अपनी उस विशिष्ठ स्थिति की कल्पना कर सकते हैं, जब ईश्वर के दिशानिर्देशों पर चल कर हम सब कुछ प्राप्त कर लें? इसके बाद जीवन सहज हो जाएगा। हमें पूरे मन से ईश्वर के निर्देशानुसार उसकी शरण में जाना चाहिए। सभी प्रकार से हमें केवल ईश्वर की शरण में रहना चाहिए। ईश्वर की शरण में जाने से इनकार करने पर अपनी अनन्त यात्रा में हमें कभी शांति या मुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती है। इसे सोचते हुए हमें ईश्वर की शरण में जाना चाहिए। हम ऐसा कब करेंगे? हम ईश्वर के निर्देशों का पालन कब करेंगे? भगवान कृष्ण ने कहा है, 'मेरी चेतना प्राप्त करे, मेरे भक्त बनो, मुझे अपने बलिदान अर्पित करो और मेरी शरणागति प्राप्त करे। ऐसा करके ही तुम मुझे प्राप्त कर सकोगे। मैं तुमसे इसका सच्चा वादा करता हूं क्योंकि मैं तुमसे प्रेम करता हूं।'

भगवान कृष्ण के वचन सबके लिए अत्यन्त लाभकारी हैं। भगवान ने वादा किया है, 'केवल मेरी शरण में आओ, चिन्ता न करो, मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा।' सवाल है कि हम बार-बार मुसीबतों में क्यों फंसते हैं? हम हमेशा चिन्तित क्यों रहते हैं? इसका कारण हमारे बुरे कर्मों के फल हैं। ईश्वर की शरणागति से ईश्वर हमें क्षमा कर देगा तथा हमें और मुसीबतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यह उस मुक्ति के समान है जब हम अपने भौतिक- सांसारिक शरीरों से मुक्ति पाते हैं। यह अविश्वसनीय लगता है, लेनि इस पर विचार करना चाहिए। हमें सुविधाजनक रूप से यथासंभव अधिकाधिक समय तक ईश्वर की शरण में रहना चाहिए।

## आप की बात

### स्वागत योग्य निर्णय

**मध्य प्रदेश** में अब मंत्रियों को अपना आयकर खुद भरना पड़ेगा। प्रदेश सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। हमारे देश के सभी राज्यों में इसे लागू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सरकारी खजाने पर बोझ बनने वाली मंत्रियों की अन्य सुविधाओं पर भी लगाम लगाई जानी चाहिए। मंत्रियों के भारी-भरकम टेलीफोन व बिजली बिलों का भुगतान बंद किया जाना चाहिए। मंत्रियों को रहने के लिए बंगले, सरकारी वाहन तथा सिक्योरिटी के साथ-साथ लाखों रुपए महीना तनख्वाह मिलती है। इसके साथ ही उनको आजीवन भारी भरकम पेंशन मिलती है। इन सब में कटौती की जाए तो पहले से ही करोड़पति हमारे मंत्री-विधायकों को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। मगर इससे प्रदेश का बहुत सारा धन अन्य अच्छे कार्यों में लग सकेगा। अब मंत्री व विधायकों के वेतन भत्ते स्वयं बढ़ाने के नियम को भी खत्म करके देशभर के लिए एक जैसी राशि निर्धारित की जानी चाहिए। अभी हालत यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की पगार प्रधानमंत्री से भी ज्यादा है। विधायकों व मंत्रियों के वेतन और भत्तों की तुलना सरकारी अधिकारियों से की जानी चाहिए और इनके बीच एक संतुलन बनाया जाना चाहिए। यह विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कर्नाटक में नाटक

**कर्नाटक** में कांग्रेस सरकार में नया नाटक उभर रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अनेक मंत्री मांग कर रहे हैं कि प्रदेश में तीन और उप-मुख्यमंत्री बनाये जाएं। फिलहाल एक उप-मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार हैं। शायद स्वयं सिद्धारमैया शिवकुमार का प्रभाव घटाने के लिए ऐसा करना चाहते हैं। कतिपय मंत्री वीरशैव, लिंगायत, एससी, एसटी व अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को उप-मुख्यमंत्री बनाने की वकालत कर रहे हैं। कर्नाटक में विभिन्न समुदायों के उप-मुख्यमंत्री बनाने की यह मांग कांग्रेस की छवि के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जनता स्वाभाविक रूप से सोच रही है कि अच्छा हुआ केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व की महागठबन्धन सरकार नहीं बनी वरना वहां तो प्रधानमंत्री के बाद उप-प्रधानमंत्री बनाये जाने की मांग काबू से बाहर हो जाती। वैसे भी कांग्रेस की खैरात बांटने की योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली हो रहा है और वह लोकसभा चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने वाला पहला राज्य बन गया है। गरीबों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले बड़े कांग्रेसी नेता राज्य की जनता पर पड़ने वाले इस आर्थिक बोझ पर चुप्पी बनाए हुए हैं।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोदी की शैली

**18वीं लोकसभा** में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। उनके तेवर व शैली में कोई अंतर नहीं आया है। मोदी ने अपना मनचाहा स्पीकर बनाकर दिखा दिया है। इसी मनचाहे स्पीकर ओम बिड़ला ने इंदिरा सरकार द्वारा थोपी इमरजेंसी को जब लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया तो सारे कांग्रेसी हाय-हाय करने लगे। दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला ने इमरजेंसी के खिलाफ अपना पूरा बयान पढ़ा तथा पूरे सदन ने दो मिनट का मौन भी धारण किया। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव पर पहले तो कांग्रेस ने मोदी सरकार पर दबाव डालने का प्रयास किया, पर बात न बनने पर अपना उम्मीदवार अध्यक्ष पद के लिए खड़ा कर दिया। लेकिन तृणमूल कांग्रेस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन न करने से कांग्रेस को मत-विभाजन की मांग करने की भी हिम्मत नहीं हुई। इस प्रकार लगातारी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी ने अपनी आक्रामक शैली से स्पष्ट कर दिया है कि विपक्ष किसी मुगालते में न रहे। हालांकि, नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सभी दलों में सहमति बनाने का प्रयास करेंगे, पर वे विपक्ष अथवा कांग्रेस के किसी प्रकार से दबाव में आने वाले नहीं हैं। यह भारतीय राजनीति के लिए शुभ संकेत है।

.- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### असांजे की रिहाई

**विकीलीक्स** के संस्थापक संपादक जूलियन असांजे की रिहाई के साथ राजकाज में पारदर्शिता की मांग से जुड़ी एक लंबी लड़ाई का पटाक्षेप हो गया। अमेरिका सहित कई देशों के बहुत सारे सरकारी रहस्यों के पर्दाफाश में अहम भूमिका निभाने वाले इस ऑस्ट्रेलियाई हैकर को बारह साल दुनिया से अलग-थलग रहकर बिताने पड़े। असांजे की विकीलीक्स ने दुनिया के कई देशों के राजनेताओं के कच्चे चिट्ठे खोले हैं। जनतंत्र और जनता के लिए काम करने वाले और बड़े राष्ट्रों की निरंकुशता को उजागर करने वाले जूलियन असांजे को 12 वर्ष की सजा भुगतनी पड़ी। दशकों से विश्व के सभी बड़े छोटे राष्ट्रों में शासकों के कच्चे चिट्ठे खोलने वालों को उनके कोप का भाजक होना पड़ा है। कई खोजी पत्रकारों को जेल के भीतर लंबे समय तक रखा गया और कई की हत्या भी करवा दी गई। असांजे को अमेरिका में मृत्यु दंड का खतरा था। लेकिन दुनिया भर की लोकतांत्रिक शक्तियों तथा आम जनता की हमदर्दी के कारण आज वे जीवित हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि अपनी रिहाई के बाद वे फिर सक्रिय होंगे तथा अनेक लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

- **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 28 जून, 2024



# जल जीवन मिशन को लेकर डीएम ने ली बैठक

- हर घर पहुंचे वॉटर कनेक्शनः डीएम
- उद्योग बंधुओं की बैठक में दिये निर्देश
- गैरहाजिर एक्सईएन बिजली व एसडीओ बीएसएनएल का रोका वेतन



**संवाददाता।** गोंडा

**जल** जीवन मिशन हर घर नल से जल योजना के कार्यों में प्रभावी गति लाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कराए जा रहे कार्यों/संचालित प्रोजेक्ट की समीक्षा एवं कार्यदायी संस्थाओं/एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रगति एवं गुणवत्ता से संबंधित समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराई जा रही निर्माण कार्यों सहित निर्माण कार्यों में प्रगति पेयजल परियोजनाओं को संचालित किए जाने में लगाए गए कार्यदायी संस्थाओं एवं एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पेयजल परियोजना को संचालित किए जाने में यदि कहीं भूमि की उपलब्धता अथवा भूमि संबंधित विवाद की समस्या आ रही हो तो उसे संबंधित उपजिलाधिकारी के साथ मिलकर निस्तारित करते हुए कार्यदाई संस्था द्वारा योजना पर कार्य प्रारंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां जमीन की उपलब्धता मानक के अनुसार नहीं उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए तथा पेयजल परियोजना से आच्छादित गांव में जहां पर भी सड़क तोड़कर पाइप डाली गई है उन सड़कों को कार्यदाई संस्था द्वारा तत्काल सही कर दिया जाए अन्यथा संबंधित कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, श्रम बंधु व व्यापार बंधुओं की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। उद्योग बंधु की बैठक में सर्वप्रथम पिछले कार्यवृत्ति की अनुपालन स्थिति जानी गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं से अवगत हुए एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग के स्तर से आवेदनकर्ता की पात्रता व सभी संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उसे बैंकों एवं अन्य अधिकारियों को अग्रसारित किया जाय। अग्रसारित होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी आवेदन अस्वीकृत न हो। सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया।

बैठक में एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति भी जानी गयी तथा जिलाधिकारी ने उद्यमियों को प्रोत्साहित भी किया। बैठक में व्यापारियों द्वारा शहर में जाम, विद्युत, शौचालय सड़क मार्ग आदि को लेकर समस्या उठाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें तत्काल समस्या निस्तारण करने के निर्देश दिये।

## पत्रकारों से रूबरू हुए नवागत जिलाधिकारी

**श्रावस्ती, भिनगा।** नये जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रेस प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी पत्रकार बन्धुओं को अपना परिचय दिया। जिलाधिकारी ने कहा हमारे द्वारा जिले के विकास के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे शिक्षा और स्वास्थ्य मेरी शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है इसलिए इन पर विशेष बल दिया जायेगा। साथ ही महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए विशेष बल दिया जायेगा। श्रावस्ती बाढ़ ग्रस्त जनपद है मानसून आने के कारण बाढ़ की स्थितिया बनने की सम्भावना के कारण बचाव एवं राहत कार्य के लिए आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में विशेष बल दिया जायेगा। यह जनपद आंकाक्षात्मक जनपद होने के कारण भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से विकास कार्यो की मानिटरिंग की जाती है इसलिए सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की निरन्तर मॉनिटरिंग कर विकास कार्यो में तेजी लायी जायेगी।

# वेटरन फोटोग्राफर्स का प्रथम दो दिवसीय ऐतिहासिक पुनर्मिलन सम्मेलन संपन्न

**संवाददाता।** रायबरेली

**भारतीय** नौसेना के वेटरन्स फोटोग्राफर्स का प्रथम ऐतिहासिक दो दिवसीय पुनर्मिलन सम्मेलन धूमधाम से गोवा में संपन्न हुआ । सम्मेलन में भारतवर्ष के सभी प्रदेशों से 75 नेवल वेटरन्स ने सहभागिता कर अपने अनुभव साझा किये। सम्मेलन के सूत्रधार राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज चौधरी ,लक्ष्मी प्रसाद थापा, रॉय के जॉर्ज, सुनील एवं पवन थे। इसमें कार्यक्रम का संचालन जगदीश श्रीमाली द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के बारे में राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी के ठहरने की व्यवस्था होटल ला पाज वास्को में की गई थी। सभी ने अपने पुराने कार्यस्थल भारतीय नौसेना पोत हंस में भ्रमण कर अपनी पुरानी यादों को ताज किया । इसके अतिरिक्त



गोवा के अनेक समुद्री तटों एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करने के पश्चात एक सामूहिक छायाचित्र भी लिया गया। हंसा के छायाचित्र अनुभाग द्वारा सभी वेटरन्स के स्वागत में सम्मान पार्टी की व्यवस्था की गई जिसमें आई एनएस हंसा के कमान अधिकारी कमोडोर सिराज आजाद एवं छायाचित्र अधिकारी ने सभी से मिलकर हर्ष व्यक्त किया। इसकी सफलता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है की 87 वर्ष के सबसे बुजुर्ग वेटरन्स धनपाल एवं जी बी सिंह सब अपने आप को प्रफुल्लित महसूस कर रहे थे। 70 वर्ष पार कर चुके बीएस गिल, आरएस यादव, महेश्वरी प्रसाद एवं महेंद्र लाल को सम्मानित भी किया गया। छायाकारों के प्रशिक्षक एस जेवियर, बीके सिंहा, केडी सिंह, प्रदीप विजयन, सतीश कुमार एवं जॉर्ज मैथ्यू अपने पुराने शिष्यों को पाकर प्रफुल्लित हो उठे । सौभाग्य से जगदीश नारायण सिंह, आरपी सिंह, डीपी दीक्षित एवं एस विष्णु ने रायबरेली का भी प्रतिनिधित्व किया।

अन्य प्रदेशों से प्रतिभाग करने वालों में प्रफुल्ल कुमार बिस्वाल, बादल परिदा, एसके सुबुद्धि ,नंदी , एम सिंह, विजय बहादुर सिंह, उपेंद्र पांडे, सुभाष प्रसाद, एसके नाथ, वीएस नंदन, नागेश द्विवेदी, बी पांडियन, मूर्ति, थाटिल, एम एस कुमार, पी एस घोष, एके सिंह एवं बालाकृष्णन, नरेन्द्र, प्रमुख थे।

# डीएम ने आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली के प्रति लोगों को किया आगाह

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया है कि उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आंधी-पानी के साथ आकाशीय बिजली/बज्रपात की घटनाएं होने के दृष्टिगत आकाशीय विद्युत से कई लोगों के मरने एवं घायल होने के कारण जनहित में आवश्यक उपाय व सलाह अपनाने के निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि आसमान में बिजली के चमकने/गरजने/कड़कने अथवा बज्रपात से बचने हेतु उन्हें सुरक्षित पक्के मकानों में शरण लेनी चाहिए, घरों में बिजली उपकरणों, स्विचों, तारों और टेलीफोन का प्रयोग न करें, विद्युत सुचालक वस्तुओं से दूरी बनाये रखें, विद्युत उपकरणों को बिजली के सम्पर्क में न रखें, खिड़की के कांच, टिन की छत, गीले सामान और लोहे के हैंडलों से दूर रहने, दीवार के सहारे न खड़े होने व स्नान करने से रोकने की सलाह दी गयी है तथा घर से बाहर रहने की दशा में बज्रपात की दशा में तालाब व जलाशय आदि से दूर रहें, समूह में एकत्र न हों, धातु इत्यदि से दूरी बनाये रखें, बिजली के खंभे के समीप न खड़े हों, खुले वाहन में सवारी न करें, खुले जगह पर होने पर सिर को झुकाकर कान बंद कर लें। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि बज्रपात से सम्बन्धित जानकारी हेतु स्थानीय रेडियो व अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अतिशीघ्र उपचार हेतु ले जाना चाहिए तथा वज्रपात के मामले में तात्कालिक कारण ह्दयघात होने पर जरूरी हो तो "संजीवन क्रिया, प्राथमिक चिकित्सा" देने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि प्रभावित व्यक्ति के शरीर से विद्युत का प्रभाव न हो रहा हो एवं पीड़ित व्यक्ति की नाड़ी व सांस चल रही हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने जन सामान्य को अपने मोबाइल पर 'दामिनी एप' प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करने की सलाह दी है।

## जिला जज ने डीएम-एसपी संग किया जेल का निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार संत कबीर नगर का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारीगण द्वारा निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी द्वारा कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। उन्होंने उपस्थित सभी कारागार कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को भी निर्देशित किया गया।

# अविश्वास प्रस्ताव के बावजूद जारी रखी ब्लाक प्रमुख ने बैठक



**ऊंचाहार , रायबरेली।** अविश्वास प्रस्ताव पारित होने और मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद ब्लाक प्रमुख ने बैठक करके करोड़ों का प्रस्ताव पारित कर दिया जबकि आधे से अधिक सदस्य इस बैठक के विरुद्ध बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। ज्ञात हो कि ऊंचाहार ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो चुका है । मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है । न्यायालय के पास अविश्वास प्रस्ताव के मतपत्र सुरक्षित है । मामले में 10 जुलाई को सुनवाई होनी है। इस बीच ब्लाक प्रमुख लगातार क्षेत्र पंचायत की बैठक करके कार्यों को अंतिम रूप दे रही है। गुरुवार को भी ब्लाक प्रमुख ने बैठक बुलाई थी । जिसमें 75क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से करीब 45 सदस्य बैठक में नहीं गए । इसके बावजूद बैठक करके करोड़ों रुपए के कार्यों को मंजूरी दे दी गई। उधर बड़ी संख्या क्षेत्र पंचायत सदस्य इस बैठक के विरोध में प्रदर्शन करके नारेबाजी कर रहे थे, किंतु इसका बैठक पर कोई असर नहीं पड़ा और सारी औपचारिकताओं को अंतिम रूप दिया गया। विरोध प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्यों में अभिलाष चंद्र कौशल, मनीष कौशल , राजेश यादव, राम कृष्ण साहू, फिरोज, राहुल राजू, अरुण , उमेश , संगीता जायसवाल , गुड़िया देवी , सुनील कुमार , विजयपाल , रेनू देवी , संदीप कुमार , सुमन देवी , अर्जुन प्रसाद , आशा देवी , सुनीता , संजय, सुनील जायसवाल, राजू गुप्ता , धर्मेंद्र यादव ,गुड्डन यादव, संदीप पटेल,इंद्रपाल सरोज, आदि मौजूद थे।

## रायबरेली रजबहा में पानी न आने की एसडीएम से शिकायत

**महाराजगंज, रायबरेली।** बृहस्पतिवार को महाराजगंज विकास खंड क्षेत्र के भदिहा मजरे इंदौरा गांव के रहने वाले किसान राज किशोर ने रायबरेली रजबहा में पानी न आने की एसडीएम राजित राम गुप्ता से शिकायत करते हुए एक जून तक रजबहा में पानी छोड़वाए जाने की मांग की है। पानी न आने पर एक जुलाई को क्षेत्रीय किसानों के साथ मिलकर सलेथू गांव के पास किसान पंचायत के माध्यम से आंदोलन करने की बात कही है, बछरावां ब्लाक के अंतर्गत रामपुर गांव के पास से शारदा सहायक से निकलने वाली रायबरेली रजबहा से सलेथू बरहुआं भदिहा, बेनीपुर अहमदगंज, महुआखेड़ा आदि गांवों के करीब करीब दस हजार किसान सिंचाई करते हैं, वर्तमान में धान की नर्सरी की सिंचाई से लेकर धान की लगवही भी प्रारंभ हो चुकी है, और किसानों को पानी की आवश्यकता है, ऐसे में यदि जल्द रजबहा में पानी न आया तो किसानों के सामने सिंचाई का संकट पैदा हो जाएगा। इसके बाद एसडीएम ने पानी छोड़ने के आदेश दिए।

## क्विक न्यूज

### कैरी बैग के दाम के साथ 15 हजार और चुकाने का आदेश

**संतकबीरनगर।** न्यायालय के आदेश के बावजूद जिले के कुछ दुकानदार कैरी बैग का दाम ग्राहकों से लेने से बाज नही आ रहे हैं। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व महिला सदस्य संतोष ने कैरी बैग का लिए गए मूल्य रुपए आठ 10 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश मेगा शाप के दुकानदार को दिया है। इसके अतिरिक्त मुकदमा खर्च व क्षतिपूर्ति के रुप में रुपए 15 हजार 60 दिनों के भीतर अदा करना होगा। जनपद के कुसुरु खुर्द गांव निवासी अच्युतानंद शुक्ल ने अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से मुकदमा दाखिल कर कहा कि वह गत 22 अगस्त 2023 को मेन रोड खलीलाबाद स्थित मेगा शाप की दुकान से रुपए एक हजार एक सौ तीन का सामान खरीदे। दुकानदार के द्वारा एक कैरी बैग देते हुए आठ रुपए अतिरिक्त वसूल कर लिया गया। आपत्ति करने पर दुकानदार ने कोई ध्यान नही दिया। न्यायालय ने पत्रावली पर दाखिल प्रपत्रों व साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत मेगा शाप के खिलाफफैसला सुनाते हुए कैरी बैग का दाम 10ः ब्याज के साथ वापस करने के अतिरिक्त रुपए 15 हजार अतिरिक्त 60 दिनों के भीतर चुकाने का आदेश दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकती मिली महिला

**ऊंचाहार।** संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से महिला का लटकते हुए शव पाया गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।वहीं मृतका के मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या करने की बात बताई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के पूरे झमनी मजरे एहारी बुजुर्ग गांव का है। गुरुवार की दोपहर गांव निवासी शिवम पाण्डेय की 23 वर्षीय पत्नी प्रतिमा का शव घर के कमरे में पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ पाया, सूचना पर पुल मौके पर पहुंचती उसके पहले ही शव को ससुरालीजनों ने फंदे से नीचे उतार लिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।घटना की सूचना पर मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा सीओ अरुण कुमार नौवहार व कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना के सम्बंध में जानकारी हासिल की। क्षेत्र के बछऊपुर गांव निवासी आशीष दुबे का कहना है कि उसने अपनी भतीजी प्रतिमा की शादी वर्ष 2020 में शिवम पाण्डेय के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालीजन उसे दहेज की खातिर आये दिन प्रताड़ित करते थे।

# विकास कार्यों को लेकर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** अमेठी

**राज्यमंत्री** (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला, शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य



विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।

## जिले में आधार की तर्ज पर बनेगा किसान कार्ड

**अमेठी।** जनपद में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए एक जुलाई से पूरे प्रदेश में किसान रजिस्ट्री की शुरूआत की जा रही है। इसमें किसान का आधार नम्बर, खेत का रकबा, खसरा नम्बर आदि का विवरण दर्ज किया जायेगा। इसके बाद एक किसान नम्बर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूरा होने के बाद किसान कार्ड बनाया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम हेतु गठित जनपद स्तरीय इम्पलीमेंटिंग कमेटी की बैठक आज जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के कार्य के क्रियान्वयन हेतु बैठक की गयी, जिसमें जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त उप जिलाधिकारी तहसील स्तर पर गठित समिति की बैठक 28 जून तक करें।

# लापरवाही बरतने पर तीन चकबंदी अधिकारियों को डीएम ने दिया नोटिस

**गोंडा।** जनपद में चकबंदी वादों के निस्तारण में लापरवाही बरतना बन्दोबस्त अधिकारी समेत तीन चकबन्दी अधिकारियों को भारी पड़ गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। चारों को 24 घंटे का समय दिया गया है। इस दौरान स्पष्टीकरण न प्रस्तुत करने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि इन्हें कुछ नहीं कहना है। इसके आधार पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा बीते 18 जून को जनपद के चकबंदी न्यायालयों में लम्बित वादों की स्थिति के दृष्टिगत सभी पीठासीन अधिकारियों को प्रतिदिन न्यायालय में उपस्थित रहकर एक वर्ष से पुराने सभी वाद का एक पक्ष के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। 25 जून को इसकी दोबारा समीक्षा की गई। इसमें, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी देवेन्द्र सिंह की न्यायालय में इस दौरान मात्र 35 वाद निस्तारित किए गए। 983 वादों का निस्तारण शेष पाया गया। इसी तरह, चकबंदी अधिकारी पुराना लवलेश मिश्रा के न्यायालय में मात्र 1 ही वाद का निस्तारण किया गया। 565 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं।

इनमें 268 वाद 5 साल के अधिक समय के हैं। चकबंदी अधिकारी करनैलगंज राजकुमार के न्यायालय में मात्र 19 वादों का ही निस्तारण किया गया है। यहां, 163 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं। इसी तरह, चकबंदी अधिकारी नवीन सुधीर राय के न्यायालय में मात्र 25 वादों का निस्तारण किया गया। यहां, 718 वाद लम्बित हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिलाधिकारी ने साफकिया है कि 24 घंटे में स्थिति स्पष्ट न करने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

# मस्जिद की मीनार पर आकाशीय बिजली गिरने से मचा हड़कंप



**उरई, जालौन।** गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गये तभी तेज हवाओं का दौर शुरू हुआ और देखते ही देखते तेज गति से पानी बरसना शुरू हो गया इस दौरान आकाशीय बिजली की कड़कड़ाती आवाज ने नगरवासियों को दहशतजदा कर दिया दर्जन भर से ज्यादा बार आकाशीय बिजली कड़कती रही और नगर के मोहल्ला आजाद नगर में स्थित मस्जिद की मीनार पर तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी तो उसकी आवाज सुनकर एकबारगी तो मोहल्लेवासी दहशतजदा हो गये। गनीमत यह रही कि आकाशीय बिजली गिरने से किसी भी तरह की जनहानि ही नहीं हुई लेकिन मस्जिद की मीनार व उसका छज्जा जरूर क्षतिग्रस्त हो गया। उरई नगर के मोहल्ला आजाद नगर में उस दौरान अच्छा खासा दहशत का माहौल बन गया जब वहां बनी मस्जिद पर तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली मीनार पर जा गिरी। मोहल्लेवासियों की मानें तो आवाज इतनी तेज थी जिसे सुनकर मोहल्लेवासी सकते में आ गये। आम मौसम में अचानक करवट बदली और देखते ही देखते तेज बारिश होनी शुरू हो गयी। चूंकि उस दौरान ज्यादातर लोग अपने आवासों में ही थे तभी अचानक कड़कड़ाती आवाज के साथ आकाशीय बिजली मस्जिद की मीनार पर जा गिरी जिससे मीनार व उसका छज्जा क्षतिग्रस्त हो गया।

# सदर कोतवाली की नाक के नीचे दबंगों ने लहराईं बंदूकें

- घटना के दौरान चौराहे पर तमाशबीन खड़ी रही पुलिस पिकेट
- सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सदर** कोतवाली पुलिस की शिथिलता के चलते दिन दहाड़े कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित शहीद भगत सिंह चौराहे पर कुछ दबंगों ने एक फल की ठिलिया पर बातचीत को लेकर हुये विवाद में फल वाले के सीने पर असलहा लगा दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनसीआर में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति कर डाली।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवारा की रात्रि नगर के शहीद भगत सिंह चौराहे पर शांतिपूर्ण माहौल था लोग वाहनों से इधर से उधर जा रहे थे तभी कुछ दबंगों की एक फल बिक्रेता से किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई तो उन्होंने लाइसेंसी असलहा फल विक्रेता के सीने में अड़ा दिया। चूंकि उस दौरान चौराहे पर अच्छी खासी भीड़ थी तो कुछ लोगों ने उसका वीडिया अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद जब उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सदर कोतवाली पुलिस हांफती हुयी चौराहे पर पहुंची और पूरे मामले के बारे में जानकारी करने में जुट गयी।

लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि कोतवाली के चंद कदम की दूरी पर असलहाधारी में इतनी हिम्मत कहां से आ गयी तो वह बीच चौराहे पर फल विक्रेता के सीने में असलहा अड़ा दे। हालांकि जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक ने हर चौराहे पर होमगार्ड सिपाहियों की एवं पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती कर रखी है ताकि अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके। उरई कोतवाली की स्थितियां तो कुछ और ही बयां कर रही है पूरे जनपद का सबसे प्रमुख चौराहा शहीद भगत सिंह अर्थात मच्छर चौराहा अर्थात मच्छर चौराहा कोतवाली से चंद कदम दूर ही है। दबंगों द्वारा एक छोटी सी बात को लेकर बंदूक लहराना दर्शाता है कि अपराधियों के मन में पुलिस का डर अब खत्म हो चुका है।

जब घटना के संबंध में इंस्पेक्टर उरई को उनके सीयूजी नंबर 9454403599 पर समय दोपहर 12 फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव करना भी जरूरी नहीं समझा और जब उनके व्यक्तिगत नंबर पर भी कॉल की गयी तो वह भी रिसीव नहीं हुई। अन्य पत्रकारों के पूछने पर कोतवाल साहब ने घटना में आम बेचने वाले की ही गलती बताते हुये कहना शुरू कर दिया कि वह शराब के नशे में आम बेच रहा था।

# प्राइवेट बस में छूटा महिला का पर्स खोजकर सिपाही ने लौटाया



**जालौन, उरई।** प्राइवेट बस से उरई से जालौन आ रही महिला का पर्स बस में छूट गया। महिला चौराहे पर उतर गई और अपने गंतव्य को रवाना हो गईं थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बस को तलाशकर महिला का पर्स बरामद कर उसे महिला को लौटा दिया है। रुपये व पर्स पाकर महिला के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर निवासी रागिनी शुक्ला पत्नी दीप कुमार अपने पुत्र के साथ उरई से जालौन प्राइवेट बस से आ रही थी। देवनगर चौराहे पर बस रुकने पर वह पुत्र के साथ चौराहे पर उतर गई। बस से उतरकर जब वह रिक्शे पर बैठने लगी तो उन्हें अपने पर्स की याद आई। पर्स देखने के लिए जब उन्होंने बस को ढूंढना चाहा तो पता चला कि बस अपने गंतव्य को चली गई है। बस न मिलने पर महिला ने रो रोकर आपबीती पिंक बूथ पर मौजूद पुलिस कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह व राजकमल को बताई। महिला की शिकायत पर दोनों पुलिसकर्मी सक्रिय हो गए। पुलिसकर्मियों ने चौराहे पर मौजूद बस चालकों से बस का पता लगाया और बस को रूकवा कर पर्स बरामद कर लिया।

पुलिस ने बस से पर्स को लेकर महिला को सौंप दिया। पर्स में रखे 10 हजार रुपये नकद और अन्य सामान को वापस पाकर महिला के चेहरे पर खुशी झलक आई। महिला ने पुलिस कर्मियों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# प्रेमी युगल ने एक साथ ट्रेन के आगे छलांग लगाकर की आत्महत्या

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**प्यार** परवान नहीं चढ़ा तो प्रेमी युगल ने जान दे दी। गुरुवार सुबह उन्होंने दुपट्टे में एक दूसरे को बांधकर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी। दोनों पहले से ही एक दूसरे के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे छौंक गांव के ग्रामीण दैनिक दिनचर्या के लिए घरों से खेतों की तरफ निकले थे इसी बीच उन्होंने देखा कि रेल पटरी पर एक युवक और युवती एक साथ पटरी पर खड़े है और झांसी की तरफ से रेलगाड़ी आने की आवाज आ रही है और जब तक वह लोग युगल तक पहुंचते इससे रेलगाड़ी आ गयी और उन्हें रौंदते हुए निकल गई थी।

इस घटना में मौके पर ही दोनों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने युवक और युवती की मौत की सूचना पुलिस को दी तो आनन फानन मौके पर आये ज्ञान भारती पुलिस चौकी



इंचार्ज जितेन्द्र कुमार ने दोनों शवों को कब्जे में लिया तो उनके पास से मिले दस्तावेजों से युवक की पहचान क्षेत्र के ग्राम बरदौली निवासी मनीष अहिरवार पुत्र ब्रजलाल उम्र 22 वर्ष तो युवती की शिनाख्त दीक्षा पुत्री नरेन्द्र कुमार उम्र 19 वर्ष निवासी हिंगुटा कोंच हाल निवास सुशील नगर उरई के रूप में हुई थी।

घटना की सूचना घटनास्थल से महज कुछ दूर स्थित मृतक मनीष के घर पहुंची तो हड़कम्प मच गया और उसके बाद जो जानकारी सामने आई उसके मुताबिक मृतका युवक के चचेरे मामा की पुत्री थी जो रिश्ते में उसकी बहिन लगती थी लेकिन उनके बीच काफी दिनों से प्रेमप्रसंग चल रहा था और इसी के चलते युवती वुधवार को उरई स्थित घर से चुपचाप निकल आई थी और कालपी में आकर युवक से मिली थी और तभी से दोनों गायब थे। इस दौरान परिजनों ने उनकी खोज भी की थी और उन्हें फोन पर ऐसा न करने की नसीहत दी थी जो शायद उन्हें मंजूर नही था। सूत्रों की माने तो उन्हें बुधवार रात गांव के आसपास साथ साथ देखा गया था।

# सीडीओ ने की जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा, दिए निर्देश

- सभी एमओआईसी आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से कराए
- संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के लिए करे संपूर्ण तैयारी



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय व विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान के अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। समीक्षा में ई रुपी वाउचर का उपयोग बढ़ाने, संस्थागत प्रसव बढ़ानेए मातृत्व मृत्यु दर में कमी करनेए हेल्थ बेलनेस सेंटर में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने सीएचसी पुखरायां, संदलपुर, रसूलाबाद में संस्थागत प्रसव में कमी पाएं जाने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि 51 नई आशाओं का चयन कर लिया गया है, डीएचएस के माध्यम से स्वीकृति के बाद प्रशिक्षण कराकर तैनाती की जाएगी। उन्होंने आशाओं के मानदेय का समय से भुगतान न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा आशाओं के मानदेय का समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से मनाया जाएगा। विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ पुरुष एवं महिला नसबंदी के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# हत्यारे को माँ-बहन की हत्या में आजीवन कारावास

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**माँ** व बहन की नाक-मुंह दबाकर हत्या करनें में आरोपी को न्यायालय नें आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।विदित है कि 21 जुलाई 2020 को शहर के मोहल्ला गंगानगर कालोनी कबाड़ वाली गली निवासी 70 वर्षीय रामकली उर्फ राधा व उसकी 35 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी के शव घर के भीतर दो चारपाइयों पर मिले थे।

पोस्टमार्टम के बाद दोनों की मौत नाक और गला दबाने से होने की पुष्टि हुई थी। रामकली की पुत्री किरन निवासी संगम बिहार नई दिल्ली नें अपने भाई लालू प्रताप उर्फ विमल प्रताप उसकी पत्नी प्रीती, ससुर रामसेबक व साले जीतू पर आरोप लगाया था कि यह लोग उसकी माँ रामकली व बहन लक्ष्मी के साथ आये दिन मारपीट करते थे।

रामकली नें भाई लालू को मकान से बेदखल कर दिया था। जिसका मुकदमा एसडीएम न्यायालय में चल रहा था। पुलिस ने आरोपी लालू प्रताप उर्फ विमल प्रताप उसकी पत्नी प्रीती, ससुर रामसेबक व साले जीतू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया । मामले की विवेचना तत्कालीन शहर कोतवाल वेद प्रकाश पाण्डेय को दी गयी। विवेचना में प्रीती, रामसेबक व जीतू का मौके पर न पाया जाने की पुष्टि होनें पर मुकदमा से नाम प्रथक किया।

जबकि आरोपी लालू प्रताप के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय नें दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी लालू को दोषी करार दिया। उन्होंने माँ-बहन के हत्यारे लालू को आजीवन कारावास और 20 हजार के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

# कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं से कृषकों के जीवन में आया आमूलचूल परिवर्तन

**कानपुर देहात।** हमारा प्रयास जनपद का विकास श्रृंखला के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति और उनसे कृषकों को होने वाले लाभ के विषय में चर्चा करेंगे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादाई नेतृत्व में किसानों के हितार्थ विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित है। जिससे कृषकों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन उपस्थित हुआ है। इनमें सबसे पहली व महत्वपूर्ण योजना है 'प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना' इसके अन्तर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रू0 की धनराशि उनके खातों में सीधे हस्तांतरित की जाती है। इस योजना का लाभ पति.पत्नी में किसी एक को देय है। इस योजना से कृषकों को खाद और बीज खरीदने में सुविधा होने लगीए इसी तरह 'पारदर्शी किसान सेवा योजना (डीबीटी) जिसके अन्तर्गत किसानों को 'रवी में' चना, मटर, राई, सरसों, गेहूँ, जौए 'खरीफमें' धान, बाजरा, मक्का, उड़द, मूँग एवं 'जायद में' उर्द, मूंग के बीजों में अनुदान दिया गया। कुल धनराशि 179.225 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से कृषकों के खातों में विभिन्न योजनाओं (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, प्रमाणित बीज, संकर बीज, बीज ग्राम योजना एवं मैकेनाइजेशन) के अन्तर्गत अनुदान की धनराशि हस्तान्तरित की गयी। इसके अलावा 'सोलर फोटो वोल्टेइक पम्प योजना (पीएम कुसुम) संचालित है, इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को 5 एचपी पर 40 प्रतिशत एवं 2 एचपी एवं 3 एचपी पर 70 प्रतिशत अनुदान देय है। योजनान्तर्गत 2023 तक 112 सोलर पम्पों की स्थापना पर रू0 50.73 करोड़ धनराशि कृषकों को अनुदान के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। इसी तरह 'कृषि यंत्रीकरण एवं इन सीटू मैनेजमेंट योजना' के अन्तर्गत वर्ष 2023.24 में कुल 227 कृषकों को अनुदान की धनराशि डीबीटी के माध्यम से कृषकों के बैंक खातों में 277.42 करोड़ रुपये की धनराशि का अनुदान लाभ प्रदान किया गया। कृषकों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ;आत्माद्ध योजना' है, इसके अन्तर्गत नवीन तकनीक की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 280 किसानों को राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमए 650 कृषकों को राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षणए तथा 2140 जनपद के अन्दर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कराया गया। इसी प्रकार 950 कृषकों को राज्य के अन्दर शैक्षणिक भ्रमण तथा 500 कृषकों का जनपद के अन्दर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित कराये गये।

# डीएसपी बोल रहा हूं, 15 हजार भेजो तो आरोपियों को गिरफ्तार करूंगा

**फतेहपुर।** जिले में इन दोनों साइबर क्राइम के इतना ज्यादा हावी है कि किसी न किसी को हर दिन अपना शिकार बना रहे हैं। इनके झांसे में आकर तमाम भोले भाले लोग फंसकर लाखों रुपए गंवा रहे हैं। कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं और साइबर क्राइम की टीम लगातार लोगों को जागरूक करने में भी लगी है इसके बावजूद भी इन जलसा साइबर क्राइम के लोगों के झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई को पल भर में गवां देते हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को प्रकाश में आया। जहां एक पीड़ित ने दो दिन पहले सदर कोतवाली में अपने विरोधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी जानकारी साइबर क्राइम करने वाले लोगों ने एकत्रित कर पीड़ित फरहान मिर्जा के मोबाइल पर कॉल आई और बोले कि मैं एसपी ऑफिस से डीएसपी बोल रहा हूं। आपने मुकदमा जिन लोगों के खिलाफ दर्ज कराया है, उसकी जांच कर रहा हूं। अगर पंद्रह हजार रूपए तत्काल ऑनलाइन भेजो तो हम उन्हें गिरफ्तार कर ऐसे मुकदमे में भेजेंगे, जिससे उनकी छह महीने जमानत नहीं होगी और दस साल तक की सजा होगी। इस पर पीड़ित ने सोचा कि इस तरह कोई भी पुलिस का अधिकारी ऑनलाइन पैसे की मांग फोन पर नहीं करते, जिस पर पीड़ित ने थोड़ा समय लेकर दोबारा कॉल करने की बात कह कर फोन काट दिया। अब यह ऑडियो लोगों को जागरुक एवं सावधान करने के लिए सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस ऑडियो के बारे में डीएसपी से बात की गई तो उनका कहना रहा कि ऐसे फोन कॉल से सावधान रहें। पुलिस कभी भी इस तरह की काल नहीं करती। यह कॉल पूरी तरह से फर्जी है। लोग जागरुक हो और साइबर क्राइम के बहकावे में किसी भी हाल में न आएं। इस तरह की कल आने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**जिलाधिकारी** डॉ0 वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 2024-25 में पौधरोपण पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अमृत सरोवरों पर सरोवर की पटरी छोड़कर छोटे से बड़े के क्रम में तीन लाइनों में वृक्षारोपण करे,सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष अपनी माँग पोधो के अनुसार डीएफओ को उपलब्ध करा दे, 01 से 07 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है सभी विभागों के अधिकारियों के द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाये, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लगाये गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संवंधित विभाग की होगी, सभी स्कूलों में बच्चों व कार्यालयों में कर्मचारियों को पौधों को गोद दिया जाये इस वर्ष 3709240 पौधे लगाने का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है, इस वर्ष पौधरोपण की थीम पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ व माँ के नाम एक वृक्ष होगी, परिवहन, रेलवे, रक्षा व विधुत विभाग द्वारा अभी तक कार्ययोजना प्रस्तुत नही की गई है,

डीएम द्वारा कल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये व जनजागरण अभियान चलाया जाये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गंगा किनारों व गंगा घाटों पर प्रदूषण न फैले इसके लिए नियमित रूप से भ्रमण कर मॉनिटरिंग की जाये,जनपद में चल रहे छापेखानों में कितने का पानी गंगा नदी में जा रहा है इसकी सूचना जीएमडीआईसी डीएफ ओ को उपलब्ध कराए, जिले के बड़े स्नान घाटो का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश डी पी ओ जिला गंगा समिति को दिए गए। सीडीओ, डीएफ ओ, सीएमओ नगर मजिस्ट्रेट व संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन्म लेने वाले बच्चों के आधार कार्ड अस्पतालों में बनाए जाएः जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में किया गया,बैठक में आधार नामांकन पैकेट्स के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई, बैठक में बताया गया कि जिले में 97 प्रतिशत आधार का कवरेज है जिसका कारण छोटे बच्चों का आधार न बना होना है। सभी खंड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक क्षेत्र में सर्वे कर 0 से 05 वर्ष तक के कितने बच्चो के आधार बने है और कितने के आधार नही बने है इसकी सूची तैयार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ मिलकर अभियान चलाये व ग्रामवार कैम्प लगाकर जुलाई माह तक 100 प्रतिशत आधार बनवाये, डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ये सुनिश्चित करे कि सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने बाले बच्चो के आधार वही बनाये जाये।

## क्विक न्यूज

### बाइक को भैंस ने मारी टक्कर, महिला मृत, पति सहित दो घायल

**फर्रुखाबाद।** बाइक सबारों को भैंस नें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सबार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि उसके पति सहित दो लोग घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चिड़िया मोहोलिया निवासी 60 वर्षीय रामप्यारी फर्रुखाबाद में अपनी देवरानी सुनीता को अस्पताल से देखकर अपने पति रामअवतार व लालू प्रसाद पुत्र मसाल सिंह के साथ बाइक से आ रहे थे। उसी दौरान नगला हुसा के निकट अचानक एक भैंस नें बाइक के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो कर गिर गयी। जिससे बाइक सबार महिला रामप्यारी उसके पति रामअवतार व साथ में लालू घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। जहाँ चिकित्सक प्रमित राजपूत नें रामप्यारी को मृत घोषित कर दिया। लालू की हालत गंभीर होनें पर लोहिया अस्पताल रिफर किया गया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि बाइक से गिर के महिला की मौत हुई है। जिससे चौकी इंचार्ज विमल कुमार को पंचनामा की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

### आधा दर्जन पर युवक के गोली मारने पर केस दर्ज

**फर्रुखाबाद।** युवक के साथ मारपीट कर गोली मारने में तीन नामजद आरोपियों सहित आधा दर्जन के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। कौशलेंद्र सिंह पुत्र सिद्धनाथ निवासी आवास विकास हिंदुस्तान होटल के पीछे ने दर्ज करायी एफआई आर में कहा की वह अपने साथी अनुज प्रताप सिंह के बब्बू मिष्ठान भंडारा गये थे। उसी दौरान पहले से घात लगाये बैठे लकी पुत्र हिमांशु , लुक्का, राहुल व तीन अज्ञात नें कौशलेन्द्र व उसके दोस्त के साथ गाली- गलौज कर दिया। मना करने पर एक राय होकर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया । अनुज के पैर में गोली लगी । पुलिस नें धारा 147, 307, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। शहर कोतवाल जेपी शर्मा नें बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### ताड के पेड़ से गिरे दलित युवक की हुई मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम आमपुरवा निवासी प्रांशु पुत्र गिरीश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 25 जून की शाम गांव के ही राजेश, योगेश, आशीष, जनवेश ने उसके पिता गिरीश चंद्र से जाति सूचक गालियां देते हुए जबरिया ताड़ के पेड़ पर चढ़ा दिया। जिससे गिरकर उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। वही मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### छह लोगों को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम रूपपुर निवासी जसविंदर सिंह राजपूत पुत्र सुरेश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में गया गया है कि 25 जून की सुबह गांव के ही समर पाल राजपूत, शिवम कुमार, शिवम, अनमोल, सुमित, शेखर, अंजू, सनोज, धीरज द्वारा रास्ते से पिकअप गाड़ी निकालने के दौरान बाइक हटाने के विवाद को लेकर उसे व उसके भाई पुष्पेंद्र एवं उसकी मां कमला देवी, पिता सुरेश चंद्र, भतीजा शिवा, भतीजी कशिश के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### अजय पांडेय ने खागा एसडीएम का चार्ज लिया

**खागा (फतेहपुर)।** खागा तहसील की कमान संभालते उपजिलाधिकारी अजय पांडेय ने कहा कि तहसील क्षेत्र के आए हुए फरियादियों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा। लंबित पड़ी शिकायतों का भी संयुक्त टीम बनाकर मौके पर निस्तारण हेतु कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील परिसर के जो डेक्स पर बैठे कर्मचारी एवं क्लर्क समय से तहसील पहुंचकर जनता का निष्पक्ष कार्य करेंगे, इस पर भी गौर किया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि तहसील क्षेत्र से आई हुए फरियादो का प्राथमिकता से निष्पक्षता से निस्तारण कार्य करना ही हमारी प्राथमिकता है।

### डीएम के जनता दर्शन में आईं 84 शिकायतें

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरूवार को जनता दर्शन लगाया। जिसमें दूर दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुल 84 शिकायतकर्ताओं से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाये।

# कब्रिस्तान की जमीन खाली कराए जाने की मांग

**फतेहपुर।** शिकायत किए जाने के बाद भी कब्रिस्तान की जमीन खाली न किए जाने पर बहुआ कस्बे के लोगों ने पुनः नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। नगर पंचायत बहुआ की गाटा संख्या 673674, 1778 व 987 है। जो कि कब्रिस्तान की भूमि है। पैमाइश किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसकी पैमाइश 31 जुलाई 2020 को सभी की उपस्थिति में चिन्हित कर की गई थी। कब्रिस्तान के सामने दुकान लगाकर सब्जी बेंचने वालों को भी भूमि खाली करने के लिए कहा गया था। गाटा संख्या 987 मौके पर खाली है लेकिन यथास्थिति आज भी मौके पर कब्रिस्तान की जमीन खाली नहीं है। किसी प्रकार प्रकार का विवाद न उत्पन्न हो इसलिए कब्रिस्तान की जमीन जल्द खाली कराई जाए। अब्दुल हमीद, अनीस राईन, मो. यासीन, मो. नौशाद, मो. रशीद, सरताज, अब्दुल कदीर, अब्दुल अजीज, इस्लाम, मो. नसीम, अनीस अहमद, सलीम राईन, सत्तार राईन, हुसैनी राईन, सुभान, अंसार राईन भी मौजूद रहे।

# करंट से बच्चे को बचाने वाले सिपाही को एसपी ने किया पुरूस्कृत



सिपाही को पुरूस्कृत करते एसपी, एएसपी व सीओ सदर।

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कमार आनन्द द्वारा थाना गुरसहायगंज पर तैनात आरक्षी को बिजली के करंट लगने वाले एक बच्चे को बचाने पर पॉच हजार रूपये नगद पुरस्कार से पुरूस्कृत कर सम्मानित करनें के उपरान्त कहा कि ऐसे सराहनीय कार्य करनें बाले आरक्षी बधाई के पात्र हैं।

बुधवार को थाना गुरसहायगंज के पास गोपाल नगर मोहल्ले का 10 वर्षीय बच्चा कमलेश पुत्र अनिल सैनी खेलते-खेलते एक खम्भे को छू लिया था। बरसात के कारण उक्त खम्भे में बिजली का करंट उतर आया। जिससे बच्चे को करंट लग गया। आरक्षी गजेन्द्र सिंह ने तत्काल लाठी के सहयोग से बच्चे को खम्भे के पास से हटाकर प्राथमिक उपचार हेतु पुलिस वाहन से अविलम्ब उक्त घायल बच्चे को सीएचसी गुरसहायगंज ले जाया गया एवं बच्चे के परिजनो को सूचित किया गया। आरक्षी गजेन्द्र के इस प्रशंसनीय व साहसी कार्य पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पॉच हजार रूपये नगद पुरस्कार से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

# पुलिस ने शातिर चोर को चोरी के मोबाइल व अवैध तमॅचे व कारतूस के साथ पकड़ा

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात




गिरफ्तार शातिर चोर के साथ रूरा एसओ एसएन सिंह व एसआई राकेश कुमार सिंह

**पुलिस** ने प्रभारी निरीक्षक एसएन सिंह व उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हिस्ट्रीशीटर अपराधी को चोरी के मोबाइल व अवैध तमॅचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफपहले से ही जनपद के गजनेर थाने में सॅगीन धाराओं में कई मुकदमें दर्ज है।

वुधवार की रात्रि को जागते रहो अभियान के तहत रूरा इंसपेक्टर एसएन सिंह व चौकी ईर्चाज राकेश कुमार सिंह वॉछित हिस्ट्रीशीटर ॲकित उर्फ अनके पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम शेरपुर तरौन्दा गजनेर की तलाश कर रहे थे, उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में सरकौडा गॉव के पास अम्बियापुर में खडा है, मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुॅचा और संदिग्ध व्यक्ति की जामा तलाशी ली तो उसके पास पहले से दर्ज चोरी के मुकदमें से सम्बन्धित एक सैमसॅग मोबाइल व एक 315 बोर का अवैध तमॅचा कारतूस के साथ बरामद किया गया। हिस्ट्रीशीटर शातिर अपराधी के पास तमॅचा व कारतूस मिलने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा और दर्ज किया गया तथा पहले से दर्ज मुकदमें में बरामदगी के आधार पर धारा बढाई गयी। प्रभारी निरीक्षक एसएन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शातिर अपराधी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा जा रहा है, गिरफ्तार शातिर के खिलाफ जनपद के गजनेर थाने में भी अलग-अलग अपराधों में मुकदमें दर्ज है, शातिर अभियुक्त की गिरफ्तारी में सिठमरा पुलिस चौकी टीम की भूमिका भी प्रमुखता से रही।

# जनपद में करोड़ों रुपए का राजस्व का हो रहा नुकसान



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बाँदा जनपद में करोड़ों रुपए का राजस्व का हो रहा नुकसान विकास प्राधिकरण के नियमों के खुले आम हो रहा है उलघन आपको बताते चलें कि बांदा जनपद में लगभग 5000 भू माफिया दलाल है विद्यमान है और इन्होंने विकास प्राधिकरण बांदा के समस्त अधिकारियों से पैक्ड कर रखी है बराबर सबको सुविधा शुल्क दी जाती है जबकि कृषि भूमि को टुकड़े.टुकड़े में करके बेची जा रही है जबकि इसको सबसे पहले आवासीय भूमि में तब्दील किया जाना चाहिए फिर इसके बाद इसमें कोई निर्माण कर होना चाहिए लेकिन यहां पर तो कृषि भूमि को दलालों द्वारा आवास बनाकर अरबो रुपए का राजस्व का नुकसान किया जा रहा है तथा जिस प्रकार जल संकट चल रहा है।

बारिश कम हो रही है उसे पर जल योद्धा समाजसेवी पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पांडे ने भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री से यह मांग की है कि प्रत्येक मकान मैं रिचार्जिंग पॉइंट बनाया जाए तथा वीडियो के द्वारा लेआउट पास कराया जाना चाहिए तथा सड़क बनाई जानी चाहिए पार्क बनाए जाना चाहिए उसके बाद इसको एक व्यवस्थित रोड देते हुए सरकारी नक्शा पास होना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा हूं।

माफिया इसको अवैध बस्तियां बसा रहे हैं जो कि आगे तोड़ी जाएंगे इस पर तमाम भी गुनाह मीडियम फैमिली के लोग फंस कर अपनी पूरी पूंजी फंसा देते हैं और जब यह मकान अवैध बस्ती के नाम पर तोड़ा जाएगा तो बहुत सारे लोग आत्महत्या करते हैं परिवार के परिवार उजड़ जाते हैं अतः आपसे कर्तव्य निवेदन है प्रार्थना है की इन भू माफिया पर अंकुश लगाया जाए लगातार अवैध प्लाटिंग जारी है लगातार अवैध मकान कृषि भूमि पर बना रहे हैं ना कोई लेआउट पास है ना पार्क है ना ना लिया है ना रोड है ना लाइट का सिस्टम है आखिर इनको कंट्रोल कौन करेगा पानी भी तभी तो मिलेगा जब रिचार्जिंग पॉइंट प्रत्येक मकान के सामने बनेगा प्रसाद का पानी इकट्ठा होना चाहिए नए जिला कलेक्टर नागेंद्र प्रताप सिंह से भी मांग की गई है इसको शक्ति से लागू करने का प्रयास करें हालांकि यह सच्चाई है की छलनी में 72 छेद हैं उसे क्षेद को एकदम तो नहीं बंद किया जा सकता लेकिन चलनी बदली जा सकती हैं।

# भूमि पर अवैध कब्जा करने का भाई पर मढ़ा आरोप

- घर के सहन पर जबरन दीवार खड़ी करने से रास्ता अवरूद्ध

**फतेहपुर।** दो सगे भाईयों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि माता-पिता अपनी मर्जी से उनके साथ रहते हैं और उन्होने गांव किनारे अपनी स्वेच्छा से भूमि का पंजीकृत दान पत्र उनके नाम किया था। जिससे खुन्नस खाए भाई ने भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं घर के सहन पर भी जबरन दीवार खड़ी कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया है। जिससे उन्हें दिक्कतें हो रही है। भाई पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में जाफरगंज थाने के ग्राम सुल्तानगढ़ निवासी विनय कुमार व सूर्य कुमार पुत्रगण चक्रपाणि ने बताया कि उनके पिता पूर्ण रूप से विकलांग हैं। मां भी वृद्ध व कमजोर है। दोनों लोग अपनी मर्जी से उनके साथ रहते हैं। जिनकी सेवा भी सूर्यकुमार करता है। उनको पिता ने मौजा सुल्तानगढ़ गांव किनारे अपनी स्वेच्छा से भूमि का पंजीकृत दान पत्र 16 मार्च को किया था। जिस पर उनके भाई ज्ञानेंद्र कुमार ने जबरन कब्जा करने की ठान ली ओर उनके खेत में ट्रैक्टर जाने का निजी रास्ता अवरूद्ध कर दिया। इतना ही नहीं घर के निकास व सहन पर भी जबरन दीवार खड़ी कर दी है। जबकि मकान व शेष भूमि पिता के नाम दर्ज है। ज्ञानेंद्र कुमार को मना करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देता है। माता-पिता को बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाता है, जबकि माता-पिता स्वेच्छा से उनके साथ रहते हैं। दोनों भाईयों ने डीएम से मांग किया कि प्रकरण की जांच कराकर दोषी ज्ञानेंद्र कुमार के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कर उनके निकास को कब्जा मुक्त करवाया जाए।

# खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संभाली कमान

- आमजन की समस्याओं का निराकरण, जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना प्राथमिकताः डीएम



**लखीमपुर खीरी।** 2010 बैच की आईएएस लखीमपुर खीरी जिले की नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद मुख्यालय पहुंचकर कोषागार में पदभार ग्रहण किया। पदभार सम्भालने के उपरान्त उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई प्रॉपर हो। शिकायतकर्ता की शिकायत के निदान पर संतुष्टि जरूर होए इसे सुनिश्चित कराए। फरियादी की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद करें। अधिकारी सजग और प्रो.एक्टिव होकर काम करें। अधिकारी अपने विभाग के सकारात्मक कार्यों को मीडिया से शेयर करें।

नवागत डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा तथा जनशिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएगा। आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम नागरिक एवं जरूरतमंदों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। जनता सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकती है। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनता दर्शन में सभी अधिकारी निरन्तर उपलब्ध रहेंगे। बताते चलें कि नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल इससे पहले डीएम बांदा के पद पर कार्य करने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रही हैं। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उद्धव ठाकरे ने नीट, अयोध्या मंदिर को लेकर केंद्र महायुति को लीकेज सरकार बताया

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र और सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर निशाना साधते हुए नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं तथा अयोध्या में राम मंदिर में पानी के रिसाव की खबरों के संदर्भ में दोनों को लीकेज गवर्नमेंट बताया। ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बृहस्पतिवार को शुरू हुए राज्य विधानसभा के मानसून सत्र को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार का विदाई सत्र भी बताया। उन्होंने मांग की कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कृषि कर्ज माफ किया जाए। महा विकास आघाडी (एमवीए) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में नीट परीक्षा को लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए। एमवीए में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं।

ठाकरे ने केंद्र तथा राज्य सरकार पर निशाना साधने के लिए नीट और राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्एंद्र दास के अयोध्या मंदिर में पानी के रिसाव के संबंध में हालिया बयान को लेकर पैदा विवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, केंद्र और राज्य सरकार लीकेज सरकारें हैं। परीक्षा का प्रश्नपत्र (नीट) लीक हुआ और राम मंदिर के गर्भगृह में पानी का रिसाव हुआ। उन्हें कोई शर्म नहीं आती। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव से पहले कृषि कर्ज माफ करने की भी मांग की। उन्होंने कहा, कृषि कर्ज तुरंत पूरी तरह माफ कर इसे राज्य में चुनाव से पहले लागू किया जाना चाहिए।

ठाकरे ने आरोप लगाया कि राज्य में पिछले दो वर्ष में 6,250 किसानों की मौत हुई है। एक जनवरी से अब तक 1,046 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। किसानों के लिए घोषित 10,020 करोड़ रुपए की सहायता अभी तक जारी नहीं की गई है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर देश में जल संकट को लेकर उदासीन होने का आरोप लगाया। शुक्रवार को पेश किए जाने वाले राज्य के बजट के मद्देनजर ठाकरे ने कहा कि बजट में आश्वासनों की झड़ी लगाई जाएगी लेकिन सरकार को उन वादों पर भी श्वेत पत्र लाना चाहिए जो उसने पिछले दो साल में पूरे किए हैं।

मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना की तर्ज पर राज्य में भी महिलाओं के लिए एक योजना शुरू किए जाने की खबरों पर ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में बढ़ती बेरोजगारी के मद्देनजर पुरुषों के लिए भी ऐसी ही पहल की जानी चाहिए।

उन्होंने मराठी भाषी लोगों के लिए मुंबई में नई आवासीय परियोजनाओं में 50 फीसदी मकान आरक्षित करने की पार्टी के विधान परिषद सदस्य अनिल परब की मांग का भी समर्थन किया। उन्होंने राज्य विधानसभा की इमारत की एक लिफ्ट में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात को महज संयोग बताया। इस मुलाकात की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। ठाकरे ने कहा कि यह एक अनौपचारिक मुलाकात थी। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) तथा उसके सहयोगी कांग्रेस तथा राकांपा (एसपी) ने राज्य में 48 में से 30 सीटें जीती हैं। इससे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक नए राजनीतिक गठबंधन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

## अलवर में एक वांछित हिस्ट्रीशीटर के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के मन्नाका गांव में बृहस्पतिवार को एक वांछित हिस्ट्रीशीटर के अवैध निर्माण को तोड़ा गया। मन्नाका गांव में शनिवार को पुलिस दल ने वांछित हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान को पकड़ा था। उसके परिवार की महिलाओं ने पुलिस दल से उसे छुडवा लिया और वह फरार हो गया। अलवर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह ने बताया कि अलवर के नगर सुधार न्यास (यूआईटी) ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया है। उन्होंने बताया कि फिरोज खान ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया था जिसे नोटिस के बाद तोड़ा जा रहा है। फरार हिस्ट्रीशीटर पर पहले से ही लूट, डकैती और हत्या का प्रयास के कई प्रकरण दर्ज हैं। उनके अनुसार शनिवार को पुलिस दल ने जब उसे पकड़ा था, तब उसके परिवार की महिलाओं ने उसे छुडा लिया था और वह फरार हो गया था।

# राहुल ने लोकसभा में आपातकाल वाले प्रस्ताव को लेकर बिरला के समक्ष आपत्ति जताई

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा सदन के भीतर आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर यह कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था और इससे बचा जा सकता था। केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिस दौरान गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल का उल्लेख किए जाने का मुद्दा भी उठाया। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल को विपक्ष का नेता घोषित किया। उसके बाद राहुल गठबंधन के सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से मिले।

यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी ने सदन में आपातकाल की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की, वेणुगोपाल ने कहा, हमने संसद के कामकाज के बारे में कई चीजों पर चर्चा की। निश्चित तौर पर यह मुद्दा भी उठा। कांग्रेस नेता ने बताया, राहुल जी ने विपक्ष के नेता के रूप में अध्यक्ष को इस मुद्दे के बारे में सूचित किया और कहा कि अध्यक्ष की तरफ से इसे टाला जा सकता था। यह स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक संदर्भ था, इसे टाला जा सकता था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गांधी की अध्यक्ष के साथ यह पहली बैठक थी। उनके साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, द्रमुक की कनिमोझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी के अलावा कुछ अन्य लोग भी थे। वेणुगोपाल ने भी बिरला को पत्र लिखकर पद संभालने के बाद अपने पहले कार्य के रूप में आपातकाल पर प्रस्ताव लाने को लेकर पार्टी की तरफ से विरोध जताया।

मैं इसे संसद की विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाले एक बहुत ही गंभीर मामले के संदर्भ में लिख रहा हूं। कल, यानी 26 जून को, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में आपके चुनाव पर बधाई देने के समय एक सामान्य सौहार्दपूर्ण माहौल था। पहले आपातकाल की घोषणा के संबंध में बिरला वक्तव्य बेहद चौंकाने वाला था तथा अध्यक्ष की ओर से इस तरह का राजनीतिक संदर्भ देना संसद के इतिहास में अभूतपूर्व है। वेणुगोपाल ने अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में कहा, मैं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, संसदीय परंपराओं के इस उपहास पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त करता हूं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के फिर से अध्यक्ष बनने के कुछ देर बाद बुधवार को सदन में उस वक्त हंगामा देखने को मिला जब बिरला ने 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की निंदा करते हुए बुधवार को एक प्रस्ताव पढ़ा।

# फडणवीस और उद्धव ठाकरे की लिफ्ट में मुलाकात से कयासों का दौर शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की बृहस्पतिवार को संयोगवश विधानभवन की लिफ्ट में मुलाकात हुई जिसे लेकर राज्य के सियासी हलकों में कयासों का दौर शुरू हो गया। महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन फडणवीस और ठाकरे एक साथ लिफ्ट का इंतजार कर रहे थे। प्रसारित वीडियो में दोनों नेता इस दौरान संक्षिप्त बातचीत करते दिखते हैं।

ठाकरे ने कहा, लोगों ने उस गाने के बारे में सोचा होगा कि न न करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने संवाददाताओं से हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि लिफ्ट के कान नहीं होते तथा लिफ्ट में इस तरह की और मुलाकात एक अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लिफ्ट की घटना का कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए क्योंकि यह एक अप्रत्याशित मुलाकात थी।

इस मौके पर लिफ्ट में ही मौजूद रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक प्रवीण दारेकर ने कहा, जब लिफ्ट का दरवाजा खुला तो फडणवीस सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालय की ओर बढ़ गए जबकि उद्धव जी विपक्षी पार्टी कार्यालय की ओर चले गए। इसका मतलब है कि उनका सत्तारूढ़ दल के साथ जुड़ने का कोई इरादा नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने भी ठाकरे से विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष अम्बादास दानवे के कार्यालय में मुलाकात की। पाटिल ने ठाकरे को गुलदस्ता और चॉकलेट भेंट की। इस मौके पर ठाकरे ने शुक्रवार को पेश किए जाने वाले राज्य के बजट में शामिल रियायतों की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए चुटकी ली और कहा, आप कल लोगों को एक और चॉकलेट देंगे।

## ईडी ने उप्र के बाइक टैक्सी एग्रीगेटर के खिलाफ दर्ज पीएमएलए मामले में और संपत्तियां कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने उप्र के बाइक टैक्सी एग्रीगेटर और उसके कई प्रमोटर के खिलाफ धनशोधन के मामले की जांच के तहत पांच करोड़ रुपए से अधिक की नई संपत्ति कुर्क की है। हेलो राइड लि. कंपनी के निदेशकों, अध्यक्षों, कई एजेंट और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ से खेत और भूखंड को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों का कुल मूल्य 5.35 करोड़ रुपए है। ईडी ने पहले इस मामले में 2.38 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की थी और अब कुर्क की गई कुल संपत्ति की कीमत 7.73 करोड़ रुपए हो गई है। उप्र पुलिस द्वारा कंपनी और इसके प्रमोटर अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडे, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता और अन्य के खिलाफ लगभग तीन दर्जन प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धनशोधन यह का मामला सामने आया था।

# तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा में दिया धरना

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर जारी विवाद के कारण शपथ नहीं ले पाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में बृहस्पतिवार को धरना दिया। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इन दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। वराहनगर से निर्वाचित विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और भगबानगोला से निर्वाचित हुए रायत हुसैन सरकार विधानसभा परिसर में बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठ गए और उन्होंने मांग की कि राज्यपाल बोस विधानसभा के अंदर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराकर उन्हें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य का निर्वहन करने दें।

राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया कि परंपरा के अनुसार उपचुनाव जीतने वाले उम्मीदवार के मामले में राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं।

राज्यपाल ने विधानसभा में शपथ दिलाने से इनकार कर दिया और नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बंदोपाध्याय ने संवाददाताओं से कहा, हमने बुधवार को शाम चार बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का इंतजार किया लेकिन वह नहीं आए। आज हम आंबेडकर की प्रतिमा के सामने इस मांग के पक्ष में बैठे हैं कि लोगों के लिए काम करने का हमारा संवैधानिक अधिकार बिना किसी देरी के हमें दिया जाए।

विधायकों का धरना अपराह्न साढ़े बारह बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक जारी रहा। धरना समाप्त होने के बाद बंदोपाध्याय ने कहा कि वह विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए फिर से राज्यपाल को पत्र लिखेंगी।

सरकार ने कहा कि वह निर्वाचित होने के बावजूद लोगों के लिए काम नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्हें सदन के सदस्य के रूप में शपथ नहीं दिलाई गई है। उन्होंने कहा, हम काम नहीं कर पा रहे हैं और अहम समय बर्बाद हो रहा है। राज्यपाल क्यों नहीं यहां आकर शपथ दिला रहे हैं? विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस गतिरोध को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल बोस पर शपथ ग्रहण समारोह को अहंकार की लड़ाई में बदलने और जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को यह प्रकिया रोकने का कोई अधिकार नहीं है।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने बुधवार रात को पीटीआई-भाषा से कहा कि संविधान उन्हें यह निर्णय लेने का अधिकार देता है कि विधायकों को शपथ दिलाने का काम किसे सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे विधानसभा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराने में कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अध्यक्ष के आपत्तिजनक पत्र के कारण राज्यपाल के पद की गरिमा को ठेस पहुंची, इसलिए यह विकल्प व्यवहार्य नहीं पाया गया। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय में कहा, मेरे विधायकों सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार को निर्वाचित हुए एक करीब एक महीना हो गया है लेकिन अब तक वे शपथ नहीं ले पाए हैं। राज्यपाल उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। यह जनता है जिसने उन्हें चुना है, न कि राज्यपाल ने। वह शपथ लेने के उनके अधिकार से वंचित नहीं कर सकते हैं।

## तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी : अधिकारी

**हैदराबाद।** तेलंगाना ने तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने के लिए आवश्यक सभी तैयारियां कर ली हैं। ए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नए कानूनों का अनुवाद करने की प्रक्रिया भी आखिरी चरण में है और इसके एक जुलाई से पहले पूरी हो जाने की संभावना है। अधिसूचना के मसौदे तैयार हैं और नए कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए अगले कुछ दिनों में इन्हें अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देखने के लिए विभिन्न स्तरों पर दलों का गठन किया गया है कि इन नए कानूनों को केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजना के अनुसार लागू किया जाए। केंद्र सरकार ने इन नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए एक जुलाई की तारीख तय की है। उन्होंने कहा कि राज्य इन नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए तैयार है।

## उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले से भारत में जलवायु संबंधी मुकदमों में वृद्धि हो सकती है: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ अधिकार को एक विशिष्ट मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देने के उच्चतम न्यायालय के एक ऐतिहासिक फैसले से भारत में जलवायु संबंधी मुकदमों में वृद्धि हो सकती है। यह बात बृहस्पतिवार को जारी एक वैश्विक रिपोर्ट में कही गई। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के ग्रांथम रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन क्लाइमेट चेंज एंड द एनवॉयरमेंट की रिपोर्ट में एम के रंजीत सिंह तथा अन्य बनाम भारत संघ के मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) में जलवायु संबंधी मुकदमे बढ़ रहे हैं तथा ए अधिक ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक दक्षिण के देशों के 200 से अधिक जलवायु मुकदमे डेटाबेस में दर्ज किए गए हैं, जिसमें वैश्विक स्तर पर सभी मुकदमों के लगभग आठ प्रतिशत वाद शामिल हैं। इसमें कहा गया, "हालांकि शोध कुछ वैश्विक दक्षिण देशों में जलवायु नीति प्रतिक्रियाओं में अदालतों को साधन के रूप में उपयोग करने की बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत देता है, वहीं अन्य देशों में जलवायु मुकदमेबाजी से रणनीतिक तरीके से बचा जा सकता है। उदाहरण के लिए, इसमें कहा गया कि भारत में जलवायु संबंधी मुकदमों की ऐतिहासिक रूप से कम संख्या उत्सर्जन पर अत्यधिक संकीर्ण तरीके से ध्यान केंद्रित करने के एक सचेत निर्णय को दर्शाती है, क्योंकि इससे आजीविका, अधिकारों और पारिस्थितिकी चिंताओं से संबंधित व्यापक मुद्दों की अनदेखी हो सकती है।

# चंद्रशेखरन मामले के दोषियों को सजा में छूट देने पर विचार नहीं किया जा रहा: केरल सरकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने चर्चित टी.पी. चंद्रशेखरन हत्याकांड के तीन दोषियों को सजा में छूट देने पर विचार करने के आरोप में तीन जेल अधिकारियों को बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया। इस मामले को लेकर राज्य विधानसभा में विपक्ष ने हंगामा किया और वामपंथी सरकार पर प्रक्रिया में मिलीभगत होने का आरोप लगाया। विधानसभा में एक बयान में सरकार ने स्पष्ट किया कि 2012 के हत्याकांड के किसी भी दोषी को सजा में छूट देने पर विचार नहीं किया जा रहा। राज्य के स्थानीय स्वशासन विभाग के मंत्री एम. बी. राजेश ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की ओर से यह स्पष्टीकरण दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीसन के बयान के बाद सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण आया है। सतीशन ने सरकार से मांग की थी कि चंद्रशेखरन मामले में दोषियों को किसी भी कारण से, सजा में किसी भी तरह की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

सरकार ने विधानसभा को जानकारी दिए बिना दोषियों को सजा में छूट देने का प्रयास किया तथा ऐसा करने पर रोक लगाने वाले एक कानून को दरकिनार कर दिया गया, जो इस सरकार ने ही बनाया था। राजेश ने सदन में कहा, "स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सजा में छूट देने संबंधी 2022 के मानदंडों के अनुसार कैदियों की संशोधित सूची सरकार के समक्ष विचार के लिए नहीं आई है। इसलिए, चंद्रशेखरन हत्याकांड के दोषियों की सजा में छूट पर विचार नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में आरोप निराधार हैं। रिवॉल्यूशनरी मार्कसिस्ट पार्टी के नेता चंद्रशेखरन (52) की 2012 में एक गिरोह ने उस समय हत्या कर दी थी जब वह बाइक से घर लौट रहे थे। राजेश ने कहा कि गलत सूची तैयार करने और पुलिस रिपोर्ट मांगने के लिए जिम्मेदार संयुक्त अधीक्षक के. एस. श्रीजीत, सहायक अधीक्षक ग्रेड-। बी. जी. अरुण और सहायक जेल अधिकारी ओ. वी. रघुनाथ को जांच पूरी होने तक सेवा से निलंबित करने का आदेश दिया गया है।

# केरल में यूडीएफ ने स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति को लेकर सरकार की आलोचना की

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने बृहस्पतिवार को राज्य में स्थानीय निकायों को विकास गतिविधियों के लिए समय पर धनराशि नहीं देने के लिए सत्तारूढ़ वाम सरकार की आलोचना की। टी सिद्दीकी सहित यूडीएफ विधायकों द्वारा एक प्रस्ताव में यह आरोप लगाया गया और साथ ही धन की कमी के कारण स्थानीय निकायों के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा करने के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव के जरिए सदन में इस पर चर्चा कराने की मांग की।

यूडीएफ द्वारा लगाए गए आरोपों का राज्य के स्थानीय स्वशासन मंत्री एम बी राजेश ने खंडन किया और कहा कि स्थानीय निकायों की समस्याओं के लिए केंद्र और केरल पर लगाए गए उसके वित्तीय प्रतिबंध जिम्मेदार हैं। एम बी राजेश ने कहा कि यूडीएफ की संकीर्ण राजनीति के कारण विपक्ष जानबूझकर इस मुद्दे में केंद्र की भूमिका की अनदेखी कर रहा है।

मंत्री एम बी राजेश ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय निकायों को समय पर धनराशि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है तथा उन्होंने सदन को स्थगित करने की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया। मंत्री द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण को देखते हुए अध्यक्ष ए एन शमशीर ने सदन स्थगित करने के नोटिस को अनुमति देने से इनकार कर दिया।

कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस की अनुमति नहीं मिलने के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि केरल में विकेंद्रीकरण विफल हो गया है और वामपंथी सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण क्षेत्रीय विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सतीशन ने सदन में यह भी तर्क दिया कि राज्य सरकार का केंद्र से 57,000 करोड़ रुपए से अधिक बकाया होने का दावा झूठ और गलत आंकड़ों पर आधारित है। इसके साथ ही सतीशन ने यह भी आरोप लगाया कि जिस तरह नरेन्द्र मोदी सरकार के पास कोई योजना नहीं है, उसी तरह केरल में वामपंथी प्रशासन के पास भी धन खर्च को लेकर कोई योजना नहीं है। विपक्षी नेता ने कहा कि क्षेत्रीय विकास में बाधा उत्पन्न करने और स्थानीय निकायों को "डुबोने" के राज्य सरकार के रुख के विरोध में वह और उनकी पार्टी के साथी वॉकआउट कर रहे हैं और इसके बाद यूडीएफ और उसके अन्य सहयोगियों ने भी सदन से वॉकआउट किया।

# मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद बरामद

**भाषा।** इम्फाल

**सुरक्षा** बलों ने इंफाल पूर्व और विष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक, विभिन्न प्रकार के बम और गोला-बारूद के अलावा चार वॉकी-टॉकी और दो रेडियो मिले। राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि ए बरामदगी पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान की गई। इम्फाल पूर्वी जिला घाटी क्षेत्र में है जबकि विष्णुपुर जिले का कुछ हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र में है। पुलिस ने बताया कि विष्णुपुर जिले में हाई कैनाल के पास केइनौ मैनिंग में तलाशी अभियान के दौरान एक एसएमजी कार्बाइन , नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ ग्रेनेड, दो स्मोक बम और विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद बरामद हुए। इम्फाल पूर्वी जिले के सनसाबी नतुम चिंग की पहाड़ी पर एक अन्य अभियान के दौरान पांच .303 राइफल, 12 बोर की दो बंदूकों सहित अन्य सामान बरामद किए गए। इस बीच असम राइफल्स ने कहा कि बुधवार को जिरीबाम जिले में उपद्रवियों ने एक खाली पड़े घर को आग लगाने का प्रयास किया इसके बाद अर्धसैनिक बल ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

# पेज 1 का शेष

## आपातकाल ....

प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया है, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक बदलाव सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा। पिछली दो लोकसभाओं की तुलना में संख्यात्मक रूप से काफी मजबूत विपक्षी दलों को एक स्पष्ट संदेश में मुर्मू ने स्वस्थ विचार-विमर्श की वकालत करते हुए कहा कि नीतियों का विरोध और संसदीय कामकाज में बाधा डालना दो अलग-अलग चीजें हैं। मुर्मू ने यह भी कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करेंगे, जो कि ब्रिटिश शासन के दौरान मानसिकता थी। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 न्यायिक प्रक्रिया को गति देंगे। पिछले साल लागू किए गए ये कानून क्रमश: ब्रिटिश-युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, जब देश विभिन्न पहलुओं में औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त हो रहा है, तो यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल संसद में कहा था कि नए कानून पुराने ब्रिटिश कानूनों के स्थान पर न्याय प्रदान करने को प्राथमिकता देंगे, जो दंडात्मक कार्रवाई को प्रधानता देते थे। उन्होंने कहा था, ये तीन विधेयक भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए हैं और भारत में औपनिवेशिक आपराधिक न्याय कानूनों के अंत का प्रतीक हैं।

## नीट मामले..

संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है। इस साल यह परीक्षा दूसरे देशों के 14 शहरों समेत कुल 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर पांच मई को आयोजित की गई। 23 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा दी थी। सीबीआई ने इस मामले में पहली प्राथमिकी रविवार को दर्ज की थी। इससे एक दिन पहले सरकार ने घोषणा की थी कि वह परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपेगी। प्रदर्शनकारी छात्रों का एक वर्ग सीबीआई से इस मामले की जांच कराने की मांग कर रहा था। उधर सुप्रीम कोर्ट कोचिंग संस्थान और अभ्यर्थियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बसंत ने दलील दी कि परीक्षा में शामिल हुए कुछ अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट नहीं मिली हैं। पीठ ने सुनवाई शुरू होते ही बसंत से पूछा कि एक निजी कोचिंग संस्थान अनुच्छेद 32 के तहत उच्चतम न्यायालय में कैसे याचिका दाखिल कर सकता है और किस तरह से संस्थान के मौलिक अधिकार प्रभावित होते हैं। एनटीए की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को दे दी गई हैं। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या ओएमआर शीट से संबंधित शिकायत करने के लिए कोई समयसीमा है? एनटीए के वकील ने कहा कि उन्हें निर्देश लेने की जरूरत है। उन्होंने लंबित मामलों के साथ याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, हम तब तक उठाए गए सवालों का संक्षिप्त उत्तर दाखिल करेंगे। बसंत ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई निर्धारित प्रक्रिया या समयसीमा नहीं है और इसलिए अंतरिम राहत के रूप में अभ्यर्थी ओएमआर शीट देने की मांग कर रहे हैं। पीठ ने नोटिस जारी कर याचिकाओं को लंबित मामलों के साथ सूचीबद्ध कर दिया और एनटीए के वकील को एक तय समयसीमा के भीतर अदालत के सवालों का लिखित जवाब दाखिल करने को कहा।

## आयुष्मान...

मुर्मू ने कहा कि आज का भारत, दुनिया की चुनौतियां बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व-बंधु के तौर पर भारत ने अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान को लेकर ॉपहल की है। मुर्मू ने सांसदों को संबोधित करते हुए कहा, आपने देखा है, हाल में पूरी दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया है। भारत की इस महान परंपरा की प्रतिष्ठा विश्व में लगातार बढ़ रही है। योग और आयुष को बढ़ावा देकर भारत एक स्वस्थ विश्व के निर्माण में मदद कर रहा है।

## यूपी पुलिस..

कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया। सात वर्ष में चौपहिया के साथ दुपहिया वाहन भी शामिल किए गए, जिससे गली-मोहल्लों तक पीआरवी आमजन की सेवा के लिए पहुंच सके। इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नीरा रावत और अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार समेत कई प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## दिल्ली...

में 700 में से करीब 150 नालों से गाद निकाली गई है। पुलिस ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में भारी बारिश होने के कारण खाली पड़े एक भूखंड की चारदीवारी का एक हिस्सा गिर गया। उसने बताया कि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। आईएमडी ने हालांकि यह नहीं बताया है कि दिल्ली में कब तक मानसून पहुंच सकता है, लेकिन मौसम का पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर सर्विसेज ने बुधवार को कहा था कि इस सप्ताह के अंत तक मानसून दिल्ली पहुंच सकता है, जिससे लोगों को मौजूदा उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। स्काईमेट वेदर सर्विसेज के महेश पलावत ने कहा, दिल्ली में मानसून 29 या 30 जून को दस्तक दे सकता है। मानसून आमतौर पर 27 से 29 जून के बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पिछले साल मानसून 26 जून को आया था जबकि 2022 में 30 जून को मानसून की पहली बारिश हुई थी।

# बैंकों का कुल एनपीए कई साल के निचले स्तर 2.8% पर आया

**मुंबई( भाषा )।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8% पर आ गया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जून की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च, 2024 के अंत में 0.6% रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, जो वृहद-आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से समर्थित है। सुधरे हुए बहीखाते के साथ बैंक एवं वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के जरिए आर्थिक गतिविधि का समर्थन कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी और जोखिम-भारित संपत्ति का अनुपात और समान इक्विटी टियर। (सीईटी 1) अनुपात क्रमश: 16.8% और 13.9% रहा। एफएसआर रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण जोखिम के लिए व्यापक तनाव संबंधी परीक्षणों से पता चलता है कि वाणिज्यिक बैंक न्यूनतम पूंजी जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। वित्त वर्ष के अंत में प्रणालीगत सीआरएआर बेसलाइन, मध्यम और गंभीर तनाव परिदृश्यों के तहत क्रमश: 16.1%, 14.4% और 13.0% होने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि ए परिदृश्य काल्पनिक झटकों के तहत किए गए कठोर रुढ़िवादी आकलन हैं और परिणामों की व्याख्या पूर्वानुमान के तौर पर नहीं की जानी चाहिए। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि मार्च, 2024 के अंत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की सेहत स्वस्थ बनी हुई थी। उनका सीआरएआर 26.6%, जीएनपीए अनुपात 4.0% और परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 3.3% पर था। वैश्विक अर्थव्यवस्था के संदर्भ में रिपोर्ट कहती है कि यह लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव, बढ़े हुए सार्वजनिक ऋण और मुद्रास्फीति में गिरावट की धीमी रफ्तार से बढ़े हुए जोखिमों का सामना कर रही है।

## मोदी ने जद (यू) सांसदों से की मुलाकात

# नीतीश के नेतृत्व को सराहा

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल जनता दल (यूनाइटेड) के सांसदों से मुलाकात की और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जदयू सांसदों के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। हमारी पार्टियों का साथ मिलकर काम करने और बिहार में खराब शासन, भ्रष्टाचार और अपराधीकरण के खिलाफ संघर्ष करने का लंबा इतिहास रहा है। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व ने बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। हम सुशासन के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। लोकसभा में 12 सांसदों के साथ जद(यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। मोदी ने बुधवार को तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसदों से मुलाकात की थी। लोकसभा में तेदेपा के 16 सांसद हैं और वह भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में तेदेपा और जद (यू) के दो-दो सदस्य हैं।

## प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर प्रगति के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों की तारीफ की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर प्रगति करने के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय विश्वविद्यालयों की सराहना की और कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के विश्वविद्यालयों को वैश्विक मंच पर प्रगति करते देखकर अच्छा लगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम अपने शैक्षणिक संस्थानों को समर्थन देना जारी रखेंगे और विकास एवं नवोन्मेष के लिए अवसर मुहैया कराएंगे। इससे हमारे युवाओं को काफी मदद मिलेगी। लंदन स्थित टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग के मुख्य वैश्विक मामलों के अधिकारी फिल बैटी के एक पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने यह प्रतिक्रिया दी।बैटी ने कहा था, टाइम्स हायर एजुकेशन विश्व रैंकिंग में भारत बढ़ रहा है जो दिखाई भी दे रहा है। यह उल्लेखनीय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतरराष्ट्रीयकरण सुधारों से प्रेरित है। रिकॉर्ड 133 भारतीय विश्वविद्यालयों ने 2025 की रैंकिंग में खुद को शामिल किया है जो 2017 में 42 विश्वविद्यालयों के मुकाबले अधिक है।

## नड्डा बने राज्यसभा में सदन के नेता, प्रधानमंत्री का जताया आभार



**नई दिल्ली। ( भाषा )** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को बृहस्पतिवार को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के बाद जब उच्च सदन की बैठक प्रारंभ हुई तो सभापति धनखड़ ने नड्डा को उच्च सदन का नेता घोषित किया। नड्डा इसी वर्ष गुजरात से निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं और उनका कार्यकाल 2030 तक है। नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री भी हैं। इससे पहले भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल राज्यसभा में सदन के नेता थे। गोयल के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण उच्च सदन के नेता का पद रिक्त हो गया था।बाद में एक्स पर एक पोस्ट में नड्डा ने नई जिम्मेदारी के लिए सभापति धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।उन्होंने कहा, मैं अत्यंत समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा करता हूं और जनता से संबंधित मुद्दों को चर्चा और समाधान के लिए प्राथमिकता दूंगा। जय हिंदउ

## एनटीए में 25 से भी कम कर्मचारी लेकिन दो दर्जन से अधिक परीक्षाएं आयोजित करती है: कांग्रेस नेता



**जमशेदपुर।** कांग्रेस नेता अजय कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक में कथित अनियमिताओं को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में 25 से भी कम स्थाई कर्मचारी हैं, लेकिन वह दो दर्जन से अधिक परीक्षाएं आयोजित कर रही है।

कांग्रेस की ओडिशा, पुडुचेरी और तमिलनाडु इकाई के प्रभारी कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र ने एनटीए को इन प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन के लिए आदेश देकर इनके साथ एक तरह से जुआ खेला है। उन्होंने दावा किया, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में विभिन्न विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लगभग एक दर्जन कर्मचारी और कुछ संविदा कर्मचारी हैं। अपर्याप्त विशेषज्ञों के कारण, एनटीए ने पेपर सेटिंग, पेपर वितरण और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल कार्य को निजी प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं और बाहरी विशेषज्ञों को सौंपा। कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पांच मई को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक आयोजित की थी, जिसमें एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। इस परीक्षा के परिणाम चार जून को घोषित किए गए, लेकिन उसके बाद बिहार समेत कई राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे।

## शिवकुमार ने कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग का मखौल उड़ाया

**बेंगलुरु। ( भाषा )** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने राज्य में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की कुछ मंत्रियों की मांग का बृहस्पतिवार को मखौल उड़ाते हुए कहा कि उन्हें मीडिया से इस पर चर्चा करके कोई समाधान नहीं मिलेगा। कुछ मंत्री मांग कर रहे हैं कि वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं को उपमुख्यमंत्री का पद दिया जाए।

अभी वोक्कालिगा समुदाय के सदस्य शिवकुमार ही सिद्दरमैया नीत सरकार में इकलौते उपमुख्यमंत्री हैं। शिवकुमार ने अपनी नाखुशी का खुले तौर पर इजहार करते हुए कहा, अखबारों या मीडिया से बात करने वाले लोगों को जाकर आलाकमान से बात करने दीजिए, समाधान लाने दीजिए। उन्हें जाने दीजिए और जो समाधान वे चाहते हैं, वह लाने दीजिए। मीडिया के सामने चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। मैं मीडिया के सामने कोई भी चर्चा नहीं करूंगा।



उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, न तो समाचार पत्र और न ही टीवी चैनल इसके लिए कोई समाधान देंगे, आप (मीडिया) केवल चर्चा को हवा देते हैं, बस। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष को बदलने की जरूरत के बारे में पार्टी के कुछ वर्गों की मांग से जुड़े सवाल पर शिवकुमार ने कहा, बहुत खुशी की बात है, उन्हें समय बर्बाद नहीं करना चाहिए, उन्हें इसका समाधान तलाशना चाहिए...उन्हें जाने दीजिए और वे जो भी चाहते हैं, उसका समाधान तलाशना चाहिए, हमें कोई आपत्ति नहीं है। अभी शिवकुमार केपीसीसी अध्यक्ष हैं। ऐसा माना जा रहा है कि सिद्दरमैया ने मंत्री के एन राजन से फोन पर बात की, जो ऐसी मांग करने वाले प्रमुख नेता हैं। सिद्दरमैया ने राजन को इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करने के खिलाफ आगाह किया है। उनका मानना है कि इस पर सार्वजनिक बयानबाजी का सरकार तथा पार्टी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि उपमुख्यमंत्री के तीन और पद की मांग कर रहे मंत्रियों का बयान शिवकुमार को नियंत्रण में रखने के लिए सिद्दरमैया खेमे की एक योजना का हिस्सा है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार इस सरकार का ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री पद मांग सकते हैं। सिद्दरमैया के करीबी माने जाने वाले सहकारिता मंत्री राजन, आवासीय मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली और कई अन्य नेताओं ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक बार फिर तीन और उपमुख्यमंत्री पदों की मांग तेज कर दी। इस बीच, शिवकुमार का खेमा भी अपने नेता के समर्थन में खुले तौर पर सामने आने लगा है। चन्नागिरि से कांग्रेस विधायक बसवराजू वी शिवगंगा ने बुधवार को पार्टी से शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने का अनुरोध किया।

## राजस्थान में कई इलाकों में मूसलाधार बारिश

**जयपुर।** राजस्थान के कई इलाकों में बीते चौबीस घंटे में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटे में भरतपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में तथा उदयपुर, जयपुर संभाग के अनेक भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई।इस दौरान सबसे अधिक बारिश पश्चिमी राजस्थान में देसुरी (पाली) में 54 मिलीमीटर व पूर्वी राजस्थान के धौलपुर में 131 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां आगामी दिनों में जारी रहेंगी। 29 जून से उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 29 जून से दो जुलाई के दौरान जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है।

## मिजोरम सरकार किसानों की मदद के लिए चार कृषि उत्पाद खरीदेगी

**आइजोल ( भाषा )।** मिजोरम की जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने कृषक समुदाय के आर्थिक उत्थान के लिए स्थानीय किसानों के चार कृषि उत्पादों को खरीदने का निर्णय लिया है। मिजोरम के कृषि मंत्री पीसी वनलालरुआता ने कहा कि सरकार स्थानीय किसानों से अदरक, हल्दी, मिर्च और झाड़ू की तीलियां खरीदेगी।जेडपीएम ने पूर्वोत्तर राज्य में पिछले साल दिसंबर में हुए चुनाव-प्रचार के दौरान किसानों से इन उत्पादों को खरीदने का वादा किया था। वनलालरुआता ने कहा कि सरकार प्रत्एक फसल के लिए समर्थन मूल्य तय करेगी और बाजारों की व्यवस्था करने के लिए भी कदम उठाएगी ताकि वे अपने उत्पाद समर्थन मूल्य से अधिक दर पर बेच सकें। मंत्री ने कहा कि इन फसलों की बिक्री के लिए बाजार स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और तीन सालों के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। बाजार स्थापित होने के बाद किसान खरीदारों से सीधा संपर्क कर



सकेंगे, जिससे इस प्रक्रिया में सरकार की भागीदारी कम हो जाएगी। कृषि मंत्री पीसी वनलालरुआता ने कहा कि किसानों और उनके द्वारा प्रति वर्ष उत्पादित की जाने वाली फसलों की मात्रा पर आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। वनलालरुआता ने बताया कि एक आकलन के अनुसार अगले साल पूरे राज्य में किसानों द्वारा 10 लाख क्विंटल से अधिक अदरक का उत्पादन किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार फसलों, विशेषकर अदरक की खरीद को लेकर खरीदार ढूंढने के लिए स्थानीय कृषि समितियों के माध्यम से निविदा जारी करेगी।ृषि मंत्री ने बताया कि सरकार बड़ी कंपनियों के साथ भी समझौते करेगी ताकि वे मिजोरम के किसानों से अदरक खरीदें, क्योंकि निविदा राज्य में सभी उपज को बेचने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

## वोक्कालिगा समुदाय से संबद्ध महंत ने सिद्धरमैया से पद छोड़ने और शिवकुमार को सत्ता सौंपने की अपील की

**बेंगलुरु।** सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एक महंत ने सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को सत्ता सौंपने का आग्रह किया। महंत की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब सिद्धरमैया मंत्रिमंडल में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग बढ़ रही है।मांग की जा रही है कि वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों से एक-एक उपमुख्यमंत्री बनाया जाए। विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने बेंगलुरू के संस्थापक केम्पेगौड़ा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिद्धरमैया और



उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से हैं। यह समुदाय राज्य के दक्षिणी भागों में एक प्रमुख समुदाय है। चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने कहा, राज्य में हर कोई मुख्यमंत्री बन गया है और सत्ता का सुख सभी ने भोगा है, लेकिन हमारे डी के शिवकुमार अभी तक मुख्यमंत्री नहीं बन पाए हैं, इसलिए अनुरोध है कि सिद्धरमैया कृपया हमारे डी के शिवकुमार को सत्ता सौंप दें और उन्हें आशीर्वाद दें। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सिद्धरमैया अगर मन बना लें तो ही यह संभव है, अन्यथा नहीं, इसलिए नमस्कार के साथ मैं सिद्धरमैया से अनुरोध करता हूं कि वह डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाएं। सिद्धरमैया ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में महंत की अपील पर पूछे गए सवाल पर कहा, ‘कांग्रेस में आलाकमान होता है और जो भी आलाकमान कहेगा, हम उसका पालन करेंगे’। शिवकुमार ने कहा: बातें कही जा चुकी हैं... हम दोनों (वह और सिद्धरमैया) राज्य की परियोजनाओं (केंद्र से स्वीकृति लंबित) के संबंध में राज्य के सांसदों से चर्चा करने के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं।

## स्वर्ण मंदिर में योग को लेकर फैशन डिजाइनर को धमकी मामले में प्राथमिकी

**वडोदरा। ( भाषा )** गुजरात के वडोदरा निवासी फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मकवाना 21 जून को पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में योग करने को लेकर आपराधिक मुकदमे का सामना कर रही हैं। सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर मकवाना ने एक नया वीडियो बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को धार्मिक भावना आहत करने के मामले में दर्ज शिकायत वापस लेनी चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि मकवाना की शिकायत के आधार पर बुधवार की रात शहर के करेलीबाग पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (अज्ञात संचार माध्यम से आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस प्राथमिकी को संवेदनशील मामले की श्रेणी में रखा है जिसकी जानकारी राज्य के गृह विभाग की वेबसाइट के माध्यम से आम लोगों को नहीं दी जा सकती। पुलिस उपायुक्त पन्ना मोमाया ने बताया, उन्होंने दावा किया कि स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन करते हुए उनकी तस्वीरें वायरल होने के बाद अज्ञात लोगों ने उन्हें ईमेल, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम के जरिए जान से मारने की धमकियां दीं। प्राथमिकी में किसी को नामजद नहीं किया गया है। मकवाना 21 जून को स्वर्ण मंदिर गई थीं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परिक्रमा पथ पर योग किया था। उनके स्वर्ण मंदिर में योग करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। घटना के दो दिन बाद एसजीपीसी ने कथित तौर पर धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पंजाब पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

## खडसे ने भूमि सौदा संबंधी धनशोधन मामले में खुद को आरोपमुक्त किए जाने का आग्रह किया

**मुंबई।** वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने पुणे जिले में 2016 के एक भूमि सौदे से संबंधित कथित धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को यहां एक विशेष अदालत में स्वयं को आरोपमुक्त किए जाने का आग्रह करते हुए याचिका दायर की। खडसे की पत्नी मंदाकिनी खडसे और दामाद गिरीश चौधरी ने भी मामले में खुद को आरोपमुक्त किए जाने का आग्रह किया है। सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश आरएन रोकड़े के समक्ष वकील स्वप्निल अंबुरे द्वारा आवेदन दायर किए जाने के समय खडसे दंपति अदालत में उपस्थित थे। अदालत ने आरोपियों की याचिका पर मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। महाराष्ट्र में पिछली भाजपा नीत सरकार में वरिष्ठ मंत्री रहे खडसे को 2016 में तब पद छोड़ना पड़ा था जब उन पर आरोप लगा कि उन्होंने अपनी पत्नी और दामाद के लिए पुणे के पास एक औद्योगिक क्षेत्र में सरकारी भूमि की खरीद को सुविधाजनक बनाने के वास्ते अपने पद का दुरुपयोग किया। ईडी ने आरोप लगाया है कि खडसे परिवार ने यह जमीन 3.75 करोड़ रुपए में खरीदी जबकि इसकी वास्तविक कीमत 31.01 करोड़ रुपए थी। भले ही खडसे और उनकी पत्नी को मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया है, लेकिन जांच एजेंसी ने उन्हें कभी गिरफ्तार नहीं किया। खडसे के दामाद को जुलाई 2021 में गिरफ्तार किया गया था। उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने से पहले वह दो साल से अधिक समय तक जेल में रहे। लगभग चार दशकों तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े रहे खडसे ने पार्टी छोड़ दी थी और 2020 में वह अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल हो गए थे। इस साल अप्रैल में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह जल्द ही अपनी मूल पार्टी भाजपा में लाटेंगे। हालाँकि, वह अभी तक इसमें औपचारिक रूप से शामिल नहीं हुए हैं।

## कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा की पत्नी ने प्रशंसकों से शांत रहने की अपील की

बेंगलुरू। रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में गिरफ्तार किए गए कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा की पत्नी ने बुधवार को उनके प्रशंसकों से शांत रहने और अच्छे कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है। दर्शन की पत्नी विजयलक्ष्मी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्रशंसक की कला को साझा किया और साथ ही एक संदेश भी लिखा। उन्होंने अपने पति के प्रशंसकों को सेलिब्रिटी करार देते हुए कहा कि अभिनेता को मिल रहे समर्थन से वह अत्यंत प्रभावित हैं। बेंगलुरु की एक अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा को रेणुकास्वामी हत्या मामले में 22 जून को चार जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभिनेता 11 जून से पुलिस हिरासत में है। विजयलक्ष्मी ने कहा, हमारे सभी सेलिब्रिटीज के लिए एक संदेश। आप सभी जानते हैं कि दर्शन आप सबसे कितना प्यार करते हैं। यह दुखद है कि आज हम इस स्थिति में हैं और हमें उनसे दूरी बनाकर रखनी पड़ रही है। मैंने उनसे बाहर की स्थिति के बारे में विस्तार से बात की है और इसने उनके दिल को छू लिया है। उन्होंने कहा कि दर्शन ने सभी सेलिब्रिटीज से शांत रहने और अच्छे कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है। उन्हें पूरा विश्वास है कि वह आपकी प्रार्थनाओं का हिस्सा जरूर होंगे।रेणुकास्वामी की कथित हत्या के मामले में अभिनेता दर्शन और उनकी दोस्त पवित्रा गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अभिनेता के प्रशंसक 33 वर्षीय रेणुकास्वामी ने पवित्रा गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गए और रेणुकास्वामी की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। उसका शव नौ जून को यहां सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट के बगल में एक नाले के पास मिला था। दर्शन और अन्य आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। कर्नाटक पुलिस के मुताबिक कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने रेणुकास्वामी की कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था। एक अन्य आरोपी ने स्वीकार किया है कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी नम्बर दो- अभिनेता दर्शन ने अपने खिलाफ प्रतिकूल कानूनी कार्वाई से बचने और हत्या की साजिश एवं सबूतों को नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने एक दोस्त से 40 लाख रुपए लिए थे और धनराशि बरामद कर ली गई है। विजयलक्ष्मी ने कहा, हमें अपने देश की न्याय प्रणाली पर पूरा विश्वास है और मुझे यकीन है कि आने वाले दिन अच्छे होंगे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो लोग दर्शन की अनुपस्थिति के दौरान उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें मां चामुंडेश्वरी देखेंगी। विजयलक्ष्मी ने अभिनेता के प्रशंसकों से इस कठिन समय में उनका समर्थन करते रहने का आग्रह करते हुए कहा, आपका शांत रहना हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। यह समय भी बीत जाएगा। सत्य की जीत होगी।

## सैन्य कमांडर ने उधमपुर में सैन्य इकाइयों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचेंद्र कुमार ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में क्षेत्र में सैनिकों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न स्थलों पर तैनात सैन्य कर्मियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दीउन्होंने बुधवार शाम को सेना की स्थानीय इकाइयों का दौरा किया जिसका उद्देश्य आगामी अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर उनकी तैयारियों तथा जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति का आकलन करना है।

## बिहार में एक और पुल गिरा, कोई हताहत नहीं

**किशनगंज।** बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढ़हने की अपनी तरह की चौथी घटना में बृहस्पतिवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा, यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है। पुल के खंभों में से एक तेज धारा का सामना नहीं कर सका। सिंगला ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# लोकसभा चुनाव के नतीजे दिखाते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है : अमर्त्य सेन

**कोलकाता। ( भाषा )।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन ने कहा कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजे यह दिखाते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है। उन्होंने इस बात पर नाखुशी जताई कि देश में बिना मुकदमा चलाए लोगों को सलाखों के पीछे रखने का अंग्रेजों के शासनकाल का चलन अब भी जारी है और कांग्रेस सरकार की तुलना में यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अधिक है। सेन (90) ने यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बंगाली समाचार चैनल से कहा, चुनाव नतीजे यह दिखाते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है। प्रख्यात अर्थशास्त्री बुधवार शाम को अमेरिका से



कोलकाता पहुंचे। उन्होंने कहा, हम हमेशा हर चुनाव के बाद एक बदलाव देखने की उम्मीद करते हैं। पहले जो कुछ हुआ है (भाजपा नीत केंद्र सरकार के कार्यकाल में) जैसे कि बिना मुकदमा चलाए लोगों को जेल में डालना और अमीर तथा गरीब के बीच की खाई गहरी करना, वह अब भी जारी है। इसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से खुले विचार रखने की जरूरत है खासतौर से जब भारत एक धर्मनिरपेक्ष संविधान के साथ एक धर्मनिरपेक्ष देश है। सेन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने का विचार उचित है। उनका यह भी मानना है कि नया केंद्रीय मंत्रिमंडल पहले की ही नकल है। उन्होंने कहा, मंत्रियों के पास पहले वाले ही विभाग हैं। मामूली फेरबदल के बावजूद राजनीतिक रूप से शक्तिशाली लोग अब भी शक्तिशाली हैं। भाजपा के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाने के बावजूद फैजाबाद लोकसभा सीट हारने पर सेन ने कहा कि देश की असली पहचान को धूमिल करने का प्रयास किया गया।उन्होंने कहा, ...राम मंदिर बनवाने में काफी पैसा खर्च किया गया...भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में दर्शाने की कोशिश महात्मा गांधी, रबींद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देश में नहीं की जानी चाहिए। यह भारत की असली पहचान को नजरअंदाज करने की कोशिश लगती है और इसे बदलना चाहिए। सेन ने यह भी कहा कि भारत में बेरोजगारी बढ़ रही है और प्राथमिक शिक्षा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

# पन्नू मामले में भारत की जांच का इंतजार कर रहे हैं : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** ने कहा है कि वह अपने देश में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की भारत की जांच के नतीजों का इंतजार कर रहा है। पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को पिछले साल जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को प्रत्यर्पित कर अमेरिका लाया



गया था। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, उन्होंने (भारतीय अधिकारियों) घोषणा की है कि वे जांच कर रहे हैं और हम जांच के नतीजों का इंतजार करेंगे। वह सीनेट की विदेश संबंधों की समिति के सदस्यों द्वारा विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखे जाने और अमेरिकी सरजमीं पर किसी अमेरिकी नागरिक की हत्या की कथित साजिश में भारत सरकार की संलिप्तता पर उससे कड़ी कूटनीतिक प्रतिक्रिया मांगने संबंधी एक सवाल का जवाब दे रहे थे। इन आरोपों के बाद भारत ने हत्या की कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई सूचनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। मिलर ने कहा, हम उन सदस्यों को निजी रूप से जवाब देंगे जैसा कि हम हमेशा करते हैं। मैं उसके बारे में यहां नहीं बोलूंगा। जब पहली बार यह मुद्दा उठा था तो हमने स्पष्ट किया था कि हमने इसे भारत सरकार के समक्ष उठाया है और उन्हें कहा कि हम उनसे इस मामले की तह तक जाने की उम्मीद करते हैं। अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल ने बुधवार को कहा था कि उनके देश ने पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश की भारत द्वारा जांच से संबंधित अद्यतन जानकारी मुहैया कराने पर लगातार जोर दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में जवाबदेही चाहता है। कैम्पबेल ने पिछले हफ्ते अपनी और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलीवन की भारत यात्रा पर प्रेस वार्ता में ए टिप्पणियां कीं।

### धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों में वृद्धि चिंताजनक: ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के मौके पर ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में भारत के अपने समकक्षों के साथ धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे के बारे में लगातार चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्री ने कहा, भारत में हमने धर्मांतरण रोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषण, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के मकानों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामले में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इसके साथ ही दुनियाभर के लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 में से 10 राज्यों में सभी धर्मों के धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं।

## भ्रष्टाचार में चीन के पूर्व रक्षा मंत्री कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बृहस्पतिवार को यह खबर दी। ली लगभग दो महीने तक सार्वजनिक रूप से नदारद रहे थे, जिसके बाद अक्टूबर 2023 में उन्हें रक्षा मंत्री के पद से हटा दिया गया था।

### चीन के उप विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति पौडेल और विदेश मंत्री श्रेष्ठ से की मुलाकात

**काठमांडू।** चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइडोंग ने बुधवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों, आपसी हितों से जुड़े मुद्दों और साझा चिंताओं पर चर्चा की। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, बैठक के दौरान राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नेपाल और चीन के बीच महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक विकास साझेदारी रही है तथा उन्होंने सात दशकों से नेपाल की विकास योजनाओं में हमेशा योगदान दिया है।पौडेल ने यह भी कहा कि नेपाल 2026 में अल्प विकसित देशों (एलडीसी) की श्रेणी से बाहर निकलने की योजना बना रहा है और उनका मानना है कि उत्तरी पड़ोसी देश नेपाल को उसके बाद भी सहायता देना जारी रखेगा।तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए सुन ने उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ से भी मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों एवं सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## चांद से जुटाए नमूनों का अध्ययन करने के लिए चीन ने सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया

भाषा। बैंकॉक

**चीन के** अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाए गए नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ। अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए, बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा।

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे चीन रवाना

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे एक आधिकारिक यात्रा के लिए बृहस्पतिवार को बीजिंग रवाना हुए, जहां वह प्रधानमंत्री ली कियांग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करके चीन के साथ श्रीलंका के ऋण समझौते पर चर्चा करेंगे। चीन श्रीलंका का सबसे बड़ा ऋणदाता है। श्रीलंका ने जब 2022 में खुद को दिवालिया घोषित किया था तब उस पर 40 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी कर्ज था, जिसमें 52 प्रतिशत ऋण चीन का था। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को घोषणा की थी कि पेरिस में भारत और चीन समेत ऋणदाताओं के साथ ऋण पुनर्गठन समझौतों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### मलाबार ने यूएई में नुवा का अनावरण किया

**दुबई।** विश्व के छठे सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में अपने हीरे के लेटेस्ट आभूषण संग्रह (ज्वेलरी कलेक्शन)'नुवा अनावरण किया। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कलेक्शन का अनावरण किया। अपनी सदाबहार (टाइमलेस) खूबसूरती के लिए मशहूर करीना नुवा कलेक्शन के सार (एसेंस) को पूरी तरह से मूर्त रूप दे रही हैं। इस प्रकार वह इस लॉन्च के लिए बिल्कुल उपयुक्त ऐम्बैसडर साबित हो रही हैं। यह कलेक्शन भारत के सभी स्टोर पर उपलब्ध है। नुवा कलेक्शन प्रकृति (नेचर)की जटिलडिजाइनों, तरंगों, रूपों, तहों और बनावटों को दिखातीहै, जिन्हें हीरे के गहनों में बहुत खूबसूरती से पिरोया गया है, प्राकृतिक संसार (नेचुरल वर्ल्ड) में पाई जाने वाली खूबसूरती और लचीलता से प्रेरणा लेते हुए इस कलेक्शन के हर पीस को काफी सुंदर तरीके से तैयार किया गया है, समय के साथ रिफाइन किया गया है, और कला के एक सुंदर शिल्प के रूप में उकेरा गया है, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमें नुवा कलेक्शन लॉन्च करते हुए काफी अधिक गर्व महसूस हो रहा है जो नेचर और महिलाओं की अदम्य ताकत दोनों को सेलिब्रेट करता है।

### फ्लेवर्ड ई-सिगरेट अधिकृत

**ट्रांबे।** फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने हाल ही में व्यस्क धूम्रपानकर्ताओं के लिए पहली मेन्थॉल -फ्लेवर की ई-सिगरेट को अधिकृत किया और माना कि फ्लेवर्ड ई-सिगरेट से पारंपरिक सिगरेट के नुकसानों को कम किया जा सकता है। उसके द्वारा एनज्वॉय के चार मेन्थॉल ई-सिगरेट्स को अधिकृत किया गया है। इस वेपिंग ब्रांड का अधिग्रहण हाल ही में तम्बाकू दिग्गज अल्ट्रिया ने किया है, जो मार्लबोरो सिगरेट की बिक्री भी करता है अभिभावक समूहों और तम्बाकू-विरोधी समर्थकों ने तुरंत इस निर्णय की आलोचना की, जो सालों तक रैगुलेटर्स पर किशोरों को आकर्षित करने वाले मेन्थॉल एवं अन्य फ्लेवर बाजार से बाहर रखने के लिए दबाव बनाए हुए थे। पैरेंट्स अगेंस्ट वेपिंग ई-सिगरेट्स के को-फाउंडर, मेरेडिथ बर्कमैन ने कहा कि इस निर्णय के बाद हम कभी भी युवाओं को वेपिंग की महामारी के अनगिनत नुकसानों से बचाने में समर्थ नहीं हो पाएंगे।" एफडीए ने एक हिंसक उद्योग को अमेरिका के बच्चों को अपना आजीवन ग्राहक बनाने की अनुमति देकर एक बार फिर अमेरिकन परिवारों का विश्वास तो? दिया है। पिछले कुछ सालों में युवाओं द्वारा वेपिंग अपने सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई है, और पिछले साल हाईस्कूल जाने वाले केवल 10 प्रतिशत बच्चों ने ही ई-सिगरेट का उपयोग किया। वेपिंग करने वाले 90 प्रतिशत लोगों ने मेन्थॉल जैसे फ्लेवर्स का उपयोग किया।पहले एफडीए द्वारा अधिकृत किए गए सभी ई-सिगरेट तम्बाकू से बने हैं, जो वेप करने वाले युवाओं द्वारा विस्तृत रूप से उपयोग नहीं किए जाते हैं। एनज्वॉय उन तीन कंपनियों में से एक है, जिसे पहले एफडीए से वेपिंग उत्पादों के लिए स्वीकृति मिली थी।

### बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी ठहराए गए हजारों पूर्व सैन्यकर्मियों को किया माफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी हजारों पूर्व सैन्यकर्मियों को बुधवार को माफ कर दिया। बाइडन ने कहा कि वह एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहे हैं। बाइडन के इस कदम से उन सैनिकों को क्षमा मिली है, जिन्हें यूनिफॉर्म कोड ऑफ मिलिट्री जस्टिस के पूर्व अनुच्छेद 125 के तहत दोषी ठहराया गया था, जिसमें समलैंगिकता को अपराध माना जाता था। हालांकि अब इस कानून को निरस्त कर दिया गया है। अमेरिकी सेना में यह कानून 1951 में क्रियान्वित किया गया, साल 2013 में इसमें दोबारा संशोधन किया गया और इसमें केवल बलपूर्वक कृत्य पर रोक लगाई गई।

## बोलीविया में सैन्य तख्तापलट की कोशिश नाकाम



### राष्ट्रपति ने लोगों से की एकजुटता की अपील

भाषा। ला पाज

**बोलीविया** में बुधवार को बख्तरबंद वाहनों का काफिला सरकारी भवन में घुस गया जिससे ऐसी अटकलें तेज हो गईं कि देश में सैन्य तख्तापलट की कोशिश की गई। राष्ट्रपति लुइस एर्से ने मजबूत रहने का प्रण लिया, साथ ही सेना के एक नए कमांडर की नियुक्ति की जिसने सैनिकों को पीछे हटने का आदेश दिया। बाद में सैनिक पीछे हट गए। इस बीच, राष्ट्रपति के समर्थक सेंट्रल स्क्वायर में एकत्र हुए और उन्होंने देश के ध्वज लहराए। एक वीडियो सार्वजनिक हुआ है जिसमें राष्ट्रपति एर्से सरकारी भवन में मंत्रियों से घिरे हैं और कह रहे हैं, हम यहां कासा ग्रैंड में हैं और सैन्य तख्तापलट की किसी भी कोशिश का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हम चाहते हैं कि बोलीविया की जनता एकजुट हो। बोलीवियाई टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो में दिखाया गया है कि राष्ट्रपति ने सरकारी भवन के गलियारे में सेना के जनरल कमांडर जुआन जोस जुनिगा को चेतावनी देते हुए कहा मैं आपका कप्तान हूं और आपको अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आदेश देता हूं...। वहीं, सरकारी भवन में प्रवेश करने से पहले जुनिगा ने प्लाजा में पत्रकारों से कहा, निश्चित रूप से जल्द ही मंत्रियों का एक नया मंत्रिमंडल होगा। हमारा देश, हमारा राज्य इस तरह नहीं चल सकता। साथ ही उन्होंने कहा कि वह फिलहाल एर्से को कमांडर इन चीफ मानते हैं। जुनिगा ने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि वह तख्तापलट का नेतृत्व कर रहे हैं लेकिन यह जरूर कहा कि सेना लोकतंत्र को बहाल करने और राजनीतिक कैदियों को रिहा कराने की कोशिश कर रही है।

### स्टेला ने ऑस्ट्रेलियाई सांसदों का आभार जताया

भाषा। मेलबर्न

**विकिलीक्स** के संस्थापक जूलियन असांजे की पत्नी स्टेला असांजे ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन जाकर उनके पति को रिहा कराने का अभियान चलाने वाले कई सांसदों का आभार व्यक्त किया। असांजे का अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने पर किए गए स्वागत को लेकर सांसदों के बीच मतभेद हैं। स्टेला असांजे ने कहा, जूलियन बहुत खुश हैं और ऑस्ट्रेलियाई लोगों, संसद सदस्यों और सरकार तथा विपक्ष के भी आभारी हैं जो उनकी रिहाई के लिए आवाज उठाने के वास्ते एक साथ आएं। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में 14 साल की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है।

### दस भारतीय मछुआरों पर नौसेना के एक नाविक की मौत का आरोप लगाया जाएगा

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए गए दस भारतीय मछुआरों पर नौसेना के एक नाविक की मौत का आरोप लगाया जाएगा। मछुआरों की नाव को जब्त करने के अभियान के दौरान इस नाविक की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि नौसेना के विशेष बोट स्क्वाड्रन के एक वरिष्ठ नाविक को भारतीय नौका के आक्रामक व्यवहार और नाव के जब्त करने का विरोध करने दौरान गंभीर चोटें आईं। इसमें आगे कहा गया,वरिष्ठ नाविक को जाफना के टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दुर्भाग्यवश उनकी मृत्यु हो गई श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि सोमवार को दस भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी मछली पकड़ने वाली नौका को जब्त कर लिया गया। मछली पकड़ने वाली नौका को कांकेसंतुराई बंदरगाह पर लाया गया और मछुआरों को कानूनी कार्वाई के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया। नौसेना ने बताया कि जाफना मजिस्ट्रेट ने मृतक नाविक का पोस्टमार्टम करवाया और जांच में पता चला कि नाविक की मौत एक दुर्घटना थी जो रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण हुई थी। जाफना के मछुआरे उत्तर-पश्चिमी जिले कुरुनेगला में 40 वर्षीय नाविक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा रहा है।

## अवैध निकाह मामले में मिली सजा निलंबित करने की इमरान खान की अर्जी खारिज

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की एक जिला अदालत ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्हें अवैध निकाह मामले में मिली सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया गया था। दंपति को जिला और सत्र न्यायालय ने तीन फरवरी को मामले में सात-सात साल कारावास और 50-50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी। इस मामले को आमतौर पर इद्दत मामले के तौर पर जाना जाता है। इद्दत वह अवधि होती है जो मुस्लिम महिला को पति



के निधन या तलाक के बाद दूसरी शादी करने से पहले बितानी होती है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश अफजल मजोका ने मामले की सुनवाई करने के बाद फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने खचाखच भरे अदालत कक्ष में बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया कि दंपति की ओर से दाखिल याचिका खारिज की जाती है। इस फैसले से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद दंपति की रिहाई की कोशिशों को झटका लगा है। पूर्व प्रधानमंत्री खान (71) के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं जबकि उनकी पत्नी बुशरा (49) भी कई मुकदमों का सामना कर रही हैं। अवैध निकाह मामला बुशरा बीबी के पूर्व पति खानवार मनेका ने नवंबर 2023 में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि बुशरा ने अनिवार्य इद्दत की मुद्दत को पूरा किए बिना ही खान से निकाह कर लिया।

## कई मुखास्त्र ले जाने में सक्षम मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया: उत्तर कोरिया

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कई मुखास्त्र ले जाने में सक्षम मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया का यह बयान दक्षिण कोरिया की ओर से बुधवार को दिए गए उस बयान से ठीक विपरीत है जिसमें कहा गया था कि उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया लेकिन वह सफल नहीं रहा। उत्तर कोरिया की



आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि मल्टीपिल इंडिपेंडेंट रीएंट्री व्हीकल की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्एक मुखास्त्र को पृथक करने और उस पर नियंत्रण की जांच संबंधी परीक्षण किया गया। समाचार एजेंसी ने अपनी खबर में कहा कि पृथक किए गए मुखास्त्रों को तीन समन्वित लक्ष्यों की ओर सही तरीके से आगे बढ़ाया गया। उत्तर कोरिया का, कई मुखास्त्र ले जाने में सक्षम मिसाइल का यह पहला ऐसा प्रक्षेपण कार्यक्रम था जिसके बारे में जानकारी सामने आई है।

### संरा बैठक में महिला अधिकारों का मुद्दा उठाया जाएगा, तालिबान भी लेगा भाग : संरा अधिकारी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक प्रमुख ने अफगानिस्तान के तालिबान शासकों और लगभग 25 देशों के दूतों के बीच होने वाली पहली बैठक में अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना का जवाब देते हुए बुधवार को कहा कि हम बैठक के प्रत्एक सत्र में महिला अधिकारों का मुद्दा उठाएंगे। संयुक्त राष्ट्र की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रविवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक एक प्रारंभिक प्रयास है, जिसका उद्देश्य तालिबान को अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रहने, अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और मानवाधिकारों का पालन करने के लक्ष्य पर जोर देना है। कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के दूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र की यह तीसरी बैठक है, हालांकि पहली बार तालिबान इस बैठक में शामिल होगा। उन्हें पहली बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था और दूसरी बैठक में उन्होंने शामिल होने से इनकार कर दिया था।

## गर्मी की लहर में सुरक्षित रूप से ठंडा होने का सबसे अच्छे तरीका

भाषा। लैंकेस्टर

**जैसे ही** ब्रिटेन में गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है और गर्मी के बारे में स्वास्थ्य चेतावनी प्रभावी हो गई है, लोग ठंडा रहने और हाइपरथर्मिया के सबसे गंभीर रूप हीट स्ट्रोक के खतरे को कम करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं, जब शरीर का तापमान 40 सेल्सियस से ऊपर होता है। वृद्ध, अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग और बहुत छोटे बच्चे सबसे अधिक जोखिम में हैं। इनमें से कुछ जोखिम इसलिए उत्पन्न होते हैं क्योंकि बच्चों और बुजुर्गों के शरीर से गर्मी को दूर भगाने की शरीर प्रणाली कम कुशल होती है।वृद्ध लोगों के शरीर में युवाओं की तुलना में अधिक गर्मी रहती है क्योंकि उनकी पसीने की ग्रंथियां अच्छी तरह से काम नहीं करती हैं और उनके दिल रक्त को कुशलता से प्रसारित नहीं करते हैं, इसलिए त्वचा से कम गर्मी निकलती है। पसीना आपके शरीर से गर्मी दूर करने का सबसे शक्तिशाली तरीका है। जैसे ही पसीना वाष्पित होता है, यह अपने साथ गर्मी भी ले लेता है। गर्मी में लोगों को प्रति घंटे आधा से दो लीटर तक पसीना आ सकता है।ऐसे तापमान में जहां हवा का तापमान शरीर के तापमान से ऊपर होता है, गर्मी को हवा से शरीर में स्थानांतरित किया जा सकता है, जो शरीर से गर्मी को दूर करने में एक अतिरिक्त चुनौती पैदा करता है।पसीने के अलावा, गर्मी खोने का दूसरा प्रमुख तरीका परिधीय ऊतकों में वासोडिलेशन (रक्त वाहिकाओं का चौड़ा होना) है। अत्यधिक गर्मी में, केंद्रीय अंगों से गर्मी को दूर ले जाने में मदद के लिए त्वचा प्रति मिनट छह से आठ लीटर रक्त प्राप्त कर सकती है।

### जेनरिक दवा से कम हो सकते है हेल्थ के खर्चे

जेनरिक दवा के प्रयोग से हम अपने खर्चे कम कर सकते हैं। यह बात दवा इंडिया व जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप के सीईओ डॉ.सुजीतपॉल ने कही। वह .भारत की सबसे बड़ी निजी जेनेरिक फार्मेसीरिटेल चेन और जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के ब्रांड दवा इंडिया के लखनऊ में अपने नवीनतम स्टोर के भव्य उद्घाटन पर आए थे। नया स्टोर गोल मार्केट महानगर में खुला। इस नए आउटलेट के उद्घाटन के साथ ही दवा इंडिया ने उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को काफ़ी मज़बूत कर लिया है। अब इस क्षेत्र में दवा इंडिया के 390 स्टोर हैं। विशेष बात तो यह है कि इनमें से 248स्टोर उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, और इनमें से भी 29 अकेले लखनऊ में। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के सीईओ डॉ. सुजीतपॉल ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं का जिस गरमजोशी के साथ स्वागत किया गया है और जिस तरह से इसकी मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई हैए उसने हमें लखनऊ शहर के आसपास बड़े पैमाने पर अपना विस्तार करने का सुनहरा अवसर दिया है। दवा इंडिया इस बढ़ती मांग को पूरा करने और सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहाए श्हमारी इच्छा है कि जेनेरिक दवाओं की एक स्ट्रिप हर भारतीय की जेब में हो। दवा इंडिया आम जनमानस को बेहद सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ उपलब्ध करा रही हैए जिससे वे कम एमआरपी के माध्यम से अपने दवा बिलों पर आने वाली लागत में महत्वपूर्ण बचत कर रहे हैं। देश की सबसे बड़ी जेनेरिकफार्मेसीरिटेल चेन के रूप में, हम 60 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों का संचालन कर रहे ह, जिनमें शामिल हैं ब्लड शुगर जाँच, रक्तचाप निगरानीए कोलेस्ट्रॉल परीक्षण और आँखों की जाँच। हम समुदाय के प्रति समर्पित भाव से अपनी सेवाएँ जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

### डलास में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**इरविंग।** अमेरिका के टैक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर डलास में एक रेस्तरां में गोलीबारी की घटना में दो लोग मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसने इस हमले के एक संदिग्ध की पहचान कर ली है, हालांकि अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने कहा कि किसी नागरिक की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। घटना के संबंध में टेलीविजन में दिखाए जा रहे वीडियो में चिक-फिल-ए रेस्तरां में खिड़कियों के बाहर स्क्रीन लगी हुई और पुलिस के वाहन खड़े दिखाई दे रहे हैं। हालांकि पुलिस ने यह पुष्टि नहीं की है कि घटना चिक-फिल-ए रेस्तरां में हुई है या कहीं और। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मृतकों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

### संजना की लघु कथा ऐश्वर्या ने जीता कॉमनवेल्थ पुरस्कार

**लंदन।** मुंबई की रहने वाली 26 वर्षीय लेखिका संजना ठाकुर ने दुनियाभर के 7,359 अन्य प्रतियोगियों को पछाड़कर कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार 2024 अपने नाम किया। संजना को बृहस्पतिवार को लंदन में पांच हजार पौंड राशि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।संजना की कहानी का शीर्षक एश्वर्या राय बॉलीवुड की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के नाम पर है, जो कहानी गढ़ने की पारंपरिक कल्पना से बिल्कुल परे है।साहित्य पत्रिका ग्रांता ने 2024 कॉमनवेल्थ लघु कथा पुरस्कार जीतने वाली सभी क्षेत्रीय कहानियों को प्रकाशित किया है।संजना ने कहा, मै बता नही सकती कि इस अद्भुत पुरस्कार को जीतकर कितना सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि मै ऐसी कहानियां लिखती रहूंगी, जिन्हे पढ़ना लोगों को पसंद है। उन्होंने कहा, मां-बेटी, बाहरी खूबसूरती, खूबसूरती के पैमाने और मुंबई की सड़कों के खान-पान से जुड़ी मेरी अजीबो-गरीब कहानी को इस तरह के वैश्विक पाठक मिलना वाकई मे बहुत दिलचस्प है। बहुत, बहुत, बहुत धन्यावद। संजना की कहानी अवनी नाम की एक युवती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक आम से घर मे रहने वाली मांओं के जीवन को चुनती है। अवनी को साफ-सुथरा रहना पसंद है जबकि दूसरा किरदार असल जिंदगी की ऐश्वर्या राय जैसी दिखता है, जो बहुत सुंदर है

### ऑस्कर विजेता अभिनेत्री लुपिता फिर बिखेरेंगी जलवा

**हालीवुड।** लुपिता न्योन्गो को अपनी दमदार और अलग तरह की भूमिकाएं निभाने के लिए जाना जाता है। ये ऑस्कर विजेता अभिनेत्री 'ए क्वॉइट प्लेस डे वन' में लीड भूमिका में नजर आएंगी। 'ए क्वॉइट प्लेस' की अगली किस्त में नजर आने वाली ये अभिनेत्री फिल्म के गंभीर माहौल में असुरक्षा और जज्बे का एक अनोखा मेल लेकर आने वाली हैं। न्योन्गो की लगन ने प्रशंसकों और समीक्षकों के बीच काफी हलचल बढ़ा दी है। उनका ऐसा अनुमान है कि अपने कमाल के टैलेंट के साथ वे इस मशहूर फेंचाइजी में ताजी हवा का झोंका लेकर आने वाली हैं। उन्होंने इस फिल्म में काम करने, अपनी तैयारियों के बारे में खुलकर बात की। साथ ही फिल्मकारों के साथ काम करने का अपना अनुभव भी बताया। न्योन्गो कहती हैं,समायरा का किरदार निभाना वाकई बहुत बड़ा मौका था। जब उसे वह प्राणी दिखता है वो वहीं बेहोश होकर गिर पड़ती है और जब उसे होश आता है उसके सामने एक बिलकुल ही नई दुनिया होती है। उस दुनिया में उसे बात करने तक की इजाजत नहीं थी और उसे मालूम ही नहीं था कि आखिर हुआ क्या। आखिर ऐसी कितनी चर्चित फिल्में रही हैं, जिसमें दर्शकों को बैठकर सिर्फ चुप्पी देखने को कहा गया हो? इसके अंत में काफी कुछ कहा गया है। मुझे ऐसा लगता है माइकल को जो बात सबसे खास बनाती है कि वे हर चीज के लिए तैयार रहते हैं और काफी जेंटल हैं। उनकी सबसे खास बात है कि वे काफी विनम्रता के साथ काम करवाते हैं।

### ग्लोबल इनोवेशन कर युवाओं को जोड़ेगा वीवो

**ग्लोबल।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने अपनी सीरीज-टी लाइनअप में लेटेस्ट प्रोडक्ट वीवो टी3 लाइट 5जी पेश किया। यह टेक्नोलॉजी प्रेमी लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो टर्बो परफॉर्मेंस चाहते हैं, बिल्कुल नया वीवो टी3 लाइट 5प्रतिशत अपने सेगमेंट में सबसे तेज गति और दक्षता प्रदान करता है, साथ ही यह वीवो का अब तक का सबसे किफायती डुअल 5प्रतिशत स्मार्टफोन है। वीवो टी3 लाइट 5जी की कीमत 4जीबी, 128जीबी वैरिएंट के लिए 10,499 रुपये और 6जीबी, 128जीबी वैरिएंट के लिए 11,499 रुपये है। यह दो ट्रेंडी रंगों - वाइब्रेंट ग्रीन और मैजेस्टिक ब्लैक में उपलब्ध होगा। यूजर्स 4 जुलाई, 2024 से फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर से स्मार्टफोन खरीद सकते हैं और नीचे दिए गए ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। वीवो इंडिया के ऑनलाइन बिजनेस हेड, पंकज गांधी ने कहा, हम भारत में अपने सीरीज टी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए टी3 लाइट 5जी को लॉन्च करके रोमांचित हैं। यह डिवाइस युवा, टेक-लविंग यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो किफायती मूल्य पर बेहतर प्रदर्शन चाहते हैं। यह डिवाइस उन्नत टेक्नोलॉजी को आसन बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### ग्लोबल ट्रेंड्स के प्रभाव में प्लेटिनम की मांग बढ़ी

**इंडियाना।** हर प्रेम कहानी अद्वितीय होती है। इसकी अपनी अलग भावनाएं और यादें होती हैं। चाहे आपकी प्रेम कहानी विश्वास पर टिकी हो, जो अटूट समर्थन से परिभाषित हो, या फिर एक दूसरे की खामियों को स्वीकार करती हो, या एडवेंचर के साथ पनपती हो, आपके प्यार के हर संबंध को प्रतिबिंबित करने के लिए एक विशेष प्लेटिनम लव बैंड डिज़ाईन किया गया है। प्लेटिनम में बने इंगेज़मेंट रिंग्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स के बारे में पल्लवी शर्मा बिज़नेस डायरेक्टर प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने कहा कि ग्लोबल ट्रेंड्स के प्रभाव में प्लेटिनम लव बैंड्स इंगेज़मेंट रिंग्स के लिए बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। इसके मुख्य ट्रेंड्स में आधुनिक विंटेज में पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाईंस का मिश्रण है। अपनी अद्वितीय प्रेम कहानी को परवान चढ़ाने का प्लेटिनम, जिसे मैटल ऑफलव कहते हैंए से अच्छा तरीका और क्या हो सकता है। 95 प्रतिशत शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैंड्स प्रेम का प्रतीक हैं। ये बैंड व्यक्तिगत पहचान का सम्मान करने जिम्मेदारियों को मिलकर उठाने और पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़ने के आधुनिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं।

### सेल्सफोर्स इकोनॉमी को 2028 तक 1.8 मिलियन नौकरियां की उम्मीद

**ग्लोबल।** सीआरएम में वैश्विक अग्रणी सेल्सफोर्स एनवाईएसई सीआरएम ने आईडीसी स्टडी से प्राप्त जानकारी की घोषणा की। जो यह दर्शाता है कि सेल्सफोर्स इकोनॉमी का विस्तार हो रहा है और एआई इसकी वृद्धि को तेज कर रहा है। स्टडी का अनुमान है कि सेल्सफोर्स और भारत में इसके ग्राहकों और भागीदारों के इकोसिस्टम से 2022 से 2028 तक 1.8 मिलियन नई नौकरियों और 88.6 बिलियन डॉलर के बिजनेस रेवेन्यू से शुद्ध लाभ उत्पन्न होने की उम्मीद है। आईडीसी सेल्सफोर्स इकोनॉमिक इम्पैक्ट स्टडी आर्थिक विकास को गति देने में एआई.संचालित क्लाउड सॉल्यूशंस की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करता है। भारत में एआई का उपयोग करने वाली कंपनियों में से 79 प्रतिशत एआई संचालित सीआरएम सॉल्यूशन का उपयोग करती हैं और 80प्रतिशत एंटरप्राइज़ एआई सॉफ़्टवेयर प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करती हैं। एआई.संचालित एप्लिकेशन परिचालन कार्यक्षमता और ग्राहक अनुभव लाभ को कई गुना बढ़ा देंगे। भारत में एआई.संचालित क्लाउड समाधानों का उपयोग करने के प्राथमिक चालकों में बेहतर कर्मचारी उत्पादकता 35 प्रतिशत और ग्राहक अनुभव 34 प्रतिशत और उत्पाद उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला, सेवा 29 प्रतिशत की गुणवत्ता में वृद्धि शामिल है। एआईए पार्टनर इकोसिस्टम के लिए ग्राहकों को उनकी एआई.संचालित यात्रा में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराता है। अरुंधति भट्टाचार्यए सीईओ और चेयरपर्सन सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा कि एआइ.फर्स्ट वर्ल्ड में जैसेजैसे व्यवसाय बदलते जा रहे हैं, नौकरियों और रेवेन्यू पर आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है।

### अरुंधति रॉय को निर्भीक लेखन के लिए पेन पिंटर पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**लंदन।** बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधति रॉय को निर्भीक और मुखर लेखन के लिए बृहस्पतिवार को प्रतिष्ठित पेन पिंटर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रॉय 14 साल पहले कश्मीर के बारे में दिए गए अपने बयानों के लिए फिलहाल मुकदमे के खतरे का सामना कर रही है। साल 2009 में इंग्लिश पेन नामक चैरिटी द्वारा स्थापित यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार विजेता नाटककार हेरोल्ड पिंटर की स्मृति में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए दिया जाता है। रॉय (62) ने इस वर्ष की विजेता घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने कहा, मुझे पेन पिंटर पुरस्कार स्वीकार करते हुए बहुत खुशी हो रही है। काश हेरोल्ड पिंटर आज हमारे बीच होते और दुनिया मे हो रहे समझ से परे घटनाक्रमो के बारे मे लिखते। चूंकि वह नही है, इसलिए हममें से कुछ लोगो को उनका स्थान लेने की कोशिश करनी चाहिए। इस साल के निर्णायक मंडल ने पुरस्कार के लिए रॉय के नाम का चयन किया, जिसमे इंग्लिश पेन के अध्यक्ष रूथ बोर्थविक, अभिनेता व कार्यकर्ता खालिद अब्दुल्ला और लेखक व संगीतकार रोजर रॉबिन्सन शामिल है।

# अक्षर-कुलदीप का कमाल, भारत का धमाल

- टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल : इंग्लैंड को 68 रनों से हराया
- रोहित शर्मा के 57 रन, पटेल-कुलदीप के 3-3 विकेट



भाषा। जॉर्जटाउन (गयाना)

**कप्तान** रोहित शर्मा (57 रन) के अर्धशतक, अक्षर पटेल (3 विकेट) व कुलदीप यादव (3 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के दम से भारत ने गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना लिया। जहां उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत के 171 रन का पीछे करने उतरी अंग्रेजी टीम सारे विकेट खोकर 103 रन बना सकी। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा (57 रन) के कम उछाल वाली पिच पर खेली गई अर्धशतकीय पारी से भारत ने गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक बटलर-23 व ब्रुक ने 25 रन बनाए। वहीं विराट कोहली (09) पारी को तेजी देने के प्रयास में फिर जल्दी आउट हो गए, लेकिन रोहित (39 गेंद) को सूर्यकुमार यादव (36 गेंद पर 47 रन) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बारिश के कारण खेल एक घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ। बीच में फिर बारिश ने बाधा डाली तब भारत का स्कोर आठ ओवर में दो विकेट पर 65 रन था। खेल के लिए अतिरिक्त 250 मिनट दिए गए हैं लेकिन कोई रिजर्व डे नहीं है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। कोहली और रोहित बल्लेबाजी के लिए उतरे, तभी स्पष्ट हो गया कि पिच धीमी थी और कम उछाल ने बल्लेबाजों के लिए काम मुश्किल बना दिया। रोहित और कोहली दोनों ने पारी की शुरुआत में रीस टॉप्ले और जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी जोड़ी की गेंदों को मारने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। गेंदबाजों पर दबदबा बनाने की उत्सुकता दिखाने वाले कोहली ने टॉप्ले और आर्चर दोनों के खिलाफ शॉट लगाने के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने आखिरकार टॉप्ले की एक फुल लेंथ गेंद को मिड विकेट पर छक्के के लिए भेजा। पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की शार्ट लेंथ गेंद पर भारत का यह सुपरस्टार दो गेंद बाद आउट हो गया। कोहली ने ऑन साइड पर वही स्ट्रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन बोल्ड हो गए। इससे टूर्नामेंट में उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा।

### स्कोरबोर्ड

**भारत :** रोहित बो रशीद 57, कोहली बो टॉप्ले 09, पंत का बेयरस्टो बो करन 04, सूर्यकुमार का जॉर्डन बो आर्चर 47, पंड्या का करन बो जॉर्डन 23, जडेजा नाबाद 17, दुबे का बटलर बो जॉर्डन 00, अक्षर का सॉल्ट बो जॉर्डन 10, अर्शदीप नाबाद 01, **अतिरिक्त** : 03, **कुल** : 20 ओवर में सात विकेट पर 171 रन, **विकेट पतन** : 1-19, 2-40, 3-113, 4-124, 5-146, 6-146, 7-170, **गेंदबाजी** : टॉप्ले 3-0-25-1, आर्चर 4-0-33-1, करन 2-0-25-1, रशीद 4-0-25-1, जॉर्डन 3-0-37-3, लिविंगस्टन 4-0-24-0

# भारत--दक्षिण अफ्रीका महिला टेस्ट मैच में युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर

भाषा। चेन्नई

**भारत और दक्षिण** अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी। भारत ने इस मैच से पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था और उसकी टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। उमा छेत्री, प्रिया पूनिया, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी और



शबनम शकील को अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारत ने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेला था। उसने इन दोनों मैच में जीत दर्ज की थी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच 2014 में मैसूर में खेला था तथा उसने पारी और 34 रन से जीत दर्ज की थी।

### भारतीय परिस्थितियों में ढलने का अच्छा मौका: हरमनप्रीत

**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को यहां कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला विभिन्न घरेलू परिस्थितियों से अवगत होने का अच्छा मौका है। हरमनप्रीत ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह हमारे लिए विभिन्न घरेलू परिस्थितियों में ढलने का बेहतरीन मौका है। हमें घरेलू परिस्थितियों में खेलने का बहुत अधिक अनुभव नहीं है और ऐसे में इस श्रृंखला से हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे हमें पता लगेगा कि विकेट का व्यवहार कैसा है और विश्व कप में हम किस तरह के संयोजन के साथ उतर सकते हैं। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैच मुंबई में खेले थे और हरमनप्रीत का मानना है कि यहां का विकेट भी मुंबई की तरह ही लगता है।

### लौरा वोल्वार्ड्ट ने महिलाओं के क्रिकेट कैलेंडर में और टेस्ट की मांग की

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी। लौरा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार नही है।

### रोनाल्डो भीड़ से उनके करीब आने के लिए कूदे प्रशंसक से टकराने से बाल-बाल बचे

**डुसेलडोर्फ (जर्मनी)।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो बुधवार को यूरोपीय चैम्पियनशिप में जॉर्जिया के खिलाफ पुर्तगाल के मैच के दौरान भीड़ से उनके करीब आने की कोशिश में कूदे प्रशंसक से टकराने से बाल बाल बच गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि रोनाल्डो जब लॉकर रूम की ओर बढ़ रहे थे तो कोई व्यक्ति वेल्टिन्स एरीना में खिलाड़ियों की टनल के ऊपर से छलांग लगा रहा है। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाईटेड के इस पूर्व स्टार को बचाने के लिए सुरक्षा कर्मचारी और अन्य स्टाफ उस प्रशंसक की ओर भागते हुए दिख रहे थे लेकिन वह नजरों से ओझल हो गया। हैरान रोनाल्डो इस हरकत को देखकर रुक गए लेकिन उन्हें कुछ नुकसान नही हुआ। पुर्तगाल इस मैच मे 0-2 से हार गया।

### वेनेजुएला कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

**इंगलवुड।** वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट मे सालोमोन रोन्डोन ने पेनल्टी किक पर किया। इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है।वेनेजुएला ने अपने पहले मैच मे इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी मे शीर्ष दो टीम मे रहना तय है। वह अपना आखिरी मैच रविवार को जमैका के खिलाफ खेलेगा। जमैका की टीम पहले ही नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो चुकी है।मैक्सिको ने जमैका पर 1-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी। उसके भी इक्वाडोर के बराबर तीन अंक है। इक्वाडोर ने बुधवार को खेले गए एक अन्य मैच मे जमैका को 3-1 से हराया। मैक्सिको अपना अंतिम मैच रविवार को इक्वाडोर से खेलेगा और क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाने के लिए उसे इस मैच मे हर हाल मे जीत दर्ज करनी होगी।

### लंदन में आयोजित की जाएगी वैश्विक शतरंज लीग

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग (ग्लोबल चेस लीग) का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। फिडे के अध्यक्ष अर्काडी ड्वोर्कोविच ने बयान में कहा, इस प्रतियोगिता के पहले सत्र को मिली अपार सफलता के बाद हम शतरंज का दुनिया भर में विस्तार करने और शतरंज प्रेमियों को नया अनुभव दिलाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित है। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

# पहली बार फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

## टी-20 विश्व कप सेमी-फाइनल में अफगानिस्तान को हराया

भाषा। तारोबा



**अपने जांबाज** प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा चोकर्स का ठप्पा हटाते हुए उसे नौ विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना शनिवार को फाइनल में भारत या इंग्लैंड से होगा। इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाए। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11 . 5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8 . 5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन माक्रम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

### स्कोरबोर्ड

**अफगानिस्तान पारी :** गुरबाज का हेंडरिक्स बो जेनसन 0, जदरान बो रबाडा 2,नायब बो जेनसन 9, उमरजई का स्टब्स बो नॉर्किया 10, नबी बो रबाडा 0,खारोटे का डिकॉक बो जेनसन 2, जनत पगबाधा बो शम्सी 8,खान बो नॉर्किया 8, अहमद पगबाधा बो शम्सी 0, हक पगबाधा बो शम्सी 2, फारूकी नाबाद 2,अतिरिक्त : 13 रन, **कुल योग** : 11 . 5 ओवर मे 56 रन, विकेट पतन : 1-4, 2-16, 3-20, 4-20, 5-23, 6-28, 7-50, 8-50, 9-50, **गेंदबाजी** : जेनसन 3-0-16-3, महाराज 1-0-6-0, रबाडा 3-1-14-2, नॉर्किया 3-0-7-2, शम्सी 1.5-0-6-3

**दक्षिण अफ्रीका पारी** :डिकॉक बो फारूकी 5,हेंडरिक्स नाबाद 29,माक्रम नाबाद 23, अतिरिक्त : तीन रन, **कुल योग** : 8.5 ओवर मे एक विकेट पर 60 रन, विकेट पतन : 1 .5, **गेंदबाजी** : हक 3-0-15-0, फारूकी 2-0-11-1, राशिद 1-0-8-0, उमरजई 1.5-0-18-0, नायब 1-0-8-0

### खुश हूं कि इस पिच पर फिर नहीं खेलना है, फाइनल में पहुंचना सुखद : माक्रम

**तारोबा।** दक्षिण अफ्रीका को पहली बार टी20 विश्व कप फाइनल में ले जाने वाले कप्तान एडेन माक्रम इस पिच पर दोबारा नहीं खेलना चाहते लेकिन उन्हें खुशी है कि उनकी टीम ने चुनौतीपूर्ण पिच पर एकतरफा जीत दर्ज की। ब्रायन लारा स्टेडियम की पिच पर मिलने वाली सीम का फायदा उठाकर उनके तेज गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को 56 रन पर आउट करके नौ विकेट से जीत दर्ज की। माक्रम ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , अगर पिच की बात करें तो हमें खुशी है कि इस पर दोबारा नहीं खेलना है। टी20 क्रिकेट में आप मनोरंजन चाहते हैं। उन्होंने कहा , पूरे टूर्नामेंट में पिचें चुनौतीपूर्ण थी। वैसे यह कहना मुश्किल है कि विकेट कठिन थी क्योंकि हमेशा यह बल्लेबाजों का खेल तो नहीं हो सकता।

## क्विक न्यूज

### यह काफी जज्बाती पल है, हम फाइनल में पहुंच गए : स्मिथ , स्टेन की खुशी का ठिकाना नहीं

**जोहानिसबर्ग।** आईसीसी टूर्नामेंटो में अहम मुकाबले हारने की टीस झेल चुके ग्रीम स्मिथ और डेल स्टेन दक्षिण अफ्रीका के टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बाद खुशी से फूले नही समा रहे है।दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को सेमीफाइनल मे नौ विकेट से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया जहां उसका सामना भारत या इंग्लैंड से होगा। पूर्व कप्तान स्मिथ ने एक्स पर मौजूदा कप्तान एडेन माक्रम को टैग करते हुए लिखा , हम फाइनल में पहुंच गए। आपके और टीम के लिए बहुत खुश हूं। बस एक जीत और। अपने समय के शीर्ष तेज गेंदबाज स्टेन ने लिखा , काफी जज्बाजी हो गया हूं। हम फाइनल मे है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।भावविभोर हूं। दक्षिण अफ्रीका सरकार ने टीम को बधाई देते हुए लिखा , दक्षिण अफ्रीका की टीम को पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल मे पहुंचने की बधाई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम की हार से दुखी होने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका को बधाई देते हुए लिखा , हमने ऐसे परिणाम की उम्मीद नही की थी लेकिन अफगानिस्तान टीम को पूरे टूर्नामेंट मे शानदार प्रदर्शन की शाबासी।

### टूर्नामेंट से आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं , यह हमारे लिए आगाज है : राशिद खान

**तारोबा।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के हाथों टी20 विश्व कप के एकतरफा सेमीफाइनल में मिली हार से दुखी है लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी टीम के लिए शुरूआत है और इस टूर्नामेंट से उन्हे किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास मिला है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में अपने न्यूनतम स्कोर 56 रन पर आउट होने के बाद अफगानिस्तान को नौ विकेट से पराजय झेलनी पड़ी। राशिद ने मैच के बाद कहा , एक टीम के रूप मे हमारे लिए यह कठिन था। हमने बेहतर प्रदर्शन किया होता लेकिन हालात ने हमारा साथ नही दिया। टी20 क्रिकेट यही है जिसमे आपको हर परिस्थिति के अनुरूप ढलना होता है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा , हमारे लिए यह शुरूआत भर है। हमारे भीतर किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास आ रहा है। हमे प्रक्रिया पर ध्यान देना है। हमने यहां से बहुत कुछ सीखा है। इस टूर्नामेंट से हम आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं। हमारे पास कौशल है लेकिन यहां हमने कठिन और दबाव भरे हालात में खेलना सीखा।

### क्रिकेट सितारों के हेयर स्टाइल को अपना रहे युवा

**मुंबई।** क्रिकेट और बॉलीवुड दो ऐसे शक्तिशाली स्तंभ हैं जिन्होंने भारतीयों को काफी प्रभावित किया है और लोगों के बीच कई ट्रेंड बनाए हैं। भारतीय दर्शक अपने चहेते क्रिकेट खिलाड़ियों के लेटेस्ट कपड़ों और हेयरस्टाइल्स से बड़ी जल्दी प्रेरित हो जाते हैं। मशहूर क्रिकेटर्स और एक्टर्स के सेलेब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हाकिम ने कुछस्टाइलिश हेयरस्टाइल्स के बारे में अपने विचार साझा किए। विराट कोहली का फेडेड फॉक्स हेयरस्टाइलः अपनी अलग तरह की हेयरस्टाइल के लिए मशहूर विराट कोहली भारतीय युवाओं के बीच सबसे बड़े ट्रेंडसेटर हैं। उनकी ही तरह परफेक्ट फॉक्स हॉक हेयरस्टाइल पाने के लिए आप क्ले वैक्स की मदद ले सकते हैं, जिससे आपको मिलेगा एक शानदार मैट लुक। थोड़ी सी वैक्स लें और दोनों हथेलियों के बीच रगड़ें जब तक यह कलरलेस न हो जाए। इसे अपने बालों में समान रूप से लगाएं और अपनी मनचाही स्टाइल बनाएं। केएल राहुल के साइड क्विफ-क्विफहेयरस्टाइल किसी भी मौके पर फबता है। इस लुक के लिए थोड़ी मात्रा में हेयर जैल लें और उसे अपनी हथेलियों के बीच मलें। अब इस जैल को बालों के पिछले हिस्से से आगे तक लगाएंए फिर धीरे.धीरे अपनी उंगलियों से क्विफ को ऊपर की दिशा में मोड़ते जाएं। ज्यादा मुलायमए बेहतर फिनिश के लिए प्राकृतिक तत्वों से बने जैल का चुनाव करें। एमएस धोनी का विंटेज लुक-अपने चिरपरिचित लंबे बालों के लिए मशहूर, कैप्टन कूल ने एक बार फिर अपने नए विंटेज स्टाइल से ट्रेंड सेट किया है। जिन लोगों के बाल थोड़े भी लंबे है, उन्हें अपने बालों को सेट करने के लिए जैल का इस्तेमाल करना चाहिएए इससे बालों की चमक बढ़ती है और वो लंबे समय तक सेट बने रहते हैं। हेयर जैल कई रूपों में आते हैंए कई जैल बालों को हल्के से पकड़े रहते हैं तो कोई जैल बालों को एकदम टाइट होल्ड करते हैं। इसलिए अपनी मनचाही हेयरस्टाइल और पकड़ के अनुसार चुनाव करें।

### इस तरह की पिच पर कोई भी विश्व कप का सेमीफाइनल नहीं खेलना चाहेगाः ट्रॉट

**तारोबा (त्रिनिदाद)।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नही थी। ट्रॉट ने मैच के बाद संवाददाताओ से कहा, मै खुद को परेशानी मे नही डालना चाहता और मै अंगूर खट्टे है जैसा मामला भी नही बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नही थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा। इंग्लैड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया।

### सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप मे टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान मे कहा , अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनो से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मै भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। उन्होंने कहा , श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिए फख्र की बात रही है।

### सेंटर ऑफ एक्सिलेंस इन स्किलिंग शुरू

**नोएडा।** कैपजेमिनी ने नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में कौशल विकास में अपनी तरह का पहला सेंटर ऑफएक्सिलेंस इन स्किलिंग शुरू करने की घोषणा की है। इस अत्याधुनिक केंद्र में कक्षाएँ, एक कंप्यूटर लैब, एक परामर्श क्षेत्र और सरकारी स्कूली शिक्षकों और छात्रों के लिए कोडिंग, टिंकरिंग और रोबोटिक्स सुविधाओं से सुसज्जित विज्ञान,प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित लैब जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। जो एक अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाती हैं। इस सहयोग का उद्देश्य बेरोजगार और कमज़ोर युवाओं तक पहुँचकर और उन्हें जनरेटिव । रोबोटिक्स, फिनटेक और अन्य जैसी नई तकनीकों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करके भारत में कौशल विकास और डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहित करने में मदद करना है। कैपजेमिनी हर साल 1000 युवा उम्मीदवारों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों में क्यूरेटेड शॉर्टटर्म और लॉन्गटर्म कोर्स ऑफर करेगी, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं और फिनटेक क्षेत्रों में रोजगार की संभावना बढ़ेगी। इसमें 11 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति शामिल हैं, जिसमें सामाजिक और आर्थिक रूप से निचले तबके पर रहने वाले समुदायों के साथ.साथ विशेष जरूरतों वाली महिलाओं और युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसका उद्देश्य डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना है। भारत में कैपजेमिनी के सीईओ अश्विन यार्डी ने कहा कि कैपजेमिनी में हम मानते हैं कि प्रौद्योगिकी में समाज में क्रांति लाने की क्षमता है।

### रहाणे लीसेस्टरशर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप खेलेंगे

**लीसेस्टर।** भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मौजूदा सत्र के दूसरे भाग के लिए इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। वह काउंटी चैम्पियनशिप के अंतिम पांच मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ वन डे कप में भी खेलेंगे। लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैम्पियन है। वह टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। मुल्डर अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के साथ वेस्टइंडीज दौरे पर जा सकते हैं। रहाणे ने सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 265 रन रहा है।

# विश्व कप के लिए हर खिलाड़ी को देना होगा योगदानः कपिल

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि व्यक्तिगत प्रतिभा नहीं बल्कि सामूहिक प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि क्या रोहित शर्मा की टीम वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीतकर अपने एक दशक से अधिक समय से वैश्विक ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर पाएगी या नहीं। भारत गुरुवार रात (भारतीय समयानुसार) को टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। इस मैच को जीतने वाली टीम खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी जिसने पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को करारी शिकस्त दी। कपिल ने यहां पीटीआई-वीडियो को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, हम केवल रोहित



शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या या कुलदीप यादव के बारे में ही क्यों बात करें? हर किसी को भूमिका निभानी है। उनका काम टूर्नामेंट जीतना है। उन्होंने कहा, एक मैच जीतने के लिए किसी एक खिलाड़ी का प्रदर्शन मायने रख सकता है लेकिन एक टूर्नामेंट जीतने के लिए सभी को एकजुटता के साथ काम करना होगा। अगर हम बुमराह या अर्शदीप पर ही निर्भर रहेंगे, तो हमारे लिए जीत दर्ज करना मुश्किल होगा। हमें टीम के बारे में बात करनी चाहिए। यह आपको किसी एक खिलाड़ी के बजाय बेहतर परिप्रेक्ष्य देता है। हो सकता कि कोई मुख्य खिलाड़ी हो लेकिन विश्व कप जीतने के लिए हर किसी को योगदान देना होगा। कपिल ने बताया कि 1983 विश्व कप विजेता टीम में वह प्रदर्शन करने वाले अकेले खिलाड़ी नहीं थे। रोजर बिन्नी, मोहिंदर अमरनाथ, कीर्ति आजाद, यशपाल शर्मा सभी ने मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया था। आप अगर एक खिलाड़ी पर निर्भर रहना शुरू कर देते हैं तो इसका मतलब है कि आप अधिक बार टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे।

### बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाए तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज है। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप मे शानदार प्रदर्शन कर रहे है, उन्होने अब तक 23 ओवर मे 11 विकेट चटकाए है। कपिल ने से कहा, बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज है। ए युवा हमसे कही बेहतर है। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर है। बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए है। वह 89 वनडे मे 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे 85 विकेट झटक चुके है। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हे अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरो मे से एक माना जाता है। उन्होने 253 वनडे विकेट भी लिए है। भारत को 1983 मे पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की।

# गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया



**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया।

# तैराकी में अनन्या का गोल्डन डबल

**लखनऊ।** गोमतीनगर विनय खंड-2 स्थित मॉडर्न अकादमी में स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के तरणताल में आयोजित एसएनआई तैराकी प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गो में प्रतिभागियों ने अपने खेल का जमकर हुनर दिखाया। आज हुई स्पर्धाओं में बालिकाओं में आरवी पाण्डेयए अविशी गुप्ता, तोशिता श्रीवास्तव व बालकों में लोकेश सिंह, दिव्यांश राय, काजी जीशान व अक्षय शर्मा अपने-अपने आयु वर्गो में पहले स्थान पर रहे। वहीं अनन्या श्रीवास्तव ने व्यक्तिगत के साथ रिले में भी स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रजनीश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मनीष शुक्ला सहित अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग खिलाड़ी



गरिमा कपूर ने खिलाड़ियों को पदक वितरित किए। समारोह की अध्यक्षता केंद्र निदेशक डॉ आनंद किशोर पांडेय ने की। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रुपाली पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बालक रिले 100 मी. फ्री मिक्स में अभिषेक त्रिपाठी, राघव अरोरा, वेदांत तिवारी, अक्षय शर्मा की टीम पहले और लोकेश कुमार, शिवांश वर्माए प्रणव सिंह व काजी जीशान की टीम दूसरे स्थान पर रही। 5 से 7 वर्ष बालिका 20 मी फ्री में आरवी पाण्डेय पहलेए गौरिसा वर्मा दूसरे व राघवी लिखी तीसरे स्थान पर रही। 8 से 10 वर्ष बालिका 50 मी फ्री में अविशी गुप्ता पहलेए अमायरा सिंह दूसरे व रायना बिष्ट तीसरे स्थान पर रही। 10 से 12 वर्ष बालिका 50 मीफ्री में तोशिता श्रीवास्तव पहले, जोया तनवीर दूसरे व आराध्या पाण्डेय तीसरे स्थान पर रही।

# जॉर्जिया ने रोनाल्डो के पुर्तगाल को 2-0 से हराया



● यूरो 2024

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2- 0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया। रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढत बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा। पुर्तगाल ग्रुप एफ से पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि जॉर्जिया तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में पहुंचा। अब उसका सामना स्पेन से होगा जबकि पुर्तगाल की टक्कर स्लोवेनिया से होगी।

### स्लोवाकिया-रोमानिया मुकाबला ड्रॉ , अंतिम 16 में पहुंची

**फ्रैंकफर्ट।** रोमानिया ने स्लोवाकिया से 1-1 से ड्रॉ खेला और दोनो टीमो ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण मे जगह बना ली। रोमानिया ग्रुप ई मे बेहतर गोल औसत के आधार पर बेल्जियम से ऊपर शीर्ष पर रहा। स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रही। स्लोवाकिया के लिए 24वे मिनट मे ओंडरेज डुडा ने हेडर पर गोल किया। वही रोमानिया के लिए रजवान मारिन ने 37वें मिनट मे बराबरी का गोल किया। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट मे खेलेगा जहां उसका सामना नीदरलैंड से होगा। बेल्जियम की टक्कर फ्रांस से और इंग्लैड का सामना स्लोवाकिया से होगा।

### गोलरहित ड्रॉ के बाद बेल्जियम अंतिम 16 में

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम 16 मे प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ मे अंतिम 16 के मुकाबले मे फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई मे सभी टीमो के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ, (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।